जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 257

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com
जयपुर, गुरुवार, 7 अगस्त, 2025
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर लगाया 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ

## अब भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगेगा, भारत बोला- ये कार्रवाई अन्यायपूर्ण, राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएंगे

विशेष संवाददाता

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत, अन्यायपूर्ण और गैर जरूरी बताते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही। मंत्रालय ने कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि भारत बाजार के हिसाब से फैसले लेता है। अमेरिका का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा था कि भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा था कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।



### एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में ट्रंप ने कहा

भारत सरकार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी, जैसे यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है।

### ट्रंप से नहीं, मोदी-जिनपिंग से करना चाहूंगा बात : सिल्वा



**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं। लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रंप को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा। गौरतलब है कि अमेरिका ने ब्राजील पर 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जाने पर विचार कर रहा है। लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रंप से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवंबर में होने वाले कॉप-30 क्लाइमेट समिट में ट्रंप को न्योता जरूर भेजेंगे।

### कुछ भारतीय सामानों पर लागू नहीं होगा टैरिफ

अप्रेल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी, वह छूट अब भी जारी रहेगी। इन सामानों में सेमी-कंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं। इसका मतलब है कि भारत से इन सामानों को भेजे जाने पर अब भी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा। हालांकि ट्रंप इसमें संशोधन कर सकते हैं।

## गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे पीएम मोदी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। चीन से पहले वे 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। वहां भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।



## आईपीएल खिलाड़ी यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक से इनकार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आईपीएल चैंपियन आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल को नाबालिग से रेप के मामले में हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। जयपुर में जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने कहा कि पीड़िता नाबालिग है, इसलिए गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई पर रोक नहीं लगा सकते। अदालत ने केस डायरी तलब की है। अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।



## किन्नौर में बाढ़ से 2 श्रद्धालुओं की मौत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार रात से जारी भारी बारिश के कारण किन्नौर जिले में सालाना होने वाली किन्नर कैलाश यात्रा रोक दी गई है। यहां अचानक आई बाढ़ में बहने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। आईटीबीपी ने 413 यात्रियों को बचाया। वहीं उत्तराखंड के पौड़ी जिले में बुधवार को बादल फट गया। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। एक का शव बरामद हो गया, दूसरी का पता नहीं चल पाया। उत्तरकाशी में हुई बादल फटने की घटना में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वीडियो संदेश जारी कर की घोषणा

# राज्य के तीन सरकारी विभागों में विदेशी सामान पर प्रतिबंध

- शिक्षा, पंचायतीराज और संस्कृत शिक्षा विभाग में नहीं होगी विदेशी वस्तुओं की खरीद
- खरीदने वाले से होगी वसूली, जरूरी होने पर मंत्री स्तर पर लेनी होगी अनुमति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी सामान खरीदने के आह्वान को मानते हुए प्रदेश के शिक्षा, संस्कृत शिक्षा और पंचायतीराज विभाग में अब विदेशी वस्तुओं की खरीद पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह घोषणा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को जारी एक वीडियो संदेश में की।

उन्होंने कहा कि अब शिक्षा विभाग, पंचायतीराज और संस्कृत शिक्षा विभाग में सिर्फ भारत में बने सामान की ही खरीद की जाएगी। तीनों विभागों में विदेश में निर्मित सामान की खरीद पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। अगर शिक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी-कर्मचारी विदेशी सामान की खरीद करेगा तो उसके खिलाफ ना सिर्फ सख्त एक्शन लिया जाएगा, बल्कि खरीदे गए सामान का भुगतान भी उसी से वसूला जाएगा।



दिलावर ने कहा कि हम चाहते हैं कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान की परिकल्पना को साकार करें। इसी सोच के साथ हमने शिक्षा, पंचायतीराज और संस्कृत शिक्षा विभाग में यह पहल की है। इससे भारत में निर्मित सामान का उपयोग बढ़ेगा और हमारी अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक असर होगा। दिलावर ने कहा कि अगर कोई ऐसी वस्तु है, जो सिर्फ विदेश में ही निर्मित होती है और हमारे लिए अति आवश्यक है तो उसे मंत्री स्तर पर अनुमति के बाद ही खरीदा जाएगा। दिलावर ने कहा कि काफी दूसरे देश भारत में अपनी वस्तुओं को बेचकर हमसे मुनाफा तो कमाते हैं, लेकिन उस धन का उपयोग पाकिस्तान की मदद के लिए करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी आपने देखा चीन जो भारत में अपना सामान बेच कर मुनाफा कमा रहा है, वह पाकिस्तान की मदद कर रहा था।

### चीनी राखी का करें बहिष्कार

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राखी के पर्व पर भी स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की अपील की। दिलावर ने कहा कि रक्षाबंधन पर महिलाओं और बेटियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हुए स्वदेशी वस्तुओं की खरीद करनी चाहिए। यह पवित्र त्योहार ना सिर्फ आपके घर में खुशियां लाएगा, बल्कि देश के हजारों परिवारों को स्वावलंबी भी बनाएगा। शेविंग ब्लेड से लेकर टूथपेस्ट तक हम विदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में हमें आम जीवन में इस्तेमाल होने वाली सभी वस्तुओं में भी विदेशी वस्तुओं की खरीद पर पूरी तरह से बैन लगा देना चाहिए। आम जनता को भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाकर विदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करना बंद करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में कर्तव्य भवन का किया उद्घाटन

# अब कर्तव्य भवन में विकसित भारत की बनेंगी नीतियां: मोदी

कहा-किराये के भवनों में चल रहे मंत्रालयों के लिए 1500 करोड़ रुपए रेंट चुका रही सरकार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि कर्तव्य भवन में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी। ये सिर्फ इमारत नहीं, करोड़ों लोगों के सपनों को साकार करने की भूमि है। पीएम ने कर्तव्य भवन की जरूरत के बारे में बताया कि 100 सालों से होम मिनिस्ट्री एक ही बिल्डिंग में है। कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में हैं। सालाना 1500 करोड़ रुपए रेंट देना पड़ता है। इससे सरकार का कितना खर्च हो रहा है। वहीं काम की वजह से रोज 8-10 हजार कर्मचारी एक से दूसरे मंत्रालय आते-जाते हैं। इसमें समय खराब होता है। इससे काम पर असर पड़ता है।

गौरतलब है कि कर्तव्य भवन 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट की 10 में से पहली बिल्डिंग है। इसका उद्घाटन सबसे पहले हुआ है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।



### '15 अगस्त से पहले ये ऐतिहासिक अवसर'

पीएम ने कहा कि क्रांति का महीना अगस्त और 15 अगस्त से पहले ये ऐतिहासिक अवसर है। हम एक के बाद एक आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं। दिल्ली में कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, रक्षा भवन, भारत मंडपम, यशो भूमि, नेशनल वॉर ममोरियल, सुभाष चंद्र की प्रतिमा, ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। कर्तव्य पथ भवन ये नाम हमारे लोकतंत्र की हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं।

### 'सरकारी योजनाओं की डिलिवरी को बनाया ट्रांसपेरेंट'

पीएम ने कहा कि भारत में सरकारी योजनाओं की डिलिवरी को ट्रांसपेरेंट बनाया गया है। पहले की सरकारें 10 करोड़ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे भेज रही थीं, जिनका जन्म ही नहीं हुआ था। ये पैसे बिचौलिए खा रहे थे। इसे बंद किया गया, जिससे 4.20 लाख करोड़ रुपए की चोरी रुक गई। अब ये पैसा देश के काम आ रहा है। सिर्फ करप्शन और लीकेज ही नहीं अनावश्यक नियम कानून देशहित में बाधा थे। हमने 1500 से ज्यादा पुराने कानून समाप्त किए। कई कानून अंग्रेजों के जमाने थे, जो रोड़ा बने थे।

### 'जरूरत के अनुसार बनाए नए मंत्रालय'

पीएम ने कहा कि पहले कितने विभागों और मंत्रालयों में जिम्मेदारी की ओवरलेपिंग होती थी, जिससे डिसीजन लटक जाते थे। इसके लिए मंत्रालय मर्ज किए गए और जहां जरूरत थी नए मंत्रालय बनाए गए। सरकार के वर्क कल्चर को अपग्रेड करने के लिए काम किया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी के जरिए कर्मचारियों को ट्रेंड किया जा रहा है।

# दुनिया को विविधता अपनाने वाले धर्म की जरूरत : मोहन भागवत

### नागपुर में धर्म जागरण न्यास के नए कार्यालय का उद्घाटन समारोह

महानगर संवाददाता

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि दुनिया को उस धर्म की जरूरत है, जो विविधताओं को अपनाए, जैसे कि हिंदू धर्म। उन्होंने कहा कि धर्म हमें अपनापन और विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है। यह समाज की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि लोग धर्म के मार्ग से विचलित नहीं हों। उन्होंने कहा कि हम विविध हैं, लेकिन अलग नहीं हैं। अंतिम सत्य यह है कि हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन वास्तव में हम एक ही हैं वे नागपुर में धर्म जागरण न्यास के नए कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।



डॉ. भागवत ने कहा कि हर किसी ने फिल्म 'छावा' देखी है, जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। केवल महान लोग ही नहीं, आम लोगों ने भी धर्म के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि धर्म सत्य है और पुण्य कार्य है, जो समाज में शांति बनाए रखने में सहायक होता है। धर्म के मार्ग पर जिम्मेदारी के साथ चलने से व्यक्ति को संकट के समय साहस और रास्ता खोजने का संकल्प मिलता है।

## राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई

# 55 अधिकारियों पर गिरी गाज, 9 पुलिस निरीक्षक अनिवार्य सेवानिवृत्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू करते हुए बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। सरकार ने राज्य सेवा के 55 अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई, अभियोजन स्वीकृति और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 प्रकरणों का निस्तारण किया है। इसके साथ ही गृह विभाग के 9 पुलिस निरीक्षकों को कार्य असंतोषजनक प्रदर्शन और अक्षमता के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई है। इनकी कार्यप्रणाली, सत्यनिष्ठा एवं विभागीय रिकॉर्ड की गहन समीक्षा के बाद उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा पर यह निर्णय लिया गया।



### 13 अधिकारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि पर रोक

सीएम ने नियम विरुद्ध भू-आवंटन मामले में एक आईएएस के खिलाफ अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम-1969 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई को भी मंजूरी दी है। वहीं 6 अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन चलाने तथा 2 अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 17-ए के तहत विस्तृत जांच की अनुमति दी है। इसके अलावा 13 अधिकारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि पर रोक, 5 सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन पर कार्रवाई तथा 14 से अधिक के विरुद्ध जांच निष्कर्षों को मंजूरी दी है। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण कर पेंशन नियमों के तहत 5 अधिकारियों की पेंशन रोकने का निर्णय किया, इनमें एक अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार प्रकरण में दोष सिद्धि होने से शत प्रतिशत पेंशन रोकने की सख्त शास्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरुद्ध संचालित 9 प्रकरणों में 14 अधिकारियों पर प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन भी किया।

# प्रदेश के 309 निकायों में एक साथ होंगे चुनाव, सरकार तैयार : खर्रा

यूडीएच मंत्री ने किया ऐलान, कहा- निर्वाचन आयोग से दिसंबर में चुनाव करवाने का करेंगे अनुरोध

महानगर संवाददाता

**नागौर।** प्रदेश के 309 निकायों के चुनाव एक साथ होंगे। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निकाय चुनाव के लिए सरकार तैयार है। नगर निकायों का पुनर्सीमांकन करके गजट नोटिफिकेशन जारी कर चुके हैं। वार्डों का पुनर्सीमांकन का नोटिफिकेशन भी एक सप्ताह में जारी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग उम्मीद के अनुसार इस महीने के अंत तक निकायों की मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। इसके बाद निर्वाचन आयोग को अनुरोध करेंगे कि संभव हो तो 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की तर्ज पर दिसंबर में सभी नगर निकायों के चुनाव करवा दें।



मंत्री खर्रा ने बुधवार को नागौर सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछली बार प्रदेश के 312 निकायों में चुनाव हुए थे। इस बार जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम का एकीकरण करके ही चुनाव होंगे।

### 'पिछली सरकार की गलती भजनलाल सरकार ने सुधारी'

मंत्री खर्रा ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार की गलती और बदनीयती को भजनलाल सरकार ने सुधार दिया है। सभी 2 नगर निगमों को एक कर दिया गया है। इसी प्रकार पंचायतीराज के चुनाव भी 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की तर्ज पर करवाने की तैयारी है।

### 'गहलोत सरकार ने नियम विरुद्ध आवंटित की जमीन'

यूडीएच मंत्री ने कहा कि पिछली गहलोत सरकार ने अपने चहेतों को नियम विरुद्ध जमीनों का आवंटन किया था। प्रदेश सरकार ने जनहित में फैसला करते हुए सभी कब्जाधारियों को बेदखल करने का निर्णय किया है। सभी सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण की जांच शुरू करवा दी गई है। जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। नगरीय निकायों की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

### 'गलत भूखंड पट्टों की जांच एजेंसी करेगी'

प्रदेशभर में नियम विरुद्ध जारी हुए भूखंड पट्टों को लेकर मंत्री खर्रा ने कहा कि ऐसे जो मामले एंटी करप्शन ब्यूरो और पुलिस में दर्ज हैं। उनकी जांच तो संबंधित एजेंसी करेगी। इसके अलावा विभाग को भी शिकायत मिलेगी तो ऐसे मामलों में विभागीय जांच भी होगी। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### 'संपत्ति लुटाने के मामले की जांच जारी'

खर्रा ने नागौर नगर परिषद की साधारण सभा की बैठकों को लेकर चल रहे विवाद पर कहा कि नागौर में 20 मई को हुई साधारण सभा की बैठक में निकाय की संपत्ति को लुटाने के प्रस्ताव पारित किए गए। उसकी जांच चल रही है। उस जांच की रिपोर्ट के आधार पर साधारण सभा के प्रस्तावों को खंडित करेंगे। जो भी दोषी होगा, उस पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

## घाना में हेलिकॉप्टर क्रैश, रक्षा और पर्यावरण मंत्री समेत 8 की मौत

विशेष संवादादता

**एक्रॉ।** अफ्रीकी देश घाना में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोमाह और पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुर्तला मोहम्मद शामिल हैं। घाना सरकार ने इस हादसे को 'राष्ट्रीय त्रासदी' करार दिया है। दुर्घटना में घाना के कार्यवाहक उप राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक अल्हाजी मोहम्मद मुनिरु लिमुना, राष्ट्रीय जनतांत्रिक कांग्रेस के उपाध्यक्ष सैमुअल सरपोंग और पूर्व संसदीय उम्मीदवार सैमुअल अबोआग्ये की भी मौत हो गई है। हेलिकॉप्टर में कुल पांच यात्री और तीन क्रू मेंबर थे।

# मुकंदरा और रामगढ़ टाइगर रिजर्व को मिलेगी बाघ-बाघिनों की सौगात

दिसंबर तक मध्यप्रदेश से आएंगे 7 बाघ-बाघिन, तेंदुओं के लिए बनेंगे रेस्क्यू सेंटर

महानगर संवाददाता

**जयपुर/कोटा।** साल के अंत तक कोटा के मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में नई जान फूंकने की तैयारी है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच मध्यप्रदेश से 7 बाघ-बाघिन यहां लाए जाएंगे। नर और मादा बाघों को हेलिकॉप्टर के जरिए शिफ्ट किया जाएगा। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में संसद भवन में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाघों की शिफ्टिंग के लिए तैयारियां लगभग पूरी हैं और प्रे-बेस बढ़ाने के लिए 150 चीतल टाइगर रिजर्व में छोड़े जाएंगे। बैठक में मुकंदरा और रामगढ़ में तेंदुओं के लिए रेस्क्यू सेंटर बनाने का भी फैसला हुआ, जहां 25 से 30 तेंदुओं को तरीके से स्थानांतरित किया जाएगा। यहां बाड़ेबंदी, मेडिकल यूनिट और प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था होगी। बैठक में क्षेत्र की कई सड़क और बांध परियोजनाओं, ईआरसीपी केनाल, इको सेंसेटिव जोन और घड़ियाल सेंचुरी के डीनोटीफिकेशन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।



जेडीए 654 बीघा में ला रहा है स्कीम, 29 करोड़ के विकास कार्य प्रगति पर

# ड्रेनेज सिस्टम डवलप नहीं किया तो फेल हो जाएगी शिवदासपुरा लैंड पूलिंग स्कीम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिवदासपुरा और उसके आसपास के दो अन्य गांवों को मिलाकर जेडीए द्वारा लाई जा रही लैंड पूलिंग स्कीम में अगर जेडीए ने ड्रेनेज सिस्टम डवलप नहीं किया तो यह स्कीम फेल हो जाएगी। इसकी वजह भी साफ है। यहां की मिट्टी ठोस और चिकनाई युक्त है। इसके चलते बारिश के दिनों में यहां खेतों में हमेशा पानी भरा रहता है। ऐसे में यहां ड्रेनेज सिस्टम डवलप किया जाना जरूरी है।

पिछले दिनों जेडीए अधिकारियों ने इस इलाके का सर्वे कर रिपोर्ट भी तैयार की है, लेकिन इस रिपोर्ट में इस बात का हवाला नहीं है। हालांकि स्थानीय लोगों ने जेडीए अधिकारियों का ड्रेनेज सिस्टम को लेकर ध्यानाकर्षण किया था। शिवदासपुरा में 654 बीघा में



जेडीए लैंड पूलिंग स्कीम लेकर आ रहा है। इस स्कीम में जेडीए किसानों को 60 फीसदी विकसित भूमि देगा। बाकी 40 फीसदी हिस्सा जेडीए का होगा। इस योजना के विकास को लेकर जेडीए ने काम शुरू कर दिया है। यहां जेडीए 29 करोड़ रुपए में सड़क सहित अन्य विकास कार्य करवा रहा है।

जानकारी के अनुसार जेडीए यहां 12 से 60 मीटर तक चौड़ी सड़कें बना रहा है। इसके अलावा फुटपाथ, कम्पाउंड वॉल, डिमार्केशन, लॉ हाइट कम्पाउंड वॉल सहित अन्य विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। चंदलाई, बरखेड़ा और शिवदासपुरा गांव की जमीन पर जेडीए यह स्कीम लेकर आया है। यह स्कीम 163.5 हेक्टेयर जमीन पर काटी जा रही है।

### स्कीम में यह होगा खास

खास बात यह है कि योजना में डवलप हर भूखंड से 10 मिनट की पैदल दूरी पर पार्क, स्कूल और डिस्पेंसरी की सुविधा मिलेगी। 18 से 60 मीटर चौड़ी सड़कों का नेटवर्क बनेगा। इसमें लैंड पूलिंग एक्ट के प्रावधानों में खातेदारों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके तहत जेडीए ने प्रभावित किसानों की सूची तैयार कर स्ट्रक्चर के मुआवजे की राशि की गणना भी कर ली है। जेडीए ने प्राप्त सुझावों और आपत्ति का निस्तारण कर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### क्या है लैंड पूलिंग

एक्ट के अनुसार किसी बसावट में सरकारी एजेंसी या निजी विकासकर्ता जितने भी लोगों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी, वह खातेदार की सहमति से की जाएगी। जिन भूखंडों के लिए सहमति नहीं बनेगी, वहां लैंड एक्विजिशन एक्ट के तहत जमीन लेकर उसका मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन सहमति से जमीन सरेंडर करने पर लैंड पुलिंग एक्ट के तहत जमीन क्लब मानी जाएगी।

### इनका कहना है...

लैंड पूलिंग स्कीम के तहत शिवदासपुरा में विकास कार्यों पर 29 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहां सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।

*आनंदी, जेडीसी, जेडीए*

## गांवों में कानून व्यवस्था के लिए पुलिस करेगी ग्राम रक्षक की भर्ती

### वेतन नहीं मिलेगा, पुलिस की सहायता करेंगे



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गांवों में कानून व्यवस्था और सुरक्षा के लिए पुलिस अब ग्राम रक्षक की भर्ती करेगी। ये ग्राम रक्षक स्वयंसेवक के रूप में पुलिस के सहायक की तरह काम करेंगे। इनकी नियुक्ति दो वर्ष के लिए की जाएगी।

पुलिस में पिछले कुछ समय से कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर दिया जा रहा है, जिसके तहत समुदाय की भागीदारी को अहम माना जा रहा है। इसी कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत ग्राम रक्षकों की भर्ती किए करने का निर्णय किया गया है। यह पद पूरी तरह अवैतनिक होगा और चयनित ग्राम रक्षक स्वयंसेवकों को 2 वर्ष की अवधि के लिए पुलिस का सहायक बनकर अपने ही गांव में सेवा देनी होगी। वे अपने गांव में कानून व्यवस्था, सुरक्षा, जागरूकता अभियानों और आपात स्थितियों में पुलिस के साथ मिलकर कार्य करेंगे। ग्राम रक्षक के लिए योग्यता आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी होगा और आयु 40 वर्ष से 55 वर्ष के बीच रखी गई है। आवेदक को उसी गांव का निवासी होना जरूरी है और गांव की पूरी जानकारी उसे होनी चाहिए। ग्राम रक्षक बनने के इच्छुक अभ्यर्थी स्थानीय थाने से आवेदन प्राप्त कर 15 अगस्त तक उसी थाने में जमा करा सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट www.police. rajasthan.gov.in देख सकते हैं।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज अब सरकार के अधीन

### रिम्स की स्थापना के लिए एक्ट में किया संशोधन




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज यानी आरयूएचएस को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज यानी रिम्स में बदलने के लिए राज्य सरकार ने आरयूएचएस एक्ट में संशोधन कर दिया है। इसके तहत अब आरयूएचएस राज्य सरकार के अधीन आ गया है।

एक्ट में संशोधन के बाद राज्य सरकार को यूनिवर्सिटी के अधीन संचालित कॉलेजों के अधिग्रहण करने का अधिकार दिया गया है। साथ ही आरयूएचएस की फैकल्टी भी स्क्रीनिंग के जरिए राजकीय सेवा आ सकेगी। इस पूरी कवायद में राज्य सरकार की तरफ से जिन कॉलेजों का अधिग्रहण किया जाएगा, उसमें प्रशासनिक नियंत्रण के अलावा वहां की भूमि, भवन, प्रयोगशालाओं, उपकरण, पुस्तकों समेत सभी तरह की संपत्तियां राज्य सरकार के अधीन मानी जाएंगी। इस संशोधन के बाद जल्द ही रिम्स विधेयक लाया जाएगा, जिसमें आरयूएचएस को एम्स दिल्ली की तर्ज पर रिम्स का दर्जा दिया जाएगा।

जयपुर स्मार्ट सिटी सीईओ डॉ. निधि पटेल ने ली समीक्षा बैठक

# सड़कों पर कचरा फेंकने वालों पर निगम की तीसरी आंख से निगरानी



### कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ की गई कार्रवाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सीईओ डॉ. निधि पटेल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि स्मार्ट सिटी में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कैमरों से कचरा फेंकने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए, जिससे सड़क पर कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

सीईओ डॉ. पटेल ने कहा कि शहर के प्रमुख बाजारों में देर रात तक खुलने वाली दुकानों से कचरा सड़क पर ही फेंका जा रहा है, जो सुबह तक सड़क पर ही पड़ा रहता है और ओपन डिपो का रूप लेकर शहर की सफाई व्यवस्था को खराब कर रहा है। इसके लिए निगम प्रशासन और स्मार्ट सिटी के अधिकारी मिलकर ठोस प्लानिंग करें और उन दुकानों को चिह्नित कर समझाइश करें, नहीं मानने पर भारी चालान वसूला जाए, जिससे सफाई व्यवस्था बेहतर हो। वहीं समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ डॉ. निधि पटेल ने स्मार्ट सिटी के प्रगतिरत प्रोजेक्ट की समीक्षा की और कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। साथ ही लाल डूंगरी कचरा ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण कार्य, एमआरएफ प्लांट के शुरू होने के लिए शीघ्र पॉल्यूशन एनओसी लेने और लंगड़ियावास में पौधरोपण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी के अधिकारी और नगर निगम हेरिटेज के जोन उपायुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### व्यापारी हूपर में ही डालें कचरा

सीईओ डॉ. निधि पटेल ने कहा कि हेरिटेज निगम की ओर से समयानुकूल सभी बाजारों में हूपर चलाए जा रहे हैं। दुकानदार कचरा हूपर में ही डालें, सड़क पर कचरा नहीं फैलाएं, जिससे सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो। उन्होंने सभी व्यापारियों से भी अपील की वे दुकानों के बाहर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें। निगम के अधिकारी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ डस्टबिन रखने के लिए समझाइश कर रहे हैं। डस्टबिन नहीं रखने पर निगम अधिकारियों को सख्त चालानी कार्रवाई के लिए निर्देशित भी किया है।

## आठ ट्रक सामान जब्त, 5400 रुपए परिवहन शुल्क किया जमा

### हेरिटेज निगम ने सिविल लाइंस जोन में चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



**जयपुर (मसं)।** शहर को अतिक्रमण मुक्त और यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से हेरिटेज निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को हेरिटेज निगम के सिविल लाइंस जोन की ओर से हसनपुरा, चार नंबर डिस्पेंसरी, रोजगारेश्वर महादेव मंदिर और एनबीसी के पास सहित परकोटे के बाजारों में भी अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर आठ ट्रक सामान जब्त किया गया, साथ ही 5400 रुपए परिवहन शुल्क भी जमा किया गया। सिविल लाइंस जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे बनी अवैध अस्थाई दुकानों, ठेले, टीन शेड, बैनर-होर्डिंग और दुकानों के बाहर फैलाए गए सामान को हटाया गया। अस्थाई अतिक्रमण करने वाले लोगों को निगम प्रशासन का सख्त संदेश है कि शहर की सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सड़क पर कचरा फैलाना पड़ा महंगा, निगम ने काटा चालान

स्वच्छता अभियान के तहत हेरिटेज निगम के अधिकारियों द्वारा सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को सिविल लाइन जोन क्षेत्र में ही सड़क पर कचरा फैलाने पर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक ने एक हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया। उपायुक्त स्वास्थ्य ने बताया कि सोडाला निवासी गुलफाम अपनी गाड़ी में से कचरा सड़क पर फेंक रहा था। इस पर वार्ड के स्वास्थ्य निरीक्षक कपिल गोलेछा ने गुलफाम से मौके पर ही कचरा हूपर में डलवाया और एक हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला।

## अवैध कॉलोनियों को जेडीए ने किया ध्वस्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए ने बुधवार को जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 4 बीघा भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त कर दिया।

उप महानिरीक्षक पुलिस जेडीए राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-13 स्थित ग्राम चौमूं रेलवे स्टेशन रोड के पास करीब 4 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, प्लॉटों की चारदीवारी एवं अन्य अवैध निर्माण को हटाया गया।

## नियम विरुद्ध चल रही दुकानों पर कार्रवाई, 300 किलो मीट जब्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रेटर निगम ने बुधवार को शहर में नियम विरुद्ध चल रही मीट की आधा दर्जन से अधिक दुकानों पर कार्रवाई की। निगम ने कार्रवाई के दौरान 300 किलो मीट जब्त किया। डॉ. राकेश कलोरिया ने बताया कि पशु प्रबंधन शाखा की टीम ने सांगानेर एवं जगतपुरा जोन में इंडिया गेट, डिग्गी मालपुरा रोड पर अवैध मीट-मांस की दुकानों पर कार्रवाई कर लगभग 300 किलो अवैध मांस एवं मछली जब्त कर रासायनिक पद्धति से नष्ट किया गया है।

## भाजपा सेवा, संगठन और समर्पण के साथ मनाएगी रक्षाबंधन

### प्रदेशभर में 8 से 10 अगस्त तक होंगे सम्मान, एकता एवं सद्भाव के कार्यक्रम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा 8 से 10 अगस्त तक प्रदेशभर में रक्षाबंधन पर्व को सेवा, संगठन और समर्पण के साथ भव्य रूप से मनाएगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान संयोजक मुकेश दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम जिला, विधानसभा और मंडल स्तर पर होंगे, जिनमें सांसद, विधायक और पदाधिकारी भाग लेंगे।

8 अगस्त को सम्मान व समर्पण दिवस के तहत कार्यकर्ता ट्रैफिक पुलिस, अस्पताल स्टाफ, स्कूलों और अन्य सेवाभावी कर्मियों को राखी बांधकर आभार जताएंगे। वहीं 9 अगस्त को संगठनात्मक एकता व परिवार दिवस होगा, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता अपने परिवार और संगठन के सदस्यों संग रक्षाबंधन मनाएंगे। इसके अलावा 10 अगस्त को सेवा व सामाजिक सद्भाव दिवस के तहत सैनिकों को राखी भेजी जाएगी और कच्ची बस्तियों व जरूरतमंदों के बीच राखी व मिठाई बांटी जाएगी।

# झोटवाड़ा में विकास का मास्टर प्लान तैयार

### 151 सड़कों का निर्माण, 98 करोड़ का नया सीवरेज प्लान, कॉलोनी की सुविधाएं होंगी पहले से बेहतर

- कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दिया एक्शन मोड का संदेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को बड़ा एक्शन प्लान पेश किया। जेडीए और नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने धाबास, कालवाड़, गोविंदपुरा-निवारू रोड समेत विधानसभा क्षेत्र की 151 सड़कों को प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए।

कर्नल राठौड़ ने बताया कि झोटवाड़ा को स्वच्छ और आधुनिक बनाने के लिए 98 करोड़ की लागत से नया सीवरेज प्लान तैयार है, जिसमें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी शामिल होगा। वार्ड 47, 46 नॉर्थ के लिए प्लान पास हो चुका है, जबकि 45, 46 साउथ, 49, 50, 51, 56 के लिए प्रस्ताव



तैयार है और 48, 51, 53 में काम जारी है। उन्होंने हाई टेंशन लाइन की समस्या खत्म करने के लिए इंटर और इंट्रा डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेशन के निर्देश दिए। साथ ही साफ किया कि कॉलोनियों के हैंडओवर के बाद भी सभी सुविधाएं बरकरार रहेंगी और बेहतर की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि तलाई परियोजना की प्रगति और गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षण टीम सक्रिय है। कॉलोनीवासियों से सीधी बातचीत में उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान करवाया। लोगों ने कहा कि पहली बार कोई जनसेवक इस तरह जनता से जुड़कर काम कर रहा है।

## आदिवासी बहनों ने डॉ. पूनियां को बांधी राखियां, दिया आशीर्वाद



**जयपुर (मसं)।** मेवाड़-वागड़ अंचल में रक्षाबंधन पर्व पर आयोजित रक्षा सूत्र कार्यक्रम में भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां को आदिवासी बहनों ने राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता व पूर्व मंत्री सुशील कटारा ने किया। डॉ. पूनियां ने कहा कि बहन का राखी बांधना बड़े से बड़े आशीर्वाद से बढ़कर होता है और मां का स्नेह दुनिया की सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने आदिवासी समाज को प्रकृति और संस्कृति का संरक्षक बताते हुए अमृता देवी के बलिदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी बेटियां शिक्षा और तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रही हैं, जो गर्व की बात है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए डॉ. पूनियां ने वागड़ क्षेत्र में कई प्रवास, पदयात्राएं और संगठनात्मक कार्यक्रम किए, जिससे भाजपा की पकड़ मजबूत हुई। उन्होंने बांसवाड़ा से 'सुकन्या समृद्धि योजना' का शुभारंभ कर 50 हजार से अधिक खाते खुलवाने का अभियान भी चलाया था।

# ग्रेटर निगम मनाएगा स्वच्छता बंधन, पीएम को भेजी जाएंगी राखियां

### स्वच्छता योद्धा दिखा रहीं अपना हुनर, आरआरआर सेंटर पर बना रही हैं राखियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रेटर निगम इस वर्ष रक्षाबंधन को स्वच्छता बंधन के रूप में मनाएगा। इसके तहत आरआरआर (रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल) पर आधारित राखियां बनाई जा रही हैं, यानी पुराने कपड़े और सजावटी स्क्रैप मैटेरियल को काम लिया जा रहा है। इसके साथ ही गोमय राखियां भी बनाई जाएंगी।





स्वच्छता योद्धा भी बढ़-चढ़कर इसमें अपना हुनर दिखा रही हैं और आरआरआर सेंटर पर पुराने कपड़े, सजावटी स्क्रैप मेटेरियल से राखियां बना रही हैं।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने भी स्वच्छता योद्धाओं के साथ राखियां बनाईं। इस दौरान महापौर ने कहा कि ये राखी वृक्ष को बांधी जाएंगी, क्योंकि पेड़ हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि 5 हजार राखियां बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री को स्वच्छता योद्धाओं द्वारा बनाई गई राखियां भेजी जाएंगी। इसके साथ ही सभी स्वच्छता योद्धाओं के साथ रक्षाबंधन मनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शिविर आज से

### जगतपुरा जोन कार्यालय में लगेगा दो दिवसीय अस्थाई शिविर

**जयपुर।** ग्रेटर निगम मुख्यालय पर मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्र आवेदकों के लिए स्थाई शिविर आयोजित किए जा रहे है। शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत जगतपुरा जोन कार्यालय में 7 एवं 8 अगस्त को दो दिवसीय अस्थाई शिविर आयोजित होंगे।

उपायुक्त डे-एनयूएलएम श्यामलाल जांगिड़ ने बताया कि शिविरों में मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों से संबंधित संगठित क्षेत्र के श्रमिक जैसे-भवन और निर्माण श्रमिक, हस्तशिल्प श्रमिक, गिग श्रमिक, घरेलू श्रमिक एवं अल्प आयवर्ग के 18 से 60 वर्ष की आयु के पात्र व्यक्तियों को 80 हजार रुपए तक का ऋण बिना गारंटी के उपलब्ध कराया जाएगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवेदन भरवाए जाएंगे।

## हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां

**जयपुर।** 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' अभियान के अंतर्गत ग्रेटर निगम के समस्त जोनों, वार्डों में 2 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से शहर को स्वच्छ, सुंदर और देशभक्ति से ओत-प्रोत बनाना है।

आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि अभियान के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 7 अगस्त को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर इन्फ्लुएंसर मीटिंग, 8 को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर तिरंगा मेला में स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल एवं इको-फ्रेंडली तिरंगा राखी, 9 को सामुदायिक शौचालयों की सफाई, 10 को जवाहर सर्किल स्थित गेट पर तिरंगा संगीत , 11 को 2-2 वार्ड, प्रत्येक जोन में कचरा पृथक्करण एवं होम कंपोस्टिंग, 12 को बस्तियों में सफाई अभियान, 13 को सद्भावना केंद्रों पर झंडा संहिता अनुसार प्रचार, 14 को स्कूल, कॉलेजों में चित्रकारी, रंगोली प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार वितरण तथा 15 अगस्त को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय एवं प्रत्येक जोन में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के तहत देशभक्ति विषय पर प्रदर्शनियां और जोन स्तर पर सफाई कर्मियों का सम्मान किया जाएगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
Facebook YouTube



## कीर्ति नगर स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विशुद्ध ज्ञान वर्षा योग का आयोजन

# भगवान महावीर की शिक्षाओं का अनुकरण करें : मुनि आदित्य सागर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कीर्ति नगर स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुनि आदित्य सागर महाराज ने कहा कि भगवान महावीर की वाणी को हम जानते हैं-मानते हैं, लेकिन इसका अनुकरण नहीं करते जिस कारण हम दुखी रहते हैं। मुनिश्री ने कहा कि हमें ऐसा जीवन जीना चाहिए जिससे कोई कलंक ना लगे।



उन्होंने कहा कि जो हमारे योग्य नहीं है ऐसे लोगों के साथ उठना बैठना बंद कर देना चाहिए। विश्वास बनाने में पूरी जिंदगी लग जाती है और खोने में एक पल। जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन हमें उसमें घबराना नहीं चाहिए बल्कि उनका संघर्ष करना चाहिए। अपनों से ज्यादा बचकर रहना क्योंकि अपने ही कलंक लगाते हैं।

भगवान राम जब वनवास गए थे तो उनकी जनता विलाप कर रही थी और सीता पर आरोप लगाया तो उसी जनता ने, इसलिए हमें अपनों से सजग रहना चाहिए। हमें मीठी वाणी बोलनी चाहिए, नहीं तो हमारे अपने भी पराए हो जाते हैं। जिसकी भाषा खराब है ऐसे लोगों की संगति नहीं करनी चाहिए संगति अच्छे लोगों की करोगे तो भाषा में सुधार होगा जितना कम बोलोगे उतना अच्छा होगा जब हम घर में कचरा नहीं रखते तो दिमाग में कचरा क्यों रखें। इससे पूर्व भगवान पार्श्वनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं मंगलाचरण किया गया। सायंकाल 6.25 बजे श्रुत समाधान कार्यक्रम हुआ। आरती के बाद समापन हुआ।

### आदित्य सागर महाराज के नीति रहस्य पर प्रवचन आज

मंदिर समिति अध्यक्ष प्रेम चन्द जैन एवं महामंत्री जगदीश जैन ने बताया कि गुरुवार को प्रातः 8.15 बजे धर्म सभा में मुनि आदित्य सागर महाराज के नीति रहस्य पर मंगल प्रवचन होंगे। प्रचार संयोजक आशीष बैद ने बताया कि विशुद्ध ज्ञान वर्षा योग- 2025 के तहत प्रातः 3 बजे से पूर्व रात्रिक स्वाध्याय से मुनि संघ की दिनचर्या शुरु होती है। प्रातः 5 बजे आचार्य भक्ति, प्रातः 6.45 बजे अभिषेक, शांतिधारा, प्रातः 7.15 बजे नीति कक्षा, स्वाध्याय। दोपहर 2.30 बजे तत्वार्थ सूत्र एवं प्राकृत व्याकरण की कक्षा होती है। सायंकाल 4.30 बजे प्रतिक्रमण होता है।

## ग्राम पंचायत स्तर पर 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है अभियान

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े 8.72 लाख नए लाभार्थी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय वित्तीय सेवा विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से नए लाभार्थियों को जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जा रहे तीन माह के अभियान के तहत प्रदेश में 6 अगस्त तक 9763 कैंप आयोजित किए गए। इन कैंप में विभिन्न योजनाओं में 8 लाख 72 हजार 531 से अधिक लोगों को जोड़ा गया है। अभियान के प्रमुख घटकों में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत 1,71,825 खाते खोले जा चुके हैं। प्रदेश में बैंक ऑफ बड़ौदा के संयोजन में इस अभियान में राष्ट्रीकृत व गैर राष्ट्रीकृत बैंक भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना और संबंधित योजनाओं में पात्र नागरिकों को योजना के तहत नामांकित करना है। इस अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के अंतर्गत 143044 बीमा किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 248392 बीमा तथा अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत 30757 लोगो को पेंशन से जोड़ा जा चुका है।

### निष्क्रिय बैंक खातों की करवाई केवाईसी

प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत मौजूदा निष्क्रिय बैंक खातों का पुनः केवाईसी से संबंधित 1,38,248 तथा 1,49,028 अन्य प्रकार के खातों की केवाईसी की गई। वही प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए 63,265 खातों में नॉमिनी नामित किए गए तथा अन्य प्रकार के खातों में 44,995 लोगो को नॉमिनी बनाया गया।

## त्योहार पर फिर चेता खाद्य विभाग

# प्रदेश में 102 फर्मों पर कार्रवाई कर वसूला 1.84 लाख का जुर्माना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** त्योहार आने के साथ ही खाद्य और उपभोक्ता मामलात विभाग फिर सक्रिय हो गया है। विभाग की ओर से रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर चलाए जा रहे कंज्यूमर केयर अभियान में प्रथम दिन बुधवार को 102 फर्मों पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण किए गए। इसके तहत डिब्बा बंद वस्तु नियम के तहत 28 फर्मों पर तथा सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नहीं पाए जाने पर 53 फर्मों पर प्रकरण दर्ज कर टीमों ने 1.84 लाख का जुर्माना वसूल किया।

गौरतलब है कि कंज्यूमर केयर अभियान 8 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित करने तथा उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना है।

किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशि देकर प्राप्त की गई हैं, उन सेवाओं और वस्तुओं की शुद्धता, गुणवत्ता, मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है। इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत की जा सकती है। उपभोक्ता हेल्पलाइन एयरलाइन, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, ड्रग्स एवं मेडिसिन, विद्युत, फूड, पेट्रोलियम, इंश्योरेंस, टेलिकॉम जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयों पर मिली शिकायतों पर कार्रवाई करती है। राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन नं. 18001806030 एवं 14435 एवं वाट्सएप नं. 7230086030 पर शिकायत की जा सकती है।

## श्रद्धालुओं के लिए रैन-बसेरों से लेकर सुरक्षा तक हर पहलू पर फोकस, सीसीटीवी और शौचालयों की रहेगी विशेष व्यवस्था

# गोगामेड़ी मेला 9 से, सुरक्षा व्यवस्था होगी चाक-चौबंद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्रीगोगाजी गोगामेड़ी मेले का शुभारंभ इस वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा के अवसर पर 9 अगस्त को सुबह 9:30 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा। यह ऐतिहासिक मेला एक माह तक चलेगा और 8 सितंबर को विसर्जन के साथ संपन्न होगा। उत्तर भारत के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में शुमार मेले में इस बार 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में जिला प्रशासन और देवस्थान विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए इस बार लगभग 3000 लोगों की क्षमता वाले निशुल्क रैन बसेरों का निर्माण किया गया है। इन रैन बसेरों में बिजली, पंखे, कूलर, पेयजल, बिस्तर और स्वच्छ शौचालयों की समुचित व्यवस्था रहेगी। मेले में हर शाम 7 से रात 10 बजे तक लेजर लाइट और साउंड शो का आयोजन होगा, वहीं 30 और 31 अगस्त को पर्यटन एवं देवस्थान विभाग की ओर से भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से आए कलाकार प्रस्तुति देंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरे मेला क्षेत्र एवं पार्किंग स्थल सहित अन्य स्थानों पर कुल 250 उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मंदिर परिसर में स्थाई बेरिकेडिंग की गई है, वहीं अस्थाई बेरिकेडिंग में भी शौचालय, पेयजल और हवा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धूप और बारिश से बचाव के लिए टावर टेंट लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिग-जैग बेरिकेडिंग से दर्शन व्यवस्था को और सुगम बनाया गया है।



### आरती का समय निर्धारित

मेले के दौरान आरती का समय निर्धारित किया गया है। प्रभात आरती सुबह 4:30 से 5:30, राजभोग आरती सुबह 10:15 बजे, संध्या आरती शाम 6:30 से 7:30 तथा शयन आरती रात 9 बजे होगी।

### कई राज्यों से आते हैं श्रद्धालु

गोगामेड़ी सड़क मार्ग से बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, गुजरात, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों से सीधे जुड़ा है। निकटतम हवाई अड्डा नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (258 किमी) है। नजदीकी रेलवे स्टेशन हनुमानगढ़ और गोगामेड़ी है। विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं की धर्मशालाओं में श्रद्धालु ठहर सकेंगे। इसके अतिरिक्त नोहर रिलीफ सोसाइटी, श्री मार्कंडेय सेवा समिति, गोगाजी सेवा समिति, होटल करणी, बीएम होटल, होटल स्वामी और होटल मोती पैलेस जैसे होटल भी व्यवस्था में जुटे हैं। श्रद्धालु किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। देवस्थान कार्यालय, गोगामेड़ी से 01555-294628, मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय, गोगामेड़ी से 01552-294629, पुलिस चौकी, गोगामेड़ी से 01555-294630 पर संपर्क किया जा सकता है।

# देश के सबसे लंबे कार्यकाल वाले गृहमंत्री शाह को चौधरी ने दी बधाई

**जयपुर (मसं)।** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देश के इतिहास में सबसे लंबे समय (2258 दिन) तक सेवा देने वाले गृह मंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने इसे भारतीय प्रशासनिक इतिहास का ऐतिहासिक क्षण बताया। चौधरी ने कहा कि शाह के नेतृत्व में देश ने आंतरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता, सीमाओं की मजबूती और कानून-व्यवस्था में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, आतंकवाद-नक्सलवाद पर सख्त कार्रवाई, सीमावर्ती सुरक्षा को मजबूत करना उनके दूरदर्शी नेतृत्व की मिसाल है। सरदार पटेल के बाद पहली बार देश को ऐसा गृह मंत्री मिला है, जिसने कठोर फैसलों से भारत का गौरव दुनिया में बढ़ाया है।



# सांसद सीपी जोशी ने केंद्रीय मंत्री मांडविया से की मुलाकात

## ईपीएस-95 पेंशनर्स, ईसीआईसी अस्पताल और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने बुधवार को संसद भवन परिसर में केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई मांडविया से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सांसद जोशी ने ईपीएस-95 पेंशनर्स की समस्याओं, ईसीआईसी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और नेहरू युवा केंद्र की गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने युवाओं के लिए खेल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय स्तर पर बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सांसद जोशी ने कहा कि इन मुद्दों पर केंद्र सरकार के स्तर पर त्वरित कार्यवाही जरूरी है, जिससे पेंशनर्स, श्रमिकों और युवाओं को सीधा लाभ मिल सके। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने सांसद के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पेंशनर्स, श्रमिकों और युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में सुविधाओं में और सुधार किया जाएगा।



## मुख्यमंत्री ने विद्युत उपकेंद्र के लिए भूमि आवंटन को दी मंजूरी

# जैसलमेर के फूसासर में 765 केवी में स्थापित होगा विद्युत उपकेंद्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विद्युत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए प्राथमिकता से निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी दिशा में मुख्यमंत्री ने जैसलमेर जिले की भणियाणा तहसील के फूसासर में 765 केवी के विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दी है। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड द्वारा यह विद्युत उपकेंद्र 80 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही सीएम ने सीएमआर में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। आम जनता को सीएम की जनसुनवाई में सीएम का उनके पास आकर खड़े होकर समस्या सुनना अच्छा लग रहा है। इसका जनता में सही संदेश जा रहा है। इससे पहले सीएम की जनसुनवाई में पहले सीएम के सामने भीड़ खड़ी होती थी और सीएम उनके कागज लेकर संबंधित अधिकारी को दे देते थे, लेकिन अब सीएम की जनसुनवाई में जाने वाला पीड़ित इस नवाचार की प्रशंसा कर रहा है।





# विनोद भूदोली युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की स्वीकृति से युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनव चौधरी ने विनोद भूदोली को युवा राष्ट्रीय लोकदल में राष्ट्रीय सचिव नियुक्त कर दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी दी। भूदोली ने कहा राजस्थान प्रदेश के युवाओं के साथ देश-भर के युवाओं की आवाज को दिल्ली में समय-समय पर बुलंद करते रहेंगे।

# सीके बिरला अस्पताल में डर्मेटोलॉजी विभाग शुरू

## मिलेंगी त्वचा और बालों से जुड़ी अत्याधुनिक सेवाएं

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीके बिरला हॉस्पिटल्स ने मरीजों को एक और बड़ी सौगात देते हुए अपने डर्मेटोलॉजी (त्वचा रोग) विभाग की शुरुआत कर दी है। इस विभाग की शुरुआत के साथ ही अब हॉस्पिटल में त्वचा और बालों से जुड़ी हर तरह की समस्याओं का सम्पूर्ण और आधुनिक इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगा। हॉस्पिटल के वाइस प्रेसिडेंट अनुभव सुखवानी ने कहा कि इस विभाग में ना केवल त्वचा रोगों का इलाज किया जाएगा, बल्कि कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजी, हेयर रिस्टोरेशन और प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी सेवाएं भी समन्वित रूप से दी जाएंगी ताकि मरीजों को बेहतर और दीर्घकालिक समाधान मिल सके। सीके बिरला हॉस्पिटल्स की सीनियर डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. असमा अकलाख ने बताया कि हॉस्पिटल में शुरू हुए इस नए विभाग में विशेषज्ञ डर्मेटोलॉजिस्ट और अनुभवी प्लास्टिक सर्जरी टीम की देखरेख में सेवाएं दी जाएंगी। यहां एक ओर जहां पिंपल्स (एक्ने), स्किन एलर्जी, फंगल इन्फेक्शन, सोरायसिस, एक्जिमा, विटिलिगो (सफेद दाग), हेयर लॉस, नेल डिज़ीज जैसी सामान्य लेकिन जटिल समस्याओं का इलाज होगा, वहीं दूसरी ओर उन्नत तकनीकों के ज़रिए कॉस्मेटिक स्किन केयर और हेयर रिस्टोरेशन की सेवाएं भी दी जाएंगी।



### ये मिलेंगी प्रमुख सेवाएं

सीनियर डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. अदिति जैन ने बताया कि नए डर्मेटोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक लेजर ट्रीटमेंट, केमिकल पील्स, बोटॉक्स और फिलर्स थेरेपी, एक्ने स्कार रिमूवल, पिग्मेंटेशन ट्रीटमेंट, टैटू रिमूवल, अनचाहे बालों को हटाने की तकनीक (लेजर हेयर रिमूवल), एंटी-एजिंग थैरेपी, स्किन टाइटनिंग, रिंकल्स रिडक्शन, डार्क स्पॉट रिमूवल जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही बालों की समस्याओं के लिए पीआरपी हेयर थैरेपी, हेयर ग्रोथ ट्रीटमेंट, और हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी जैसी अत्याधुनिक सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। ये तकनीकें उन लोगों के लिए फायदेमंद हैं जो हेयर थिनिंग, गंजेपन या समय से पहले बाल झड़ने की समस्या से जूझ रहे हैं।

## बॉस्टन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव

# वैश्विक लोकतांत्रिक जुड़ाव में अहम भूमिका निभा रहे हैं राजस्थान के विधायक : जूली



महानगर संवाददाता

**बॉस्टन/जयपुर।** अमेरिका के बॉस्टन शहर में आयोजित नेशनल लेजिस्लेचर्स कॉन्फ्रेंस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स के दूसरे दिन राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सक्रिय रूप से शामिल हुए। जूली ने कहा कि राजस्थान के विधायक वैश्विक मंच पर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने का एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि यहां विभिन्न देशों के जनप्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श से लोकतांत्रिक कार्यप्रणालियों को समझने और नई नीतियों को अपनाने में मदद मिलेगी। जूली ने कहा कि इस अनुभव का लाभ प्रदेश के विकास और जनसेवा के लिए किया जाएगा। सम्मेलन में उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर लोकतांत्रिक विकास के अनुभव साझा किए।

### भोलेनाथ की बर्फानी झांकी सजाई

**जयपुर(मसं)।** चांदपोल बाजार स्थित श्री नृमबकलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की बर्फानी झांकी का आयोजन किया गया। नृमबकलेश्वर महादेव सेवा समिति ओर से आयोजित कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ की बर्फानी झांकी सजाई गई। जिसमें 51 फुट की बर्फ की गुफा बनाई गई। अमरनाथ बर्फानी बाबा की तरह ही श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भक्तो ने बाबा अमरनाथ के दर्शन किए।



# बाड़मेर रिफाइनरी 90 फीसदी पूरी, 35 हजार को मिलेगा रोजगार : राठौड़

राजस्थान को ऊर्जा मानचित्र पर अग्रणी बनाएगी परियोजना, 2026 तक होगा वाणिज्यिक संचालन

**जयपुर (मसं)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल पर बुधवार को पेट्रोलियम राज्यमंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा में बताया कि पचपदरा (बाड़मेर) में निर्माणाधीन राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड का काम 15 जुलाई 2025 तक 90.3 फीसदी पूरा हो चुका है। 52,877 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हो चुका है और इससे 35,000 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। रिफाइनरी में क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट, वैक्यूम डिस्टिलेशन यूनिट, फ्यूल और डीजल हाइड्रोट्रीटिंग यूनिट जैसे अत्याधुनिक संयंत्र तैयार हैं। परियोजना के लिए पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव आकलन के बाद ही मंजूरी दी गई है और सभी मानकों का पालन किया जा रहा है। मदन राठौड़ ने बताया कि यह रिफाइनरी 31 मार्च 2026 तक वाणिज्यिक संचालन शुरू कर देगी। इससे देश की पेट्रोलियम आयात निर्भरता घटेगी, घरेलू आपूर्ति बढ़ेगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में रोजगार, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे का बड़ा विस्तार हुआ है।



# रक्षाबंधन पर तीर्थों की रक्षा करने का संकल्प लेगा जैन समाज

## जैन मंदिरों में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जैन समाज श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला रक्षाबंधन पर्व श्रमण संस्कृति के अनुसार भक्तिभाव से मनाएगा। यह पर्व केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक न होकर धर्म, साधना और एक दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। इस दिन जैन समाज तीर्थों की रक्षा का संकल्प लेगा। उपसर्ग विजेता मुनियों की आराधना की जाएगी। साथ ही तीर्थंकर श्रेयांसनाथ के निर्वाण दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जैन मंदिरों में विधान पूजन, सात सौ मुनियों की पूजा और अर्घ्य समर्पण किया जाएगा। साधु-संतों की रक्षा और एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव से रक्षा सूत्र बांधे जाएंगे।



### मनाएंगे तीर्थकर श्रेयांसनाथ का निर्वाणोत्सव

इस दिन जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्री श्रेयांसनाथ भगवान का निर्वाण दिवस भी भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में निर्वाण लाडू समर्पित किए जाएंगे। पदम जैन बिलाला ने बताया कि जयपुर में थड़ी मार्केट, कीर्ति नगर, वरुण पथ, दुर्गापुरा, चित्रकूट, झोटवाड़ा, बीलवा, पदमपुरा सहित अनेक क्षेत्रों में साधु-संतों के सान्निध्य में विधान पूजन, मुनि विष्णु कुमार पूजा, 700 मुनियों को अर्घ्य समर्पण और रक्षा सूत्र बांधने के कार्यक्रम होंगे। पार्श्वनाथ मंदिर सोनियांन, जनकपुरी, चूलगिरी, जग्गा की बावड़ी, सांवला जी आमेर सहित कई मंदिरों में भक्ति संध्या एवं विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### यह है धार्मिक कथानक

जैन ग्रंथों के अनुसार उज्जयिनी के राजा श्रीधर्म के मंत्री बलि, बृहस्पति, नमुचि और प्रह्लाद ने मुनिराज श्रुतसागर पर शास्त्रार्थ में पराजय के बाद प्रहार का प्रयास किया, जिससे उन्हें देश निकाला दिया गया। ये मंत्री हस्तिनापुर के राजा पद्म की शरण में पहुंचे। कुछ समय बाद आचार्य अकंपनाचार्य 700 मुनियों के साथ हस्तिनापुर पहुंचे तो मंत्री बलि ने राज्य मांग कर मुनियों पर उपसर्ग किया। मुनियों की आराधना में विघ्न डालने के लिए चारों ओर आग, धुआं और चर्म की दुर्गंध फैलाई गई, जिससे 700 मुनिराजों को अत्यंत कष्ट हुआ, लेकिन उन्होंने धैर्य और समता के साथ उपसर्ग सहन किया और अन्न-जल का त्याग कर दिया। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा रक्षा बंधन के दिन मुनि विष्णु कुमार ने वामन वेष धारण कर बलि से तीन पग भूमि भिक्षा में मांगी और विक्रिया ऋद्धि द्वारा एक पग सुमेरु, दूसरा मानुषोत्तर पर्वत पर रखा। तीसरा पग आकाश में रखने को तैयार देखकर बलि ने क्षमायाचना की। इस प्रकार मुनियों को उपसर्ग से मुक्ति मिली। इसी दिन को उपसर्ग विजेता मुनियों की रक्षा का दिवस मानकर जैन समाज वात्सल्य पर्व के रूप में मनाता है।

# जन्मदिन पर पौधा लगाकर मां की तरह देखभाल करने का आह्वान

## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिला प्रभारी मंत्री ने करड़ व नीमकाथाना में किया पौधारोपण

महानगर संवाददाता



**सीकर।** उगम संस्थान राजस्थान की ओर से जिले के दांतारामगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के करड गांव में आयोजित हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत 1111 पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर वन व पर्यावरण मंत्री और सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सघन पौधरोपण किया जा रहा है। पिछले वर्ष 3 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 8 करोड़ 11 लाख पौधों का रोपण हो चुका है।

प्रभारी मंत्री शर्मा ने सभी से अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने और मां की तरह 3 वर्ष तक उनकी देखभाल करने का आह्वान किया, ताकि भावी पीढ़ियों को प्राकृतिक संरक्षण की सौगात मिल सके। उन्होंने जल संरक्षण व पौधारोपण करने की उपस्थितजनों को संकल्प दिलवाया। उन्होंने ग्राम पंचायत परिसर व प्राथमिक चिकित्सालय में भी पौधे लगाए और ग्रामीणों को जल संरक्षण व अधिकाधिक पौधरोपण करने की शपथ दिलवाई। प्रभारी मंत्री शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाह मोहन लाल सोनी के परिजनों का सम्मान किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उगम संस्थान राजस्थान की सदस्य निकिता शेखावत ने बताया कि हरियालों राजस्थान के तहत संस्थान की ओर से 21 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत आज 1111 पौधे लगाकर शुरुआत की गई है। प्रभारी मंत्री शर्मा ने इस पहल के लिए निकिता शेखावत व उगम संस्थान की सम्पूर्ण टीम को धन्यवाद दिया।

इसके बाद प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने नीमकाथाना दौरे के दौरान सिरोही नदी के पास नर्सरी में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में शिरकत की।

प्रभारी मंत्री संजय शर्मा व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से पूरे देश में बहुत बड़ी जागृति आई। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक पौधरोपण करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, विष्णु चेतानी, माइनिंग एंड क्रेशर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुंदरमल सैनी, पूर्व विधायक नीमकाथाना फूलचंद गुर्जर, प्रधान सुवालाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# झूला महोत्सव व मोहर्रम पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

महानगर संवाददाता




**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित थाना रामगढ़ पचवारा में थानाधिकारी मदन लाल मीणा की अध्यक्षता व तहसीलदार मदनलाल मीणा की मौजूदगी में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पचवारा झूला महोत्सव, रक्षाबंधन व मोहर्रम पर्व को लेकर दोनों समुदाय के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। थानाधिकारी मदन लाल मीणा ने कहा कि रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व शुरू होने वाले पचवारा झूला महोत्सव को भाईचारे के साथ मनाएं। थाना अधिकारी ने 13 व 14 अगस्त का हवाला देते हुए कहा कि जगनेर तुर्कान मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मोहर्रम निकाले जाएंगे। वहीं रामगढ़ पचवारा में भी 17 व 18 अगस्त को मोहर्रम निकाला जाएगा। तहसीलदार व थाना अधिकारी ने दोनों समुदायों से आने वाले त्यौहारों के मध्यनजर सोहार्द व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार मदन लाल मीणा ने कहा कि भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। बैठक के दौरान शराब बिक्री पर पाबंदी लगाने की भी मांग की गई। दोनों समुदायों के लोगों ने पुलिस प्रशासन से रक्षाबंधन, झूला महोत्सव व मोहर्रम के त्यौहार को लेकर शराब बिक्री पर पूर्णतया पाबंदी लगाने की मांग की। बैठक के दौरान पार्षद रामजीलाल मीणा, समाजसेवी भरतलाल मीणा, दिनेश पंडित, शंकर लाल मीणा, राजेंद्र सैनी, कजोड़ मल मीणा, आबिद खां, विनोद मीणा, जाकिर हुसैन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# स्काउट्स-गाइड्स का बिगनर्स ट्रेनिंग कैम्प आज

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य ब्लॉक रामगढ़ पचवारा की ओर से एक दिवसीय बिगनर्स ट्रेनिंग कैम्प आयोजन गुरुवार को आदित्य कॉलेज रामगढ़ पचवारा में किया जा रहा है, जिसमें ब्लॉक की सभी राजकीय व निजी विद्यालयों से स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन को ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे विद्यालयों में स्काउट-गाइड को धरातलीय स्तर पर गतिविधि करवा सके। सचिव नवीन शर्मा सुकार व कोषाध्यक्ष सतीश सैन ने बताया कि ट्रेनिंग कैंप मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमिश्नर रामावतार मीना की अध्यक्षता में आयोजित होगा। कैम्प में जिला ऑर्गेनाइजर सोनू शर्मा, जिला सचिव कमलेश पटेल, जिला सहायक आयुक्त राजेंद्र प्रसाद सैनी आदि उपस्थित रहेंगे।

# जलवायु परिवर्तन पर पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन




महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** एसबीएन पीजी कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करना है। कॉलेज प्रांगण में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एसके जाट, एनएसएस प्रभारी बृजमोहन देवंदा सहित समस्त कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एसके जाट ने कहा कि पौधरोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण की दिशा में ठोस कदम है। हमें इसे निरंतर अपनाना चाहिए। आज के पौधरोपण कार्यक्रम ने न केवल कॉलेज परिसर को हरित किया, बल्कि छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम व उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित की।

# विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पौधरोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** डूंडलोद के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैनीपुरा में एक पेड़ मां के नाम अभियान का सफल आयोजन। इस दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इसके बाद सभी ने पौधों की सार-संभाल व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने बताया कि अभियान के अंतर्गत हर नागरिक को अपनी धरती मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य मुकुलिका शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान व समर्पण को दर्शाता है और पर्यावरण को बढ़ावा देता है। उप प्रधानाचार्य अनिता सैनी ने पौधरोपण का महत्व बतायाब। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र महेश कुमार भादूपोता डूंडलोद, सचिन सैनी, गणेशाराम सैनी, रंजना देवी, संपत्ति देवी, महेश कुमार कालेर, निर्मल कुमार, अभिषेक, दिव्य प्रकाश सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 77 मरीजों की जांच

महानगर संवाददाता




**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज मेहंदीपुर बालाजी की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 71वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के गिरिराज कयाल से के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित शिविर में 77 मरीजों के आंखों की जांच की गई और इनमें से चयनित 34 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयन कर शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया, जहां चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कर खानपान व रहने की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी और चश्मे भी निशुल्क दिए जाएंगे। इस मौके पर शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉक्टर जैसन देवसिया, अजीत सिंह तंवर, ऑप्टम राजेन्द्र सिंह, रामेश्वरी, जसप्रीत कौर, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ. माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया आदि ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में पिछले शिविर के ऑपरेशन हो चुके 36 मरीजों को निशुल्क नजर के चश्में दिए गए।

# शब्दाक्षर संस्था के तीन दिवसीय साहित्योत्सव की तैयारियां शुरू

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** शब्दाक्षर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ की अध्यक्षता में कस्बे के जांगिड़ अस्पताल परिसर में आगामी तीन दिवसीय साहित्योत्सव-2025 की कार्यकारिणी के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जांगिड़ ने बताया कि शब्दाक्षर राजस्थान ईकाई की ओर से 5, 6 व 7 सितंबर को साहित्योत्सव-2025 का आयोजन बंधे का बालाजी में किया जाएगा, जिसमें देशभर के सैकड़ों कवि भाग लेंगे। शब्दाक्षर संस्था देश के 25 राज्यों में संचालित है।

देश के 163 जिलों में जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, वाट्सएप के 108 ग्रुप, फेसबुक पर 46 ग्रुप व 17 फेसबुक पेज के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से संपूर्ण विश्व तक साहित्य प्रसारित होता है। काव्य की विभिन्न विधाओं की कार्यशाला का प्रबुद्ध प्रशिक्षकों द्वारा नियमित संचालन किया जाता है। संस्था का चौथा साहित्योत्सव झुंझुनूं में आयोजित होने वाला है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश जांगिड़, जिला अध्यक्ष रमाकांत सोनी, जिला संगठन मंत्री मुरली मनोहर चोबदार, जिला मीडिया प्रभारी पंकज शाह, प्रदेश सलाहकार डॉ. अनिल शर्मा, जिला अर्थ मंत्री अनिल कुमार बिरोलिया आदि उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा के लिए कमेटी का गठन

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रैला के आदेश पर रामगढ़ पचवारा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीफूल मीना ने हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा व विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के सफल आयोजन के लिए मंडल कमेटी का गठन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि कमेटी में संयोजक भगवान सहाय मीना, सह संयोजक राममनोहर शर्मा, राधेश्याम मीना व प्रभारी हनुमान प्रसाद शर्मा को मनोनीत किया गया।

# मांगों को लेकर मंत्रालय कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



महानगर संवाददाता

**बस्सी।** पंचायती राज मंत्रालय कर्मचारी संगठन राजस्थान के आह्वान पर बस्सी ब्लॉक बस्सी की ओर से उपखंड अधिकारी डॉ. गरिमा शर्मा को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कनिष्ठ लिपिक सीधी भर्ती के दस्तावेजों की तीन बार जांच होने के बाद भी चौथी बार जांच के आदेश वापस लेने, कैडर पदोन्नति के पर्याप्त अवसर निर्धारित करने, मंत्रालय कर्मचारियों के कैडर का पुनर्गठन करने, स्वतंत्र कार्य विभाजन करने आदि प्रमुख मांगें की गई।

वहीं उपखंड अधिकारी को मंत्रालय कर्मचारियों की आगामी सांगठनिक गतिविधियां की सूचना दी गई। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष शिवदत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष रामजी लाल सैनी, दुर्गेंद्र सिंह, तनु वर्मा, मनोज शर्मा, ओम प्रकाश लोदीवाल, उषा सेन, जयसिंह बसवाल, कैलाश चंद मीणा आदि मौजूद थे।

# पौधरोपण कर ली संरक्षण की जिम्मेदारी



**करौली (मसं)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल सवाई माधोपुर की प्रेरणा से मैसर्स धरती रत्नम इंडस्ट्रीज ने गांव मांच करौली में पौधारोपण अभियान का प्रारंभ किया गया। धरती रत्नम इंडस्ट्रीज के पार्टनर्स सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक महेंद्र सिंह चौधरी तथा मुकेश गुप्ता ने एक-एक आम का पेड़ लगाकर अभियान की शुरुआत की। औद्योगिक इकाई के सभी कर्मचारियों और श्रमिकों ने आम, कटहल, जामुन, नीम और अन्य उपयोगी पौधों का रोपण कर उनको पानी पिलाने और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी ली। सघन पौधरोपण अभियान के दौरान 1000 से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# महिला वकीलों व न्यायिक कर्मियों ने मनाया लहरिया महोत्सव



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** जिला न्यायालय परिसर दौसा में बुधवार को महिला अधिवक्ताओं व न्यायिक कर्मचारियों ने लहरिया महोत्सव मनाया। इस दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने वाली अधिवक्ता सीमा भारद्वाज, सुनीता मीणा, अंजली कानखेड़िया का सम्मान किया गया। इसके बाद महिलाओं ने तीज व सावन के पारंपरिक गीतों पर मनहोहक प्रस्तुतियां दी। वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा भारद्वाज ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक त्यौहारो को जीवंत बनाए रखना और महिलाओं को एकजुट कर सशक्त बनाना है। इस महोत्सव ने न केवल सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा दिया, बल्कि महिलाओं को हुनर प्रदर्शित करने का अवसर भी दिया। महोत्सव में प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमे बेस्ट ड्रेस में मालती शर्मा, रैम्प वॉक में कविता, डांस में रेणुका, शायरी में गीतेश शर्मा, संगीत में हेम कुमारी विजेता रही, जिन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान एडवोकेट ऊषा महावर, नीलम शर्मा, प्रीति गुप्ता, शोभा सोनी, अंजली कानखेड़िया, आशा शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ज्योति ने हांगकांग इंटरनेशनल कुश्ती में जीता गोल्ड मेडल

महानगर संवाददाता



**नीमकाथाना।** जाट समाज और नीमकाथाना क्षेत्र की ढाणी गुमानसिंह की होनहार बेटी ज्योति नटवाड़िया ने पांचवीं हांगकांग अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 53 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश, समाज व अपने गांव का नाम रोशन किया है। ज्योति की यह उपलब्धि इसलिए उल्लेखनीय बनती है, क्योंकि मुकाबले से पहले ही उनके घुटने में गंभीर चोट थी। इसके बावजूद उन्होंने साहस व आत्मबल के साथ अखाड़े में उतरते हुए दमदार प्रदर्शन किया और गोल्ड मेडल भारत की झोली में डाला। इतना ही नहीं ज्योति के पिता सुरेश पहलवान बीते तीन महीनों से एक दुर्घटना में हाथ फ्रेक्चर होने के कारण बिस्तर पर आरामरत हैं। ऐसे समय में जब परिवार मानसिक व आर्थिक दोनों रूप से संघर्ष कर रहा हो तो बेटी ने हिम्मत नहीं हारी और अपने बुलंद हौसलों से पूरे देश को गर्वित किया।

बड़े भाई राकेश ने बताया कि जब घर में चुनौतियां हो और बेटी मैदान में उतरकर देश के लिए गोल्ड जीत लाए तो वो सिर्फ पदक नहीं, बल्कि पूरे परिवार की उम्मीद व संघर्ष की जीत होती है। हमें अपनी बहन पर गर्व है। बेटी ज्योति को परिवार, समाज व गांव की ओर से ढेरों बधाइयां व शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

# पूर्व सांसद सुमेधानंद ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

महानगर संवाददाता

**सीकर।** दिल्ली प्रवास के दौरान सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने लोकसभा सत्र के दौरान संसद भवन में केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडवीया से मुलाकात कर सीकर लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास के संबंध में चर्चा की और विभिन्न मांगों को पूर्ण करने के लिए आग्रह किया। इस सभी मांगो को पूर्ण करने की दिशा में मंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके लिए पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने मंत्री का आभार प्रकट किया। नई दिल्ली प्रवास के दौरान पूर्व सांसद ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय उपभोक्ता मामले व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी आदि से मिलकर सीकर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



# 'पुण्यशाली जीव ही कर पाता है आहारदान व धार्मिक कार्य'

महानगर संवाददाता



**फागी।** कस्बे में विराजमान आर्यिका सुरम्यमति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में चल रही चातुर्मास प्रवाहना में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि बुधवार प्रातः पार्श्वनाथ चैताल्य में अभिषेक, शांतिधारा व अष्ट द्रव्यों से पूजा-अर्चना के बाद विभिन्न पूर्वाचार्यों के अर्ध्य चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद नियमित प्रवचन श्रृंखला में आर्यिका ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो जिनवाणी सुनने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं, उनको ही संत समागम मिलता है। जो पुण्यशाली जीव होता है, वही आहारदान व धार्मिक कार्य कर पाता है।

माताजी ने बताया कि स्वार्थ की जगह तो हम बिना सम्मान के भी चले जाते हैं, लेकिन जहां हमारा आत्म कल्याण होता है, वहां के लिए समय नहीं दे पाते हैं। हमारे स्वयं के किए गए कर्मों से ही जीवन में परिस्थितियां घटित होती है। कार्यक्रम में शाम को कलवाड़ा परिवार ने भक्तामर पाठ व दीप अर्चना में सहभागिता निभाकर लाभ प्राप्त किया। ललित मांदी व विनोद मोदी ने बताया कि हरकचंद, धर्मचंद, नीरज झंडा वाले परिवार के आवास पर आर्यिका सुरम्यमति माताजी की निअन्तराय आहार चर्या हुई। मंदिर समिति के पारस मोदी ने बताया कि कार्यक्रम में कैलाश कलवाड़ा, मोहनलाल झंडा, सोहनलाल झंडा, शिखर मोदी, सुकुमार झंडा, महावीर कठमाना, प्रेमचंद कठमाना, अशोक नल सहित अनेक श्रावक व श्राविकाएं मौजूद थे।

# कल्याण धणी की 23वीं पैदल परिक्रमा 11 को

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** श्री कल्याण धणी पदयात्रा संघ सोनड के तत्वावधान में उपखंड मुख्यालय के ग्राम सोनड से कल्याण धणी महाराज की 23वीं पैदल परिक्रमा गाजे-बाजे के साथ 11 अगस्त को रवाना होगी। कल्याण पदयात्रा संघ अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता, सचिव गौरी शंकर शर्मा, संयोजक लालचंद, डीलर जगदीश गुप्ता, हरिनारायण योगी, प्रदीप सिंह, शंभू जांगिड़, राजेंद्र शर्मा ने बताया कि ग्राम सोनड से कल्याणजी महाराज डिग्गीपुरी की 23वीं पैदल परिक्रमा 11 अगस्त प्रातः 8.15 बजे सीताराम मंदिर से रवाना होगी।

# सोम प्रदोष पर भोलेनाथ को सवा लाख बिल्व पत्र अर्पित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्रावण शुक्ल प्रदोष व्रत पर बुधवार को दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर में सावन सेवा समिति के तत्वावधान में स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव मंदिर में सवा लाख बिल्व पत्र अर्पण और भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक चन्द्र प्रकाश भाड़ेवाला ने बताया कि सुबह भोले बाबा की पूजा-अर्चना और अभिषेक के बाद दोपहर को सवा लाख बिल्व पत्र अर्पण शुरू हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय मंत्र का जप करते हुए अपनी श्रद्धानुसार बिल्व पत्र अर्पित किए। शाम को भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। ख्यातनाम कलाकारों ने भोले बाबा के दरबार में भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों के संत-महंत मौजूद रहे।



# वैष्णव समाज ने किया डीसीपी करण शर्मा का अभिनंदन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आईपीएस करण शर्मा को पुलिस उपायुक्त उत्तर जयपुर के पद पर पदस्थापित किए जाने पर वैष्णव समाज के पदाधिकारियों ने डीसीपी कार्यालय जलेबी चौक में अभिनंदन किया। अखिल भारतीय वैष्णव विकास ट्रस्ट मुंबई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश वैष्णव (मूर्तिवाले) जयपुर, राजस्थान प्रांतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष महेश चंद त्यागी, योगेश वैष्णव, पुरानी बस्ती एवं विमल कुमार स्वामी जुनसिया ने प्रतीक चिन्ह, दुपट्टा एवं माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आईपीएस करण शर्मा ने मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा से यह मुकाम हासिल किया है।



# सरकारी स्कूल में बांटी शैक्षिक सामग्री, किया पौधरोपण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जैन एकता मंच परिवार ने बुधवार को मानसरोवर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, वरुण पथ में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

मंच के सदस्यों ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री, जैसे कॉपिया और अन्य स्टेशनरी वितरित की। इसके साथ ही बच्चों और शिक्षकों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताते हुए स्कूल परिसर में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। इस नेक पहल में मंच के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें कुलदीप छाबड़ा, राकेश छाबड़ा, सुदर्शन पाटनी, नरेश शाह, समाजसेवी सुनील जैन गंगवाल, शैलेंद्र छाबड़ा, अनुज गंगवाल, हर्षित गोधा, मोनू, प्रेम लुहाड़िया, राकेश अजमेरा, हर्षित जैन, रवि जैन, अमित अजमेरा, शशांक जैन, पराग रारा, संदीप, अनीता गंगवाल, कविता, रूबी, कीर्ति, अंकिता और अंजना शामिल थे। इन सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बाबा भोलेनाथ का किया बर्फानी श्रृंगार



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिव शक्ति सेवा ग्रुप की ओर से गुरुनानक कॉलोनी के गुरुवेश्वर नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का बाबा अमरनाथ बर्फानी के रूप में झांकी सजाई गई। मंदिर को फूलों और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने झांकी के दर्शन किए। संस्था की ओर से अतिथियों और समाजसेवियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुमार सोनी ने बताया इस मौके पर समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी, अर्जुन दास करमचंदानी, नेमी गुर्जर, पार्षद मानक शर्मा, राजेश टहलानी, गुरुमुख दास पमवानी, समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, राज कलवानी, शीतल वरजानी, राज सतवानी, रमेश हरपलानी, गणेश राजपाल, दीवान रावतानी,नंदलाल थदानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संदीप चौधरी बने राष्ट्रीय वीर जाट सेना के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय वीर जाट सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चौधरी ने इंजीनियर संदीप चौधरी को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। संदीप चौधरी लम्बे समय से समाजसेवा, युवाओं के उत्थान एवं सामाजिक एकता के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा नेता अरविंद स्वामी, सबीर खोखर, अनीश पठान, कमलेश चौधरी, सुरेश चौधरी, राम किशोर चौधरी, अरविंद भूखर (फौजी), रामनिवास जाखड़, रूपा राम चौधरी ने संदीप चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त, संगठित एवं जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध बनेगा।



# शिक्षा के साथ संस्कारों की सीख दे रहा है गायत्री परिवार : दिलावर

## गायत्री परिवार के मां भगवती विद्यालय के नव प्रवेशित छात्रों का प्रवेशोत्सव संपन्न

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** किरण पथ, मानसरोवर स्थित श्री गायत्री वेदना निवारण केंद्र परिसर में बुधवार को मां भगवती उच्च प्राथमिक विद्यालय का प्रवेशोत्सव-2025 मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर थे। उन्होंने मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर दिलावर ने कहा कि गायत्री परिवार के इस विद्यालय ने बहुत कम समय में अच्छी तरक्की की है। यह विद्यालय शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार भी प्रदान कर रहा है। यह बहुत खुशी की बात है कि विद्यालय का शुभारंभ मेरे द्वारा हुआ था और आज प्रवेश उत्सव भी मेरी उपस्थिति में हो रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति एवं शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कामों में सदा अग्रणी रहता है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में राजकीय विद्यालय में बड़ी तेजी से नामांकन मे वृद्धि हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए गुणात्मक प्रयास एवं नवाचारों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। बच्चों ने गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ शिक्षा मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। शिक्षा मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी वितरित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी एवं राजस्थान जोन समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि यह विद्यालय गायत्री परिवार द्वारा निशुल्क संचालित किया जा रहा है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में बच्चों को पाठ्य सामग्री, पोशाक एवं आवश्यक सुविधाएं गायत्री परिवार एवं समाजसेवी भामाशाहों के सहयोग से निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं।

ये रहे कार्यक्रम में उपस्थितः विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड 69 पार्षद आशीष शर्मा, वार्ड 70 के पार्षद रामावतार गुप्ता, वार्ड 72 के पार्षद पारस जैन तथा भाजपा मानसरोवर मंडल अध्यक्ष विपिन सिंघल उपस्थित रहे। ट्रस्टी सतीश भाटी, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, केंद्र के व्यवस्थापक आर.डी. गुप्ता ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। शिक्षा समिति अध्यक्ष केदार शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सचिव प्रबुद्ध शर्मा ने आभार प्रकट किया।

## राधा रानी, सखियों और झूले पर सजी रंग-बिरंगी पवित्रा

# ठाकुर जी को धारण कराई सेवा भावना की पवित्रा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्रावण शुक्ला द्वादशी बुधवार को आराध्य देव श्री गोविंददेवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्री गोविंददेवजी, राधा रानी और अन्य विग्रहों को पवित्रा धारण कराई गई। ठाकुर श्रीजी को सुनहरी, रुपहली, 108 मणियों की रेशमी पवित्रा, कच्चे सूत की केसरिया रंग की पवित्राएं तथा 108 गांठों वाली पीले-केसरिया सूत की विशेष पवित्राएं अर्पित की गईं।



चमकीले रेशम से बनी दो मुख्य पवित्राएं ठाकुर जी की पोशाक के ऊपर धारण करवाई गईं, जबकि पांच विशेष पवित्राएं चरणों में समर्पित की गईं। मंदिर के जगमोहन में सजे चांदी के झूले पर 216 पवित्राएं बांधी गईं। धूप झांकी से लेकर शयन झांकी तक ठाकुर जी ने पवित्रा धारण किए रखा। गौड़ीय संप्रदाय में पवित्रा को वर्ष भर की गई सेवा का प्रतीक माना जाता है। यदि पवित्रा अर्पित नहीं की जाती, तो वर्ष भर की सेवा निष्फल मानी जाती है। पवित्रा सुंदर, सुगंधित केसर से रंगी हुई होती है जिसकी गांठें भगवान को कष्ट न दें, बल्कि उन्हें शोभायमान करें।

### चौसठ महंत भोग दर्शन

इस अवसर पर गोविंददेवजी के प्राकट्यकर्ता रूप गोस्वामी जी की तिरोभाव तिथि का पूजन किया गया। श्रीमन् चैतन्य महाप्रभु, श्रीमन् नित्यानंद महाप्रभु, श्रीमन् नित्यानंद महाप्रभु, श्रीमन् गदाधर पंडित, श्रीनिवास जी, अद्वेताचार्य जी, रूप गोस्वामी जी, सनातन गोस्वामी जी, श्रीजीव गोस्वामी जी, गोपाल भट्ट गोस्वामी जी, रघुनाथ भट्ट गोस्वामी जी, पद्म कुमार गोस्वामी जी सहित गौड़ीय संपदाय के 64 आचार्यों का वेद मंत्रोच्चार के साथ भाव भरा आह्वान कर पूजन किया गया। सभी के चित्रपट के समक्ष पत्तल में मिठाई, सब्जी-पूड़ी सहित अन्य व्यंजन परोसे गए। उल्लेखनीय है कि गौड़ीय संप्रदाय की वंश परंपरा में सातों देवालयों के करीब 200 आचार्य हुए हैं। इनका पितृ के रूप में पूजन के बजाय आचार्य के रूप में ही पूजन किया जाता है।

# राधे किशोरी दया करो, गोविंद की प्यारी दया करो...



## गोविंददेवजी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में मनाए जा रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में बुधवार को को राधा गोविंद कृपा प्रभातफेरी मंडल और श्रीमन् माध्व गौड़ेश्वर संकीर्तन मंडल की ओर से भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां दीं गई। मंडल के सदस्यों ने एक ही सुर ताल में एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं कि दर्शनार्थी भी ठाकुर जी के दरबार में नाचने लगे। आचार्य रजनेश पांडे, प्रियांश भार्गव, केशव किशोरी, अनंत भैया, मनीष भैया, प्रदीप, रतन सोनी, भानुप्रताप एवं अन्य ने राधे-राधे हो राधे राधे..., राधा राधा गाएंगे, नित मंगला में आएंगे..., राधे किशोरी दया करो, गोविंद की प्यारी दया...,श्री राधा श्री राधा श्री राधा...जैसे कीर्तन पर हर कोई नाचने को मजबूर हो गया। इससे पूर्व मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने ठाकुर श्री राधा गोविंददेवजी और गौरांग महाप्रभु के चित्रपट का पूजन कर कीर्तन का शुभारंभ किया। गोविंददेवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने गायकों-वादकों का तिलक-दुपट्टा-प्रसाद देकर सम्मान किया। राधे-राधे के जयघोष के बीच भजन-कीर्तन का क्रम लगातार चलता रहा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि गुरुवार, 7 अगस्त को सुबह गौर गोविंद महिला मंडल और शाम को नारायण संकीर्तन मंडल की ओर से कीर्तन होगा।

## बहनें रक्षासूत्र बांध भाइयों की दीर्घायु की करेंगी कामना

# रक्षाबंधन 9 को: राखी की 3 गांठ हैं ब्रह्मा-विष्णु-महेश की प्रतीक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन श्रावणी पूर्णिमा 9 अगस्त शनिवार को श्रद्धा, प्रेम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर और उनके दीर्घायु, सुख-समृद्धि तथा संकटों से रक्षा की कामना करेंगी। वहीं भाई अपनी बहन की सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लेंगे। ज्योतिषियों की माने तो रक्षाबंधन केवल एक सामाजिक पर्व नहीं है, बल्कि इसके पीछे धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व भी जुड़ा है। विशेष रूप से, राखी बांधते समय उसमें कितनी गांठें लगाई जानी चाहिए, इसका भी विशेष महत्व है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार राखी बांधते समय तीन गांठें लगाना शुभ माना गया है। ये तीन गांठें त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और शिव से संबंधित मानी जाती हैं और इनका गहरा आध्यात्मिक अर्थ होता है।



**पहली गांठ :** भाई की सुरक्षा और लंबी उम्र की कामना के लिए। बहन भगवान से प्रार्थना करती है कि उसका भाई हर संकट से सुरक्षित रहे और उसका जीवन सुखमय एवं स्वस्थ रहे।

**दूसरी गांठ :** भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, मिठास और आपसी समझ बनाए रखने के लिए। यह गांठ रिश्तों को मजबूती प्रदान करती है।

**तीसरी गांठ :** भाई-बहन की धार्मिक और पारिवारिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भाई बहन की रक्षा का वचन देता है और बहन भाई के प्रति स्नेह व जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेती है।

**शुद्धता का रखें ध्यान :** राखी बांधने से पूर्व रक्षासूत्र को गंगाजल से शुद्ध करना आवश्यक बताया गया है। अशुद्ध राखी बांधने से दोष उत्पन्न हो सकते हैं, जिससे ग्रहों का दुष्प्रभाव पड़ सकता है और भाई पर संकट आ सकता है। इसलिए इस पारंपरिक प्रक्रिया को सही विधि से करने पर ही पूर्ण फल की प्राप्ति होती है। रक्षाबंधन केवल रेशम की डोरी नहीं, अपितु संस्कारों, भावना और विश्वास की मजबूत गांठ है। यह पर्व हमें पारिवारिक मूल्यों और एक-दूसरे के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है।

# श्री रामेश्वरम् भजन संगीत समारोह में बरसा भक्ति रस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित अतिप्राचीन प्रसिद्ध दाहिनीं सूंड़ दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज मंदिर में पूर्व महंत पं. रामेश्वरलाल शर्मा की पुण्यस्मृति में आयोजित चौदहवां श्री रामेश्वरम् भजन संगीत समारोह श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में बुधवार को दिनभर विविध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिन की शुरुआत गणपति पूजन से हुई। इसके बाद महंत गद्दी पूजन, वृक्षारोपण, वृक्ष वितरण, रुद्र पाठ और श्री गणपतिअथर्वशीर्ष पाठ का आयोजन हुआ। शाम को भजन संगीत समारोह में प्रदेश के सुविख्यात गायक एवं वादकों ने अपनी शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर देश के मूर्धन्य गायक एवं संगीतज्ञ पं. आलोक भट्ट को उनके अतुलनीय भजन योगदान के लिए संगीतोपासक की उपाधि से अलंकृत कर सम्मानित किया गया।

# सावन प्रदोष पर हनुमान बने आशुतोष शिव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नाहरी का नाका शास्त्री नगर श्री हनुमान कुंज स्थित चमत्कारेश्वर वीर हनुमान मन्दिर प्रांगण में श्रावण मास के उपलक्ष्य में हनुमान जी महाराज ने भगवान आशुतोष शिव के रूप में दर्शन दिए। मंदिर प्रवक्ता पुजारी धीरज कुमार पारीक ने बताया कि महंत सुरेश पारीक के सानिध्य में सुबह पवनपुत्र का अभिषेक किया गया। सिंदूरी चौला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। सिर पर जटा, मस्तक पर त्रिनेत्र, गले में नागों के राजा नाग वासुकी, शीश पर चंद्रमा, हाथों में गदा के स्थान पर डमरु सहित त्रिशूल, व्याघ्र चिन्ह की पोशाक धारण किए हनुमान जी में साक्षात शिव के मनमोहक दर्शन हुए। महादेव रूप में पवनपुत्र के अद्भुत झांकी को देखकर भक्त भाव विभोर हो गए ।



**सामाजिक सरोकार** | वृहद् युवा-महिला सम्मेलन एवं सामूहिक गोठ दस को

# फरवरी में होगा जैन समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन

## राजस्थान जैन युवा महासभा की बैठक में लिया निर्णय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से 10 अगस्त को चित्रकूट कॉलोनी स्थित कवर का बाग में दोपहर एक बजे से आचार्य सुन्दर सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में वृहद युवा एवं महिला सम्मेलन तथा सामूहिक गोठ का आयोजन किया जाएगा।

समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए फरवरी में वैवाहिक परिचय सम्मेलन सहित अनेक समाजोपयोगी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय महासभा की ग्रीन नगर, दुर्गापुरा स्थित वन्दनम् में आयोजित बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल छाबड़ा ने सभी जोनों को अपने-अपने क्षेत्रों में धार्मिक, सामाजिक एवं मानव सेवार्थ कार्यक्रम करने का आह्वान किया। इस मौके पर युवा समाजसेवी मनोज सोगानी पहाड़ी वाले, अतुल मंगल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि सम्मेलन में जयपुर महानगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 1500 युवा एवं महिलाएं भाग लेंगी। आयोजन में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक, सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष अशोक परनामी, उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

महामंत्री एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीच, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाटक, सम्मान समारोह, जैन धार्मिक बंपर हाउजी, पुरस्कार वितरण एवं मंगल प्रवचन आदि होंगे।




### 150 से अधिक युवा-महिला संगठन लेंगे भाग

प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जयपुर के 150 से अधिक युवा एवं महिला संगठन, जैन सोशल ग्रुस, संगिनी फॉर्म एवं अन्य संस्थाएं भाग लेंगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि महासभा के प्रदेश कार्यालय पर जैन सूचना एवं सहायता केन्द्र शुरू किया जाएगा, दशलक्षण पर्व के दौरान होने वाली गतिविधियों, सुगंध दशमी की झांकियों को पुरस्कृत किया जाएगा। समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। व्यक्तित्व विकास शिविर, नवम्बर में इंडोर गेम्स आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जोन, संभाग, जिला एवं प्रदेश स्तर पर त्रैवार्षिक चुनाव आयोजित किए जाएंगे। जिला, तहसील इकाइयों का गठन भी किया जाएगा।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मनीष बैद, संजय पांड्या, सुभाष बज, सीए दिनेश जैन, राजेश बड़जात्या, मनीष सोगानी, मुकेश कासलीवाल, एडवोकेट राजेश काला, अशोक जैन गुढ़ाचंद्र, अनिल पाटनी, रेखा पाटनी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# तबाही का बेहद डरावना मंजर

## कुदरत का कहर देख पहाड़ों के विकास मॉडल पर हो पुनर्विचार

**उत्तरकाशी** जिले के हर्षिल के पास धराली गांव में मंगलवार को आई भयानक आपदा ने महज 30 से 35 सेकंड के भीतर इलाके का भूगोल बदलकर रख दिया। देखते ही देखते एक शांत-सुंदर पहाड़ी बस्ती तबाह हो गई और आसमान से आई आफत ने गांव की रफ्तार थाम दी, जिंदगियां बदल दीं और कई सवाल खड़े कर दिए। 12,600 फीट ऊंचे पहाड़ से अचानक सैलाब बहते हुए आया। उसके बाद दूसरा फ्लो आया जिसमें मलबा बहकर आया और मात्र 30-35 सेकंड में पूरा का पूरा कस्बा तबाह हो गया। धराली में मची तबाही के वीडियो को अगर ध्यान से देखें तो ऐसा लग रहा है कि ये सैलाब किसी चीज के अचानक टूटने से बहुत तेजी से नीचे आया। सैलाब जो आया है वो केवल पानी नहीं है बल्कि स्लरी टाइप का मटीरियल भी इसमें दिख रहा है जो ऊपर के सारे डिपॉजिट को नीचे ले आया है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि मौसम विभाग की साइट पर इतनी बारिश दिखाई नहीं गई, जिसे बादल फटना जैसे हालात कहें। कुल मिलाकर बादल फटने से मची तबाही का मंजर बेहद डरावना था। इस कुदरती हादसे में वास्तविक नुकसान तो खैर बचाव व राहत कार्यों के खत्म होने के बाद ही पता चल सकेगा, मगर जिस तरह चंद सेकंडों में दर्जनों पक्के मकान और होटल जमींदोज हो गए, उससे एक बार फिर यही पुष्ट हुआ है कि पुराने हादसों से हमने कुछ नहीं सीखा। इस विध्वंस के जो वीडियो फुटेज सामने आए हैं, वे साफ-साफ दिखा रहे हैं कि खीर गंगा नदी के बहाव क्षेत्र में बड़ी संख्या में कई-कई मंजिल की इमारतें खड़ी हो चुकी हैं। बल्कि एक पूरा बाजार विकसित हो चुका है। अगर तंत्र ने वहां की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए मानव बसाहट के विस्तार की योजना बनाई होती, तो इस तबाही से बचा जा सकता था। बहरहाल, संतोष की बात यह है कि जल्द ही सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने का काम शुरू हो गया। एम्स, ऋषिकेश को भी आपात स्थिति के लिए सचेत कर दिया गया, ताकि घायलों को तत्काल जरूरी उपचार मिल सके। ध्यान रहे, मानसून के समय पहाड़ी इलाकों में बादल फटने की घटनाएं होती रहती हैं, मगर इस सच्चाई से नहीं मुकरा जा सकता कि पिछले एक दशक में इनकी बारंबारता बढ़ी है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के स्थानीय जलचक्र में बदलाव इसकी बड़ी वजह है। पहले पहाड़ी इलाकों में इंसानी गतिविधियां कम होती थीं, मगर हाल के दशकों में विकास कार्यों के कारण बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई, वनों में आग लगने की अधिक घटनाओं और पर्यटन के अधिकाधिक दोहन के लिए अविवेकपूर्ण निर्माण कार्यों ने स्थानीय पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित किया है। निस्संदेह, पहाड़ी इलाकों के बाशिंदों को आधुनिक सुख-सुविधाएं मिलनी चाहिए। सड़क, बिजली और अस्पताल जैसी बुनियादी सहूलियतों पर भी उनका अधिकार है। मगर उनके लिए सुविधाएं जुटाते समय इन इलाकों की नाजुक पर्यावरणीय स्थितियों को ध्यान में रखने की भी जरूरत है। विडंबना यह है कि हमारी विकास परियोजनाओं में स्थानीय लोगों की आवश्यकता से अधिक सैलानियों की सहूलियत रहने लगी है। इस पर नए सिरे से गौर करने की जरूरत है। उत्तरकाशी की इस घटना ने जून 2013 के केदारनाथ हादसे की यादें ताजा कर दी हैं, जिसमें पांच हजार से अधिक श्रद्धालु और स्थानीय लोग असमय काल के गाल में समा गए थे। उस हादसे में भी गांव के गांव बह गए थे और तब काफी जोर-शोर से यह मांग उठी थी कि संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में मानव बसाहट व निर्माण-कार्य को लेकर नए सिरे से नीति-निर्धारण किया जाए। धराली बाजार की तबाही बता रही है कि इस दिशा में कितनी संजीदगी से काम हुआ है! यह स्थिति सिर्फ पहाड़ी इलाकों की नहीं है, प्रयागराज और बनारस में घरों में पानी घुसने की तस्वीरें भी अखबारों में रोज साया हो रही हैं। जल विशेषज्ञों की मानें, तो पहले ढाई दिनों में बाढ़ का पानी इसलिए उतर जाता था, क्योंकि उनकी निकासी के मार्ग अवरुद्ध नहीं होते थे। अब उन रास्तों पर कंक्रीट के जंगल उग आए हैं। ऐसा नहीं है कि विकसित देशों को कुदरत बख्श देती है या वहां बाढ़ से लोग नहीं मरते, पर उनकी नीतियां मानव क्षति को न्यूनतम करने के दर्शन से प्रेरित होती हैं। धराली की घटना कह रही है कि हमें आत्मघाती उदासीनता से अब उबर जाना चाहिए, वरना हम नुकसान उठाते रहेंगे। मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नए हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए।



**उत्तरकाशी जिले के हर्षिल के पास धराली गांव में मंगलवार को आई भयानक आपदा ने महज 30 से 35 सेकंड के भीतर इलाके का भूगोल बदलकर रख दिया। देखते ही देखते एक शांत–सुंदर पहाड़ी बस्ती तबाह हो गई और आसमान से आई आफत ने गांव की रफ्तार थाम दी, जिंदगियां बदल दीं और कई सवाल खड़े कर दिए। जिस तरह चंद सेकंडों में दर्जनों पक्के मकान और होटल जमींदोज हो गए, उससे एक बार फिर यही पुष्ट हुआ है कि पुराने हादसों से हमने कुछ नहीं सीखा। इस विध्वंस के जो वीडियो फुटेज सामने आए हैं, वे साफ–साफ दिखा रहे हैं कि खीर गंगा नदी के बहाव क्षेत्र में बड़ी संख्या में कई–कई मंजिल की इमारतें खड़ी हो चुकी हैं। बल्कि एक पूरा बाजार विकसित हो चुका है।**

# राजनीति : तुष्टीकरण के तराजू पर नारी सम्मान

नागार्जुन



**उत्तर प्रदेश** की राजनीति में समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके नेता अखिलेश यादव लंबे समय से 'माई' (मुस्लिम-यादव) समीकरण को चुनावी सफलता की कुंजी मानते आए हैं। एक समय था, जब उनके दिवंगत पिता मुलायम सिंह यादव पूरे विश्वास से कहते थे, 'जब तक मेरे पास मेरा 'माई' है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।' यह बात सपा की रणनीतिक मानसिकता को दर्शाती है। लेकिन अब समय बदल चुका है। मुलायम सिंह के दौर में हिंदू समाज एकजुट नहीं था। अब ऐसा नहीं है। यही कारण है कि 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा में हार के बाद सपा प्रदेश की राजनीति में हाशिए पर चली गई। बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में यह समीकरण अब सवालों के घेरे में है। विशेष रूप से तब, जब यह समीकरण नारी सम्मान, राजनीतिक नैतिकता और सांस्कृतिक परंपराओं से टकराने लगे।

### 'सामंजस्य' या 'सियासी सौदा'?

21 जुलाई, 2025 को अखिलेश यादव और डिंपल यादव सपा सांसदों के साथ मोहिबुल्लाह नादवी के आमंत्रण पर संसद परिसर स्थित मस्जिद पहुंचे। मकसद था मुस्लिम समुदाय को यह संदेश देना कि सपा अब भी उनका 'अपना घर' है। डिंपल यादव ने इस अवसर पर पारंपरिक भारतीय साड़ी पहनी थी, जो पूरी तरह सम्मानजनक है। लेकिन मौलाना साजिद रशीदी की आपत्तिजनक टिप्पणी 'उनकी पीठ नंगी है' ने न सिर्फ अखिलेश की राजनीतिक चाल को विवाद में ला खड़ा किया, बल्कि एक सांसद के सार्वजनिक जीवन और सम्मान का भी घोर अपमान किया।

साजिद रशीदी जैसे कट्टरपंथी सिर्फ सपा या किसी दल के नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक आत्मा के लिए भी खतरा हैं। यह टिप्पणी केवल डिंपल यादव के पहनावे पर नहीं थी, यह हर उस भारतीय महिला पर हमला था जो अपने आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के साथ सार्वजनिक जीवन में सक्रिय है। समाज के हर वर्ग को इस प्रकार की मजहबी 'ठेकेदारी' के विरुद्ध बोलना चाहिए था। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वामदलों जैसे विपक्षी खेमे में भी गहरी चुप्पी दिखाई दी। लेकिन जो सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात है, वह यह कि अखिलेश यादव-एक पति, एक नेता, एक पूर्व मुख्यमंत्री ने अभी तक इस मुद्दे पर एक शब्द नहीं बोला है। शीर्ष नेतृत्व की इस चुप्पी ने पार्टी के भीतर और बाहर असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है।

### डर या तुष्टीकरण!

मौलाना की टिप्पणी के बाद पूरा देश, संसद, महिला संगठन, यहां तक कि भाजपा की महिला सांसद भी डिंपल यादव के समर्थन में खड़ी हैं, तब अखिलेश यादव की खामोशी एक अलग ही सियासी संदेश दे रही है। ऐसे में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज का प्रश्न बिल्कुल सटीक है। उन्होंने कहा कि क्या तुष्टीकरण की राजनीति एक महिला सांसद की गरिमा से ज्यादा महत्वपूर्ण है? क्या एक महिला सांसद के अपमान को सिर्फ इसलिए नजरअंदाज किया जा रहा है, क्योंकि टिप्पणी करने वाला एक मौलाना है? भाजपा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने तो यहां तक कह दिया कि अखिलेश अगर अपने घर की महिलाओं के लिए खड़े नहीं हो सकते, तो उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए। उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने भी सही कहा, 'लगता है उन्होंने सत्ता के लिए अपनी पत्नी का अपमान स्वीकार कर लिया है। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अखिलेश को डर है कि अगर वे मौलाना के खिलाफ कुछ बोलते हैं, तो मुस्लिम समुदाय का एक वर्ग उनसे नाराज हो सकता है। यह वही वर्ग है, जिसे अखिलेश मस्जिद दौरे के जरिए लुभाने की कोशिश कर रहे थे। उनकी इस चुप्पी को वोट बैंक की लालसा के रूप में देखा जा रहा है, जो उनकी पत्नी के सम्मान पर भी भारी पड़ रही है।

### नेतृत्व पर सवाल

अखिलेश यादव की चुप्पी उनकी मुस्लिम तुष्टीकरण की रणनीति की नाकामी को ही उजागर नहीं करती, बल्कि इससे उनकी नेतृत्व क्षमता पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह घटना दर्शाती है कि तुष्टीकरण की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और जब यह रणनीति उल्टी पड़ती है, तो उसका नुकसान पार्टी और नेतृत्व, दोनों को उठाना पड़ता है। अखिलेश यादव अपनी पत्नी के सम्मान की रक्षा में चुप्पी साधकर न केवल अपनी, बल्कि अपनी पार्टी की विश्वसनीयता को भी कमजोर कर रहे हैं। क्या एक नेता वोट बैंक की राजनीति में इतना उलझ सकता है कि अपनी पत्नी के सम्मान पर भी चुप्पी साध ले? सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आज यही सवाल खड़े हो रहे हैं।

बहरहाल, टीवी पर चर्चा के दौरान डिंपल यादव के पहनावे पर मौलाना के आपत्तिजनक बयान पर देशभर में तीखी प्रतिक्रिया हुई। राजग के सांसदों ने संसद में इस पर विरोध दर्ज कराया, एफआईआर दर्ज हुई और एक टीवी बहस में मौलाना को थप्पड़ भी पड़ा। यहां तक कि सपा सांसद इकरा हसन ने भी बयान की निंदा करते हुए साफ शब्दों में कहा, 'ये कोई मौलाना नहीं है और न ही मजहबी नेता। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।'

यह मुद्दा सिर्फ अखिलेश यादव की चुप्पी तक सीमित नहीं है। कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा, जो कहती हैं- 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं', ने भी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। विपक्ष की सामूहिक चुप्पी यह संकेत देती है कि जब मुद्दा 'साफ-साफ बोलने' का होता है, तो तुष्टीकरण की राजनीति सब पर भारी पड़ जाती है। डिंपल यादव से जब मौलाना की टिप्पणी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बात को घुमाते हुए कहा, 'बेहतर होता अगर वे (राजग के सांसद) मणिपुर की महिलाओं के साथ खड़े होते।' यह प्रतिक्रिया भी कई लोगों को असहज कर गई। इस रुख को डिंपल और अखिलेश की उस रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें वे मुस्लिम वोट बैंक को नाराज करने से बचना चाहते हैं। डिंपल ने मणिपुर की महिलाओं की बात की, भाजपा नेताओं पर टिप्पणी की, लेकिन खुद के हुए अपमान पर एक शब्द नहीं कहा। क्या यह डर था? या राजनीतिक दबाव? या फिर पार्टी लाइन?

### सपा के लिए चेतावनी

जिस श्रीकृष्ण ने अपने नाम से स्त्री-सम्मान की परंपरा को जन्म दिया, उस परंपरा का दावा करने वाले नेता से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह अपनी पत्नी के अपमान पर चुप बैठा रहे। क्या उनके लिए सत्ता की कुर्सी अखिलेश यादव को इतनी प्यारी हो गई कि पत्नी का अपमान भी उन्हें स्वीकार है, बशर्ते मुस्लिम वोट न खिसके? अखिलेश के मौन को सिर्फ एक राजनीतिक भूल भी नहीं कहा जा सकता। यह एक नारी के सम्मान पर राजनीतिक सौदेबाजी का उदाहरण बन चुका है। मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में 'यदुवंशी' अखिलेश वह मूल आधार खो चुके हैं, जिस पर राजनीति टिकी होती है, जो है नैतिक साहस। प्रश्न है जब कोई नेता पत्नी के अपमान पर चुप रह जाए, तो जनता उससे अपने सम्मान की रक्षा की उम्मीद कैसे करे? अखिलेश की चुप्पी न सिर्फ उनके व्यक्तिगत चरित्र पर सवाल उठाती है, बल्कि उनकी राजनीति के दोहरे मापदंडों को भी उजागर करती है। उनकी चुप्पी यह भी बताती है कि तुष्टीकरण की नीति अब राजनीतिक पूंजी नहीं, राजनीतिक बोझ बनती जा रही है। मौलाना रशीदी जैसे कट्टरपंथी तत्वों के साथ समझौता करके सपा अपना जनाधार खो रही है।

# राजस्थान में पुनः नियुक्ति बनाम नव-नियुक्तिः क्या यह बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय नहीं?

लेखराज शर्मा

**राजस्थान** जैसे युवा प्रधान राज्य में जहां शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद 'लाखों युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, वहां सरकार द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों की पुनः नियुक्ति एक बड़ी विडंबना बनकर सामने आ रही है। यह न केवल प्रशासनिक नैतिकता पर प्रश्न खड़े करता है, बल्कि 'युवा प्रतिभाओं के अवसरों' का भी हनन करता है।

### सेवानिवृत्ति का उद्देश्य और सरकारी पुनः नियुक्ति की विसंगति

सरकार हर कर्मचारी के लिए एक निश्चित सेवानिवृत्ति आयु तय करती है ताकि न केवल नए प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर मिल सके, बल्कि प्रशासनिक तंत्र में ऊर्जा, नवीन सोच और तकनीकी दक्षता का संचार हो। लेकिन जब उन्हीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को, कभी उसी पद पर तो कभी किसी अन्य विभाग में दोबारा नियुक्त किया जाता है, तो यह पूरी व्यवस्था 'एक सड़े हुए तालाब की तरह स्थिर और बेअसर' हो जाती है।

### पेंशन के साथ वेतन— दोहरा लाभ किसके लिए?

राजस्थान में अधिकांश सेवानिवृत्त अधिकारियों को उच्च ग्रेड पे के आधार पर अच्छी पेंशन मिलती है। इसके बावजूद पुनः नियुक्त कर उन्हें वेतन भी दिया जाता है। इस व्यवस्था में सरकार का खर्च दोगुना होता है, लेकिन नतीजे शून्य के बराबर।

इसका प्रत्यक्ष परिणाम यह होता है कि योग्य, तकनीकी, स्नातक एवं कंप्यूटर जानकार युवा, जो ठेकेदारी व्यवस्था के तहत 6-7 हजार की मामूली मजदूरी पर काम करने को मजबूर हैं, उनकी स्थिति और दयनीय हो जाती है।



क्या यह उचित नहीं होगा कि 'एक सेवानिवृत्त कर्मी के स्थान पर 5 युवा नियुक्त कर दिए जाएं, इससे न केवल कार्य दक्षता बढ़ेगी बल्कि 'राजस्थान की गरीबी और बेरोजगारी' दोनों से एक साथ लड़ाई लड़ी जा सकेगी?'

### प्रशासनिक जवाबदेही और अनुभव का भ्रम

सच्चाई यह है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दोबारा नियुक्त करने के बावजूद उनमें किसी प्रकार की जवाबदेही नहीं होती। अधिकांश मामलों में उन्हें उसी विभाग में फिर से लगा दिया जाता है जहां वे पहले भी कार्यरत थे। न तो उनके ऊपर कोई निगरानी रहती है, न ही कोई लक्ष्य तय होता है।

अनुभव की दुहाई देकर यह दोबारा नियुक्ति की जाती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि यदि किसी अनुभवी अधिकारी की आवश्यकता है तो उन्हें सलाहकार समिति में रखा जा सकता है, न कि उन्हें पुनः कर्मचारी बनाकर नियुक्त किया जाए।

### राजस्थान की युवा शक्ति के साथ न्याय जरूरी

राजस्थान में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, डिजिटल साक्षरता बढ़ी है, और युवा आज के दौर की तकनीक में निपुण हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह–

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की नीति पर पुनः विचार करे।

सभी विभागों में खुले, पारदर्शी, युवा-केंद्रित चयन की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

बेरोजगार युवाओं को स्थाई रोजगार देने के लिए बजट और नीति दोनों में प्राथमिकता दे।

सेवानिवृत्त विशेषज्ञों को केवल ट्रेनर, सलाहकार या मॉड्यूल-निर्माता के रूप में उपयोग करे।

राजस्थान के संदर्भ में यह बात स्पष्ट हो जाती है कि अगर आज भी हम पुराने ढर्रे पर चलते रहे, तो युवा भविष्य अंधकार में चला जाएगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति एक नीतिगत भूल है, जिसे अब सुधारे जाने की आवश्यकता है। अगर सरकार वास्तव में 'सबका साथ, सबका विकास' चाहती है तो उसे पेंशनधारी पुनः नियुक्ति वालों की बजाए, बेरोजगार स्नातकों की ओर देखना होगा।

## राशिफल

**आज दिनांक 7 अगस्त, 2025, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, सावन माह शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, तैतिल करण, विष्कुम्भ योग, राहुकालः दोपहर 2:09 से 3.43 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:04 बजे, सूर्यास्त सायं 7:01 बजे, चंद्रोदय सायं 5:52 बजे, चंद्रास्त सुबह 4:42 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:07 बजे से 12:59 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:27 से 5:15 बजे तक, चंद्रमा धनु राशि में संचार करेगा।**

मेष: आपकी संवेदनशीलता और कल्पनाशक्ति आज चरम पर रहेगी। आर्टिस्टिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। प्रेम संबंधों में भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। पाचन तंत्र थोड़ा कमजोर हो सकता है-भोजन संयमित लें। पैसों को लेकर कोई पुराना विवाद हल होने के आसार हैं।

वृषभ: आज आपकी सोच में नवीनता और प्रयोगधर्मिता रहेगी। नौकरी में रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। धन की स्थिति सुधर सकती है। प्रेम में मित्रवत व्यवहार करें। आंखों में थकान या जलन हो सकती है–आराम करें।

मिथुन: आपकी मेहनत आज रंग लाएगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। पैसों को लेकर कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है। प्रेम जीवन में संतुलन बना रहेगा। गर्दन या पीठ में जकड़न हो सकती है–योग लाभदायक होगा। आज साहस और ऊर्जा से बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं।

कर्क: नई योजनाएं आज गति पकड़ेंगी। विदेश से जुड़े कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक रूप से सावधानी बरतना आवश्यक है। प्रेम जीवन में सकारात्मक मोड़ आ सकता है। जोड़ों या कमर में दर्द रह सकता है–सावधान रहें।

सिंह: आज रहस्यमय या शोध कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी पुराने कार्य का परिणाम मिल सकता है। निवेश के लिए दिन अच्छा है। प्रेम में ईर्ष्या से बचें। स्वास्थ्य में निजी समस्याओं को नजरअंदाज न करें। आज अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

कन्या: आज निजी और पेशेवर जीवन दोनों में संतुलन बनाकर चलना जरूरी होगा। ऑफिस में आपकी कूटनीतिक शैली सराही जाएगी। आर्थिक मामलों में लाभ संभव है। प्रेम में भावनात्मक जुड़ाव रहेगा। थकान या माइग्रेन की समस्या हो सकती है। आज आपके तार्किक निर्णय आपको आगे बढ़ाएंगे।

तुला: कार्यस्थल पर किसी प्रोजेक्ट में योगदान मिलेगा। धन को लेकर नई संभावनाएं खुलेंगी। प्रेम में साथी से कुछ असहमति हो सकती है। पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है–इससे बचने के लिए सादा भोजन लें।

वृश्चिक: बिजनेस में विस्तार की संभावनाएं बनेंगी। फाइनेंशियली ग्रोथ का समय है। लव लाइफ में रोमांस बना रहेगा। स्वास्थ्य में जोश रहेगा, लेकिन रक्तचाप को नियंत्रित रखें। किसी परिचित या रिश्तेदार से व्यवहार में कड़वाहट होगी।

धनु: भावनात्मक रूप से थोड़े अस्थिर रह सकते हैं–महत्वपूर्ण निर्णय स्थगित करें। पारिवारिक माहौल में हल्की कहासुनी हो सकती है। पैसों के लेन-देन में सतर्क रहें। प्रेम में धैर्य बनाए रखें। मानसिक थकान से बचने के लिए प्रकृति के पास समय बिताएं।

मकर: आज आप अपनी बुद्धिमत्ता और संवाद शैली से दूसरों को प्रभावित करेंगे। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। प्रेम संबंधों में ईमानदारी से बातचीत करें। गले या वाणी से जुड़ी समस्या हो सकती है-गर्म पानी पीएं।

कुंभ: आज किसी पुराने परिचित से मुलाकात हो सकती है, जो आपको व्यावसायिक रूप से लाभ पहुंचाए। पैसों को लेकर कोई नई योजना बनेगी। दांपत्य जीवन में मिठास बनी रहेगी। नींद की कमी थकान दे सकती है–आराम को प्राथमिकता दें।

मीन: आज आप अपने आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता से दूसरों को प्रभावित करेंगे। कार्यक्षेत्र में लीडरशिप की भूमिका मिल सकती है। आर्थिक रूप से उन्नति के संकेत हैं। प्रेम जीवन में सामंजस्य रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन नियमित व्यायाम को न भूलें। यात्रा के योग हैं।

## भारत माता का घर

**प्रेरक प्रसंग**

भारत माता ने अपने घर में जन-कल्याण का जानदार आंगन बनाया। उसमें शिक्षा की शीतल हवा, स्वास्थ्य का निर्मल नीर, निर्भरता की उर्वर मिट्टी, उन्नति का आकाश, दृढ़ता के पर्वत, आस्था की सलिला, उदारता का समुद्र तथा आत्मीयता की अग्नि का स्पर्श पाकर जीवन के पौधे में प्रेम के पुष्प महक रहे थे। सिर पर सफेद टोपी लगाए एक बच्चा आया, रंग-बिरंगे पुष्प देखकर हर्षाया। पुष्प पर सत्ता की तितली बैठी देखकर उसका मन ललचाया, तितली को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया, तितली उड़ गयी। बच्चा तितली के पीछे दौड़ा, गिरा, रोते हुए रह गया खड़ा।

कुछ देर बाद भगवा वस्त्रधारी दूसरा बच्चा खाकी पैंटवाले मित्र के साथ आया। सरोवर में खिला कमल का पुष्प उसके मन को भाया, मन ललचाया, बिना सोचे कदम बढ़ाया, किनारे लगी काई पर पैर फिसला, गिरा, भीगा और सिर झुकाए लौट गया। तभी चक्र घुमाता तीसरा बच्चा अनुशासन को तोड़ता, शोर मचाता घर में घुसा और हाथ में हंसिया-हथौड़ा थामे चौथा बच्चा उससे जा भिड़ा। दोनों टकराए, गिरे, कांटे चुभे और वे चोटें सहलाते सिसकने लगे। हाथी की तरह मोटे, अक्ल के छोटे, कुछ बच्चे एक साथ धमाल मचाते आए, औरों की अनदेखी कर जहां मन हुआ वहीं जगह घेरकर हाथ-पैर फैलाए। धक्का-मुक्की में फूल ही नहीं पौधे भी उखाड़ लाए।

कुछ देर बाद भारत माता घर में आईं, कमरे की दुर्दशा देखकर चुप नहीं रह पाईं, दुख के साथ बोलीं- 'मत दो झूठी सफाई, मत कहो कि घर की यह दुर्दशा तुमने नहीं तितली ने बनाई। काश तुम तितली को भुला पाते, कांटों को समय रहते देख पाते, मिल-जुल कर रह पाते, खुद अपने लिए लड़ने की जगह औरों के लिए कुछ कर पाते तो आदमी बन जाते।

## सुडोकु 2196

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | | 4 | | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | | |
| 4 | | 7 | | | 3 | | | |
| 1 | | | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 8 | | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | | | | 7 | 5 | | |
| 2 | 8 | | 4 | 1 | | | 3 | |
| | | | | | | 2 | | |

**संकेत**: आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2195 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 3 | 7 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 | 3 |

# राज्य स्तरीय अंडर-19 महिला ट्रायल में पहले दिन 450 खिलाड़ी शामिल



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी में बुधवार को राज्य स्तरीय अंडर-19 महिला चयन ट्रायल का शुभारंभ हुआ। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डीडी कुमावत ने कहा कि तीन दिवसीय ट्रायल के पहले दिन राज्यभर से लगभग 450 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। महिला चयन समिति ने पहले दिन 270 खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया, जबकि बाकी खिलाड़ियों का चयन कल होगा। कुमावत ने ट्रायल प्रक्रिया का निरीक्षण कर खिलाड़ियों से संवाद किया और पारदर्शी चयन व उच्च स्तरीय सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों और परिजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# पशु चिकित्सालय परिसर में कर्मचारियों ने किया पौधरोपण

महानगर संवाददाता



**नवलगढ़/मुकुंदगढ़।** शहर में स्थित राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय परिसर में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि भामाशाह व गौ सेवक जुगल किशोर बागडोदिया रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि भामाशाह व गौ सेवक नन्दकिशोर चतुर्वेदी व पशुपालन विभाग उपनिदेशक डॉ. सन्त कुमार थे। कार्यक्रम में पशु चिकित्सक डॉ.राकेश कुमार, ऋषि पंवार, रमेश चंद्र पंवार, सन्तोष देवी ने अतिथियों का साफा, शॉल व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अस्पताल परिसर में 21 पौधे लगाए गए, जिनमें छायादार व फलदार पौधे शामिल हैं। इस मौके पर पशुपालन विभाग के हितेश कुमार, कुलदीप कुमार, सुनील कुमार मौजूद रहे।

# अरबन को-ऑपरेटिव बैंक के जोशी अध्यक्ष व सैनी उपाध्यक्ष निर्वाचित

महानगर संवाददाता

**सीकर।** अरबन को-ऑपरेटिव बैंक संचालक मंडल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि दोनों पदों के लिए मात्र एक-एक संचालक ने नामांकन दाखिल किए गए थे। संचालक मंडल के अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट डॉ. प्रदीप जोशी व उपाध्यक्ष पद के लिए सांवरमल सैनी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. जोशी ने अपना कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि बैंक जमाकर्ताओं को उनकी जमा पूंजी का भुगतान दिलवाना उनकी प्राथमिकता है। जमाकर्ताओं व शेयरधारकों के सहयोग से बैंक का पुनरुत्थान शीघ्र संभव होगा। इस अवसर पर सहकार विभाग के अधिकारी विनोद रोयल, बैंक उपाध्यक्ष सांवरमल सैनी, संचालक सदस्य सुभाष बहड़, आलोक शर्मा, मालचंद मोदी, ईश्वर लाल सैनी, सलीमुद्दीन सहित अनेक जमाकर्ता व शेयरधारक उपस्थित रहे।





# पौधरोपण कर ली सुरक्षा की जिम्मेदारी

महानगर संवाददाता



**जयपुर/करौली।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल सवाई माधोपुर की प्रेरणा से मैसर्स धरती रत्नम इंडस्ट्रीज ने गांव मांच करौली में पौधरोपण अभियान का प्रारंभ किया। धरती रत्नम इंडस्ट्रीज के पार्टनर्स सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक महेंद्र सिंह चौधरी व मुकेश गुप्ता ने एक-एक आम का पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद औद्योगिक इकाई के सभी कर्मचारियों व श्रमिकों ने आम, कटहल, जामुन, नीम व अन्य उपयोगी पौधों का रोपण कर उनको पानी पिलाने और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी ली। सघन पौधरोपण अभियान के दौरान एक हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग

महानगर संवाददाता



**मनोहरपुर।** भाजपा विधायक प्रत्याशी उपेन यादव ने जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग रखी। उन्होंने हाल ही में शाहपुरा, मनोहरपुर, खेजरोली व नांगल काजू में हुई चोरियों का खुलासा करने और खेजरोली थाने को नई गाड़ी उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। इस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्राइम मीटिंग आयोजित की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ा जाएगा और पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा।

# पपलाज माता के यात्रियों के लिए भंडारे को लेकर बैठक

**रामगढ़ पचवारा (मसं)।** पपलाज माता सेवा समिति के तत्वावधान में हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले भंडारे की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि पपलाज माता सेवा समिति द्वारा कई वर्षों से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सूरजमल मीणा ने बताया कि समिति के युवा साथियों से भंडारे को लेकर चर्चा की गई। भंडारे को लेकर सभी ने अपनी सहमति जताते हुए 11 अगस्त से भंडारा चालू करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि यह भंडारा लालसोट तूंगा रोड से गुजरने वाले सभी पैदल यात्रियों के लिए 21 दिनों तक खुला रहेगा।

## जिला कलेक्टर ने ली जन कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक

# ‘संपर्क पोर्टल व जन सुनवाई प्रकरण शीघ्र करें निस्तारित’

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पिछले दो माह में जोड़े गए आवेदकों में से पांच फीसदी की पात्रता की जांच करें। इसमें अपात्र पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके अलावा गिव अप अभियान के तहत अपात्र लोगों को चिन्हित करते हुए उनको खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जरूरतमंद परिवारों को इसका अधिकाधिक फायदा मिल सके। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बुधवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर अटल सेवा केन्द्र में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड व विकास अधिकारियों, तहसीलदारों व अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए यह बात कही।

जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि एनएफएसए के तहत अपात्र व्यक्तियों की जांच के कार्य को प्राथमिकता से संपादित करवाया जाए। उन्होंने इसके लिए जिला रसद अधिकारी को विस्तृत कार्य योजना बनाने हुए उसकी प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्वित करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने टीबी मुक्त अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अपेक्षित प्रगति



लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी तरह की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बीसीएमएचओ, सीएसओ को प्रतिदिन 100 एएनएम को 50 और आशा सहयोगिनी के लिए 20 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसकी पालना सुनिश्चित करवाने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने पेंशन प्रकरणों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल व जन सुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को अपेक्षित सुधार लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकतम एक सप्ताह में परिवेदनाओं का निस्तारण हो जाए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने निक्षय एप डाउनलोड करने व स्क्रीनिंग करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

उन्होंने जन शक्ति अभियान के तहत प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करवाने व स्वीकृत कार्यों को त्वरित गति से प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिचार्ज पिट ऐसे स्थानों पर बनाए जाए, जहां पर पानी का भराव रहता है। उन्होंने बताया कि अधिकाधिक आमजन को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए मेगा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# ‘सरकारी जमीन पर सहन नहीं होगा किसी भी तरह का अतिक्रमण’

## भूमि आवंटन व आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक, प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजकीय कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों व आपदा प्रबंधन की वर्चुअल समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने भूमि आवंटन से संबंधित विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित 36 प्रकरणों के प्रस्ताव आगामी तीन दिवस में भिजवाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए। उन्होंने सभी विभागों को बकाया लंबित आवंटनों की सूची शीघ्र जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजकीय कार्यालयों के लिए शीघ्रता से भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने, बजट घोषणाओं की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करने और अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा और इसके लिए विभागीय अधिकारियों को सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग व विभागों के



आपसी समन्वय से आवंटित भूमि पर हुए अतिक्रमण को पुलिस जाब्ते की मांग कर मुक्त कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में राइजिंग राजस्थान योजना के अंतर्गत किए गए एमओयू के लंबित प्रकरणों के संबंध में लैंड बैंक की जानकारी तत्काल उपलब्ध करवाने और एमओयू धारकों को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए।

### अतिवृष्टि के नुकसान की रिपोर्टिंग के निर्देश

जिला कलेक्टर ने मानसून के दौरान अतिवृष्टि व संभावित बाढ़ से हुए नुकसान की त्वरित रिपोर्टिंग के निर्देश भी दिए। उन्होंने समस्त एसडीएम व तहसीलदारों को आपदा प्रबंधन विभाग जयपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक दिवस में 90 मिमी या दो दिवस में 100 मिमी से अधिक वर्षा से मकान क्षति या जनहानि की स्थिति में तत्काल निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव भिजवाए जाएं। एसडीआरएफ के तहत आपदा से क्षतिग्रस्त भवनों की सूचना ब्लॉक स्तरीय समिति से सत्यापन के उपरांत उपखंड अधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

### जन व पशुहानि मामलों में भेजें सहायता प्रस्ताव

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जनहानि व पशुहानि के मामलों में मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता के लिए प्रस्ताव त्वरित रूप से भिजवाए जाएं, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिला कलेक्टर ने ई-गिरदावरी के तहत फसल खराबे का आकलन शीघ्र पूर्ण कर मुआवजा प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में राज्य सरकार को भिजवाने के निर्देश दिए। जिन क्षेत्रों में अतिवृष्टि प्रभावित गांव अधिक हैं, वहां निकटवर्ती पटवारियों की नियुक्ति व प्रगतिशील किसानों के माध्यम से ऑनलाइन गिरदावरी का कार्य मिशन मोड में पूरा करने पर बल दिया गया।

### जर्जर भवनों का उपयोग नहीं करने के निर्देश

विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों व चिकित्सालय भवनों की विभागवार सर्वे रिपोर्ट शुक्रवार तक भिजवाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जर्जर भवनों का किसी भी स्थिति में उपयोग नहीं किया जाए। ऐसे भवनों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मरम्मत योग्य भवनों के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाए जाएं और मरम्मत के बाद भी असुरक्षित पाए जाने वाले भवनों को नियमानुसार भूमिदोज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# पानी की किल्लत से त्रस्त महिलाओं का फूटा गुस्सा



महानगर संवाददाता

**मनोहरपुर।** कस्बे में पानी की किल्लत से त्रस्त महिलाओं का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। रावधीर सिंह कॉलोनी में महीनों से पानी नहीं मिलने पर महिलाएं जलदाय विभाग के कार्यालय पहुंच गई और जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। महिलाओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए विभागीय अधिकारियों से तुरंत नियमित पानी सप्लाई शुरू करने और सप्लाई का समय बढ़ाने की मांग रखी। महिलाओं का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन होगा। पानी को लेकर बढ़ते आक्रोश ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। अब देखना यह है कि प्रशासन महिलाओं की मांगों को कितनी जल्दी पूरा कर पाता है और पानी की किल्लत को दूर करने के लिए क्या कदम उठाता है।

# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में विशाल रात्रि जागरण आज

**सीकर (मसं)।** बजाज रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार विशाल रात्रि जागरण का आयोजन गुरुवार को रात 9.15 बजे से आरंभ होगा। इस पावन अवसर पर बोदलासी धाम के संत पंचम नाथ महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा। पंचम नाथ महाराज एक तपस्वी संत व भजन सम्राट है, जो अपने भजनों से सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। भक्तिमय वातावरण में भजन-संकीर्तन और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ यह रात्रि जागरण एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव का अवसर प्रदान करेगा। इस भव्य आयोजन में समस्त श्रद्धालुजनों से अपने परिवार सहित पधारने की अपील की गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का किया स्वागत



महानगर संवाददाता

**चाकसू।** कस्बे के गरुड़वासी बायपास पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लल्लूलाल कुमावत के नेतृत्व में चाकसू विधानसभा के वरिष्ठ नेता वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगामी नगर पालिका व पंचायत चुनाव में मजबूती से जुटकर कांग्रेस को जिताने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रकाशचंद बैरवा, केदार शर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य, मक्खनलाल बडगूजर सरपंच कोडखावदा, रानी चौधरी पूर्व सीआर, जयकिशन नारोलिया पूर्व चेयरमैन नगर पालिका, दयाराम कुंडेरा पार्षद, नारायण सांवरिया पूर्व पार्षद, लक्ष्मीनारायण मीणा शिक्षक प्रकोष्ठ, रामसहाय शर्मा, अब्दुल हमीद, धन्नालाल वाल्मीकि पूर्व पार्षद सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ‘विद्यार्थी हितों के लिए लड़ने का काम करता है छात्र संगठन

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में 302 प्रतिभाओं का सम्मान

महानगर संवाददाता

**सुजानगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई की ओर से बुधवार को आरके गार्डन में वीर बाला काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ, जिसमें 302 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अतिथियों ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस दौरान मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत से सपना साकार करने का काम किया। उन्होंने कहा कि समय कभी लौट कर नहीं आता, इसलिए इस समय का सदुपयोग करें। सपने को पूरा करने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी, इससे ही आपका कॅरियर बनेगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एबीवीपी के प्रांत सह मंत्री शुभेंद्र सिंह निर्वाण ने एबीवीपी स्थापना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने युवाओं को अवसर दिए और उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया। छात्र संघटन विद्यार्थियों के हितों के लिए लड़ने का काम करता है। एबीवीपी की कथनी व करनी मेंकोई




फर्क नहीं होता है। अति विशिष्ट अतिथि एससी वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने कहा कि सम्मान करने से प्रतिभाएं आगे बढ़ती है।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पवन सोनी व भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला ने कहा कि विद्यार्थी हित के लिए कैसे काम किया जाता है वो एबीवीपी करती है। उन्होंने कहा कि मकसद कुछ भी हो हम सबसे पहले भारतीय हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी पुटिया राजा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजिका रमा शेखावत व जिला संयोजक जयसिंह राठौड़ ने आभार जताया। संचालन आस्था स्वामी ने किया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य नौरंग लाल सिलू, अनिता चौधरी, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम सुंदर स्वर्णकार, एडवोकेट मनीष दाधीच, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विनय मटोलिया, पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, गौरव इंदौरिया, राजेश सुंदरिया आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन, विद्यार्थियों ने लिया घर में तिरंगा फहराने का संकल्प

# ‘हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता’ से मना रहे स्वतंत्रता का उत्सव

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में ‘हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता’ अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भदलाव, पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाई माधोपुर, पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपलाई सहित विभिन्न विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रार्थना सत्र में विद्यार्थियों को तिरंगे की आकृति में बैठाया। इस दौरान शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों को राष्ट्र प्रेम से जोड़ते हुए तिरंगे के इतिहास, महत्व, भारतीय ध्वज संहिता व स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि जिस प्रकार हम तिरंगे को सम्मान पूर्वक फहराते हैं, उसी तरह अपने घर-आंगन, गली-मोहल्ले की स्वच्छता बनाए रखना भी सच्ची देशभक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने हर घर



तिरंगा और स्वच्छ भारत विषयक नारे लगाए, पोस्टर बनाए और जागरूकता रैली में भाग लिया। सभी ने यह संकल्प भी लिया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा और आसपास की साफ-सफाई को सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद साहू व प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना पैदा करने और पूरे परिवेश में देशभक्ति पूर्ण माहौल बनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इसमें जनप्रतिनिधि, स्थानीय स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, भामाशाह, दानदाता, गणमान्य नागरिक, स्थानीय कलाकार, संगीतकार, खिलाड़ी आदि की उपस्थिति में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

स्कूलों व कॉलेज में तिरंगा राखी बनाओ वर्कशॉप, तिरंगा रंगोली प्रदर्शनी व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जनसमूह को इस कार्यक्रम में जोड़ने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन व निस्तारण जल जीवन मिशन सौंदर्यीकरण, तिरंगा यात्रा आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर रियायती दरों पर ध्वज क्रय किए जाएंगे और उचित दर पर वितरित किए जाएंगे, ताकि देश में स्वाधीनता के प्रति देशभक्तिपूर्ण हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जा सके।

# भाजपा की कार्यशाला आज हर घर तिरंगा व विभाजन विभीषिका दिवस पर होगी चर्चा

**जयपुर (मसं)।** भाजपा हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गुरुवार को पार्टी कार्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला होगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने बताया कि कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे। भाजपा 10 से 14 अगस्त तक मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालेगी, जिसमें कार्यकर्ता पैदल मार्च और भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में बाइक रैली निकालेंगे। 13 से 15 अगस्त तक हर घर, प्रतिष्ठान और सार्वजनिक स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और 15 अगस्त की शाम सम्मानपूर्वक उतारा जाएगा। अभियान के लिए प्रदेशस्तरीय टोलियां बनाई गई हैं।

# जयपुर मेटल्स संघर्ष समिति ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

## 25 वर्षों से लंबित मांगों पर त्वरित कार्रवाई की मांग

**जयपुर (मसं)।** जयपुर मेटल्स एण्ड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पीड़ित संघर्ष समिति के बैनर तले पूर्व कर्मचारियों ने उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पिछले 25 वर्षों से लंबित कर्मचारियों-मजदूरों की समस्याओं के समाधान और न्याय की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1999 में बिना कानूनी प्रक्रिया और सरकार की अनुमति के जयपुर मेटल्स उपक्रम को निजी हाथों में सौंपने के षड्यंत्र किए गए। इससे न केवल 1558 कर्मचारियों के परिवारों को नुकसान हुआ, बल्कि राज्य सरकार की सम्पत्तियों को भी हानि पहुंची। इस कारण पीड़ित मजदूरों और कर्मचारियों के 25 वर्ष संघर्ष, वेदना और अनिश्चितता में बीते। संघर्ष समिति ने मांग की कि सभी बकाया वेतन, पीएफ, इंक्रीमेंट एवं परिलाभों का शीघ्र भुगतान किया जाए। ओन रोल कर्मचारियों को अन्य राजकीय उपक्रमों में समायोजित किया जाए। साथ ही रजिस्ट्रार सहकारी समिति, जयपुर शहर एवं अन्य स्थानों में दर्ज परिवाद संख्या 869/023 पर शीघ्र कार्यवाही की मांग भी ज्ञापन में की गई।

**प्रतिनिधि मंडल में ये रहे शामिल:** इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र ताम्बी, समाजसेवी के.बी. शर्मा, राजस्थान किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार सारण, न्याय संघर्ष संगठन के अध्यक्ष अशोक मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कर्मचारियों में बृजेन्द्र सिंह चौधरी, कुलभूषण शर्मा, पूरण मेहरा, सुरेश चन्द सैनी, सीताराम लक्षकार आदि श्रमिक भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में राजस्थान सरकार से मानवीय और नैतिक आधार पर त्वरित न्याय और ठोस समाधान की मांग की।

# भागचंद साहू बने अध्यक्ष

**जयपुर (मसं)।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट एसोसिएशन शाखा सीएबी द्वितीय जयपुर के अभिकर्ताओं की एक आम सभा आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता रूपेंद्र सक्सेना ने की। मुख्य अतिथि लियाफी उत्तर क्षेत्र के महासचिव राजेंद्र सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि लियाफी उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुनील शर्मा थे। इस दौरान शाखा के द्विवार्षिक चुनाव भी कराए गए जिसमें अध्यक्ष भागचंद साहू, सचिव राजेंद्र जोशी, उपाध्यक्ष विनोद दरिया, कोषाध्यक्ष सूरजमल गुप्ता, संयुक्त सचिव, रवि प्रकाश मेहरा निर्विरोध निर्वाचित हुए। राजेंद्र सिंह राठौड़ ने शपथ दिलवाकर पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर सीकेएस अस्पताल द्वारा एक स्वास्थ्य परिचर्चा भी की गई, जिसमें डॉ. जीतेन्द्र गोस्वामी, डॉ संजय यादव, डॉ. विवेक प्रधान ने अभिकर्ताओं को नेन्फ्रोलॉजी यूरोलोजी व ऑर्थोपेडिक संबधित बीमारियों से बचाव सम्बन्धी जानकारी दी।



# सहकारिता निरीक्षकों ने की वेतन विसंगति और समयबद्ध पदोन्नति की मांग



**जयपुर (मसं)।** राज्य के सहकारिता निरीक्षकों ने वेतन विसंगति और समयबद्ध पदोन्नति की मांग को लेकर बुधवार को सहकारिता मंत्री को एक राज्य स्तरीय ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से सहकारिता निरीक्षकों ने वर्षों से लंबित वेतन विसंगति को समाप्त करने, समयबद्ध पदोन्नति तथा सेवा शर्तों में व्याप्त असमानताओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। विभाग के निरीक्षकों को अन्य समकक्ष विभागों की तुलना में कार्यभार अधिक एवं संसाधन न्यून प्राप्त हैं, बावजूद इसके उन्हें उचित पदोन्नति समय पर नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों में सहकारिता निरीक्षक संघ की जिला इकाइयों द्वारा जिला सहकारिता अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए, जिनमें राज्य स्तर पर प्रस्तुत मांगों को ही दोहराया गया।

# ओमाश्रम सेवाधाम में किया पौधरोपण कार्यक्रम

**जयपुर (मसं)।** समाजसेवी सेठ लक्ष्मी नारायण रामपुरा हिण्डोन की 26वीं पुण्यतिथि पर अनेक संस्थाओं ने विविध कार्यक्रम आयोजित किए। सेठ लक्ष्मी नारायण स्मृति संस्थान जयपुर के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाल ने बताया कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ओर से मुहाना स्थित ओमाश्रय सेवाधाम में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फोरम के सचिव सुनील काला ने बताया कि कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश दीपक माहेश्वरी और ग्रामीण बैंक के पूर्व एम.डी. ज्ञानेंद्र जैन विशिष्ट अतिथि रहे। सेवाधाम संचालक यशपाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। फोरम के कार्याध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि आयोजन की व्यवस्थाओं में अशोक मित्तल और सुकेश काला का पूर्ण सहयोग रहा। सदस्यों ने अशोक, मीठा नीम, अमरूद, नींबू, अनार, आम आदि के सौ पौधे लगाए। साथ ही वहां स्थित गौशाला में गायों को चारा भी खिलाया गया।



# सीएम धामी पहुंचे ग्राउंड जीरो पर, आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

## केंद्र और राज्य सरकार ने राहत-बचाव अभियान में झोंकी ताकत

महानगर संवाददाता

**देहरादून।** आपदा ग्रस्त धराली (उत्तरकाशी) में राहत एवं बचाव अभियान में केंद्र के साथ ही राज्य की एजेंसियां भी युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मौसम की चुनौतियों के बावजूद, आपदा ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की।

सीएम ने बचाव और राहत अभियान में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को मुख्यमंत्री धामी से फोन पर बातचीत कर आपदा और इसके बाद चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि राज्य सरकार राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई है। लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण कुछ क्षेत्रों में कठिनाइयां आ रही हैं, लेकिन सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं ताकि प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने मौके पर तैनात राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे कर्मियों से भी मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री और सहायता समयबद्ध तरीके से सभी प्रभावितों तक पहुंचे। राहत कार्यों को गति देने के उद्देश्य से दो हेलिकॉप्टरों के माध्यम से आवश्यक खाद्य सामग्री और राहत सामग्री धराली क्षेत्र में पहुंचाई गई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से भारी मशीनरी भी पहुंचाई जा रही है, जिससे मार्गों की मरम्मत, मलबा हटाने और अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्रता से अंजाम दिया जा सके। राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रभावित व्यक्ति तक राहत पहुंचाना और सामान्य स्थिति बहाल करना है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रहे। बचाव अभियान में सेना के 125 अधिकारी और जवान, आईटीबीपी के 83 अधिकारी और जवान भी लगे हुए हैं। इधर, बीआरओ के 06 अधिकारी, 100 से अधिक मजदूरों के साथ बाधित सड़कों को खोलने में जुटे हुए हैं।



### दून और ऋषिकेश एम्स में बेड आरक्षित

स्वास्थ्य विभाग ने आपदा में घायलों को उपचार प्रदान करने के लिए दून मेडिकल कॉलेज, कोरोनेशन जिला अस्पताल और एम्स ऋषिकेश में बेड आरक्षित किए हैं, साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों का भी उत्तरकाशी के लिए रवाना किया गया है। विशेष रूप से मनोचिकित्सक भी आपदाग्रस्त क्षेत्र में भेजे गए हैं।

### झाला - हर्षिल में राहत शिविर शुरू

प्रशासन ने इंटर कॉलेज हर्षिल, जीएमवीएन और झाला में राहत शिविर प्रारंभ किए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली और संचार नेटवर्क को बहाल किए जाने के प्रयास भी युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। एनआईएम और एसडीआरएफ लिम्चागाड में अस्थायी पुल निर्माण में भी जुट गई है।

# भारतीय नागरिकों के विदेश में जन्मे बच्चों के हित सुरक्षित करे सरकार : हाईकोर्ट

## गृह मंत्रालय से कहा-कानून की समीक्षा करें और जरूरत होने पर उन्हें संशोधित करें

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय को कहा है कि वह भारतीय नागरिकों के विदेश में जन्मे बच्चों के हितों को सुरक्षित करने के लिए कानून की समीक्षा करे और जरूरत पड़ने पर उन्हें संशोधित करने पर विचार करे। अदालत ने कहा कि ऐसे बच्चों के कल्याण के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे को मजबूत करने और देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ऐसे अनूठी परिस्थिति में बच्चों के अधिकारों की रक्षा हो सके। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश सेहर गोगिया के अपने पिता के जरिए दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि इमिग्रेशन ब्यूरो ने याचिकाकर्ता की मां की एनओसी के बिना उसकी वीजा अवधि अधिकतम समय के लिए बढ़ाई। वहीं इस दौरान याचिकाकर्ता ब्यूरो में ओसीआई कार्ड के लिए आवेदन करे। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पांच साल की बच्ची है और उसे ऑस्ट्रेलिया निर्वासित करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। याचिका में अधिवक्ता राजेश कुमार ने कहा कि उसके माता-पिता का मार्च, 2018 में विवाह हुआ था। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया गए थे। जहां 1 जून, 2020 को याचिकाकर्ता का जन्म हुआ। इस पर वहां की सरकार ने नवंबर, 2021 में याचिकाकर्ता को नागरिकता दे दी। इसके बाद वह भारत सरकार से वीजा लेकर अपने माता-पिता के साथ यहां आ गई।

इस दौरान उसकी समय-समय पर वीजा अवधि 24 जनवरी, 2024 तक बढ़ाई गई।



याचिका में कहा गया कि इस बीच याचिकाकर्ता के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद पैदा हो गया और उसकी मां ने याचिकाकर्ता के पिता पर कई केस कर दिए।

वहीं याचिकाकर्ता की ओर से इमिग्रेशन ब्यूरो में याचिकाकर्ता की वीजा अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया, जिसे ब्यूरो ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उसकी मां ने वीजा अवधि बढ़ाने के लिए एनओसी नहीं दी। ऐसे में याचिकाकर्ता को आशंका है कि उसे अवैध प्रवासी मानकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसलिए मामले में कोर्ट दखल देकर उसकी वीजा अवधि बढ़ाए। इसका विरोध करते हुए इमिग्रेशन ब्यूरो की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता की ओर से अभी तक ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया कार्ड के लिए आवेदन नहीं किया गया है। हालांकि इसके बावजूद भी विभाग याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई या उसे डिपोर्ट नहीं कर रहा है। ब्यूरो की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता आस्ट्रेलिया की नागरिक है और उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं है। इसलिए याचिका को खारिज किया जाए।

### कुमावत को एड-हॉक कमेटी का कन्वीनर बनाने पर मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एड-हॉक कमेटी के कन्वीनर के तौर पर दीनदयाल कुमावत की नियुक्ति करने पर सहकारिता रजिस्ट्रार, आरसीए और दीनदयाल कुमावत को नोटिस जारी कर 19 अगस्त तक जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता मधुसुदन सिंह ने बताया कि याचिकाकर्ता क्रिकेट संघ की वर्तमान कार्यकारिणी को साल 2022 से 2026 के लिए चुना गया था। दीनदयाल कुमावत अपने आप को सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ का अध्यक्ष होने का दावा करते हैं। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में अन्य याचिका लंबित है। याचिका में कहा गया कि सहकारिता विभाग ने गत 27 जून को दीनदयाल कुमावत को आरसीए की एड-हॉक कमेटी का कन्वीनर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति नियमों के खिलाफ है। एड-हॉक कमेटी का कंवीनर वह व्यक्ति ही बन सकता है, जो आरसीए चुनाव लड़ने के लिए पात्र हो। दीन दयाल कुमावत का सवाई माधोपुर से कोई रिश्ता ही नहीं है। वे ना तो सवाई माधोपुर में जन्मे और ना ही वहां निवास करते हैं। वे सवाई माधोपुर के किसी प्राइमरी क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी भी नहीं है। ऐसे में वे जिला संघ के किसी पद के लिए भी पात्र नहीं हैं। इसके बावजूद भी उन्हें एड-हॉक कमेटी का कंवीनर बनाया गया है। इसलिए उनके नियुक्ति आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों और दीनदयाल कुमावत को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## कांग्रेस के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष ने संभाला पदभार

# प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का निर्माण पहली प्राथमिकता : बोहरा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** धौलपुर के राजाखेड़ा से लगातार दूसरी बार विधायक और पूर्व वित्त मंत्री प्रद्युम्न सिंह के पुत्र रोहित बोहरा ने मंगलवार को पीसीसी मुख्यालय में कोषाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। जहां कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

गौरतलब है कि यह पद काफी समय से खाली था। पहले इस पद पर सीताराम अग्रवाल थे, उन्होंने लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस छोड़ दी थी। उसके बाद से ही लगभग डेढ़ साल से यह पद खाली था। इसके पहले भी सचिन पायलट जब कांग्रेस अध्यक्ष बने थे, उस समय चंद्रजी बडाया कोषाध्यक्ष थे, उनके निधन के बाद लगभग साढ़े तीन से चार साल तक से यह पद खाली ही रहा। फिर इस पद की जिम्मेदारी सीताराम अग्रवाल को सौंपी थी। वे भाजपा में चले गए। इसके बाद अब रोहित बोहरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बोहरा ने कहा कि मानसरोवर में पीसीसी के नए भवन का निर्माण दो साल में पूरा करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए कवायद शुरू कर दी है। बोहरा ने कहा कि नए भवन का नक्शा तैयार करवा लिया है। पूजन भी हो गया, अब जल्द ही काम चालू हो जाएगा। साथ ही हमारी कोशिश होगी कि हर जिले में डीसीसी (जिला कांग्रेस कार्यालय) का निर्माण हो।

### कुबेरेश्वर धाम में 3 श्रद्धालुओं की मौत

**सीहोर (मसं)।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में स्थित प्रसिद्ध शिव पुराण कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के कुबरेश्वर धाम के लिए बुधवार का दिन भी अच्छा नहीं गुजरा। इस दौरान यहां 3 लोगों की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को भगदड़ में दो महिलाओं की जान चली गई थी। हालांकि बुधवार को हुई तीन लोगों की मौत की वजह घबराहट और चक्कर आने के साथ हार्ट अटैक को बताई जा रही है। इस तरह बीते दो दिनों में कुबेरेश्वर धाम में कुल पांच लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं कुछ लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। गौरतलब कि सीहोर में पंडित प्रदीप मिश्रा ने बुधवार को भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया था, जिसमें शामिल होने देशभर से करीब ढाई लाख श्रद्धालु पहुंचे थे।

# 'मां का दूध है अमृत' नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में चांदपोल स्थित जनाना अस्पताल में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ. नूपुर लोरिया के अनुसार इन कार्यक्रमों का उद्देश्य गर्भवती माताओं और आम जनता को स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक करना है। जनाना अस्पताल की नवजात शिशु इकाई के प्रभारी डॉ.आलोक गोयल ने बताया कि प्रसव पूर्व जांच इकाई के प्रभारी रमेश सैनी और विद्या कुमारी के नेतृत्व में एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से गर्भवती माताओं को स्तनपान के फायदों के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर अस्पताल की नर्सरी में पोस्टर और स्लोगन की प्रदर्शनी भी लगाई गई। स्तनपान पर एक विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में शिशु औषध विभागाध्यक्ष डॉ. कैलाश मीणा, डॉ. विजेंद्र गर्ग, जयपुर आई ए पी सचिव मोहित वोहरा, डॉ. उमेश गुर्जर , रमेश टांक, सरोज कुड़िया और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# 'फ्लेवर फेस्ट' उत्सव में कोलाज मेकिंग, क्विज, पिन बोर्ड, नृत्य नाटिका प्रतियोगिताएं आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल में 'फ्लेयर फेस्ट' उत्सव आयोजन किया गया। वार्षिक अंतर विद्यालय सांस्कृतिक उत्सव में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिभाशाली छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में कोलाज मेकिंग, इफ हिस्ट्री कुड स्पीक, स्पेल-भाषा, लॉजिक एण्ड लैंग्वेज (क्विज), स्पीकिंग वॉल्स (पिन बोर्ड), नृत्य नाटिका आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

जयश्री पेरीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन, डॉ. जयश्री पेरीवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. जयश्री पेरीवाल ने कहा हम सपनों की शक्ति और उपलब्धि की खुशी में विश्वास करते हैं। फ्लेयर फेस्ट आयोजन उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और हर छात्र की क्षमता में हमारे अटूट विश्वास का प्रमाण है। इससे पूर्व, प्रधानाचार्या मधु मैनी ने छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा की भावना को गले लगाने के महत्व पर जोर दिया।

डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। जूनियर श्रेणी में ब्राइटलैण्ड गर्ल्स स्कूल, वैशाली नगर ने विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि सीनियर कैटेगरी में संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स को विजेता घोषित किया गया। जूनियर कैटेगरी में रूकमणी बिरला प्रथम रनरअप, महावीर पब्लिक स्कूल द्वितीय रनरअप एवं कपिल ज्ञानपीठ स्कूल तृतीय रनरअप रहे। महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल, जगतपुरा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सीनियर कैटेगरी में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर प्रथम रनरअप, मयूर स्कूल, अजमेर द्वितीय रनरअप एवं संस्कार स्कूल तृतीय रनरअप रहे। टैगोर इन्टरनेशनल स्कूल, मानसरोवर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।




# पिंकसिटी की संस्कृति से रूबरू हुए 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरी : बींदणी' शो के सितारे

**हर** कहानी के पर्दे पर आने से पहले वो कलाकारों की रूह में उतरती है। वो किरदार, जो सिर्फ स्क्रिप्ट पर लिखा होता है, असल में तब जागता है जब कलाकार उसे जीने लगते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ जब 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरी : बींदणी' की टीम राजस्थान की रूह जयपुर पहुंची। स्थानीय संस्कृति को करीब से जानने, बींदणियों के संघर्ष को समझने से लेकर स्वादिष्ट राजस्थानी थाली के साथ दिलों का मेल करने तक आकाश जग्गा, गौरी शेलगांवकर और मोनिका खन्ना के लिए यह जयपुर यात्रा एक भावुक कर देने वाला यादगार अनुभव बन गया। यह शो राजस्थान के एक छोटे से गांव की एक जिंदादिल और साहसी लड़की घेवर की कहानी पर आधारित है। मां-बाप के देहांत के बाद उसका पालन-पोषण बड़े भाई और भाभी ने बड़े प्यार से किया, लेकिन जिंदगी तब एक अनचाहा मोड़ लेती है, जब किस्मत उनकी चौखट पर एक नवजात शिशु को लाकर खड़ा कर देती है। एक ऐसा बच्चा, जो दो बिल्कुल अलग जिंदगियों को आपस में जोड़ता है। उम्मीद, दर्द और छिपे हुए राह के इस तूफान में घेवर खुद को एक ऐसी कहानी में फंसा पाती है जहां वादे, त्याग और एक स्त्री का अपने प्यार और अपने रिश्तों को बचाने का संघर्ष छिपा है। यह सिर्फ उसकी कहानी नहीं, बल्कि हर उस नारी की कहानी है, जो परंपरा की चुनरी ओढ़कर भी अपने अधिकार और आत्मसम्मान की लड़ाई पूरी शिद्दत से लड़ती है।

शो में घेवर का किरदार निभा रही गौरी शेलगांवकर ने जयपुर यात्रा को एक बेहद सुंदर अनुभव बताते हुए कहा कि यह मेरी पहली राजस्थान की यात्रा है और मैं दिल से आभारी हूं कि इस शो ने मुझे इस खूबसूरत धरती को देखने का मौका दिया। जयपुर में मुझे वह समृद्ध संस्कृति देखने को मिली, जिसके बारे में मैं अब तक सिर्फ सुनती आई थी। सबसे खास बात यह रही कि मुझे कुछ रियल लाइफ बींदणियों से मिलने का अवसर मिला। जब मैंने उनकी कहानियां सुनीं तो वे मेरे दिल को छू गई। ऐसा लगा मानो वे सचमुच वही जीवन जी रही हैं, जिसे मैं अपने किरदार 'घेवर' के ज़रिए परदे पर दिखा रही हूं। इस अनुभव ने मेरे और मेरे किरदार के बीच एक खास रिश्ता बना दिया। उनकी यात्रा ने मुझे अपने अभिनय में और अधिक सच्चाई और संवेदना लाने की प्रेरणा दी है। मैं खुद को बेहद सौभाग्यशाली मानती हूं कि मैं ऐसे शो का हिस्सा हूं, जो न केवल राजस्थान की रंग-बिरंगी परंपराओं का उत्सव मनाता है, बल्कि उन घूंघट के पीछे छुपी महिलाओं की अनकही शक्ति को सामने लाता है। उनके जीवन को पास से देख उनकी खामोश हिम्मत को महसूस कर जो भावनाएं दिल में बसी हैं वो हमेशा मेरे साथ रहेंगी।



### 'जयपुर मेरा अपना घर है'

जयपुर में बिताए लम्हों को संजोते हुए कुंदन का किरदार निभा रहे अभिनेता आकाश जग्गा ने कहा कि जयपुर मेरा अपना घर है। यहां आना हमेशा से मुझे एक सुकून भरा अहसास देता है, लेकिन इस बार की यात्रा कुछ खास थी, क्योंकि पहली बार मैं अपने सह-कलाकारों के साथ अपने शहर को एक्सप्लोर कर रहा था। बचपन से हर गली, हर मोड़ को जानता हूं तो इस बार मैं एक होस्ट बन गया और उन्हें असली स्थानीय अनुभव देने की कोशिश की। यहां की खास चीजों को दिखाने से लेकर पारंपरिक राजस्थानी थाली का आनंद उठाने तक यह अनुभव यादों और भावनाओं से भरपूर था। जब मैंने देखा कि वे भी मेरे इस प्यारे शहर और इसके स्वाद के दीवाने हो गए तो दिल गर्व से भर गया। अपने शहर लौटकर एक ऐसे प्रोजेक्ट के लिए काम करना, जो हमारी संस्कृति को दिखाता है ये सच में मेरे लिए बेहद मायने रखता है। जयपुर दौरे को लेकर अपनी उत्सुकता और खुशी जाहिर करते हुए रमकुड़ी का किरदार निभा रही मोनिका खन्ना ने कहा कि मैं पहले भी जयपुर आ चुकी हूं, लेकिन हर बार का अनुभव बिल्कुल अलग रहा है। इस बार कुछ खास बात थी, क्योंकि हम यहां अपने शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरी : बींदणी' के लिए आए थे। यह यात्रा सिर्फ मौज-मस्ती तक सीमित नहीं रही। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा भी। इस शहर को नजदीक से देखने और समझने से मुझे यहां की लोक संस्कृति, भाषा व जीवनशैली की गहराई समझ में आई, जो मेरे किरदार से जुड़ने में बहुत मददगार रही। सबसे अच्छी बात ये रही कि हमारे साथ एक सच्चे राजस्थानी आकाश भी थे। उन्होंने हमें राजस्थान का एक ऐसा पहलू दिखाया, जिसे शायद हम खुद से नहीं देख पाते। इसने हमारी जर्नी को और भी खास और यादगार बना दिया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# री-केवाईसी 30 सितंबर तक करवाना जरूरी, आरबीआई ने दिए निर्देश

## आरबीआई ने बैंकों को गांव जाकर फ्री में री-केवाईसी करने के दिए निर्देश

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने बुधवार को 3 बदलावों की घोषणा की है। ये बदलाव जनधन स्कीम, इंश्योरेंस क्लेम रूल्स और निवेश से जुड़े हैं।




मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में इन बदलावों पर फैसला लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार यानी 6 अगस्त को इसकी जानकारी दी।

**डेड अकाउंट होल्डर्स के क्लेम्स के लिए एक प्रोसेस:** आरबीआई ने डेड अकाउंट होल्डर्स के क्लेम्स सेटलमेंट के लिए यूनिफॉर्म प्रोसेस की घोषणा की है। अभी तक, हर बैंक के नियम अलग होते थे, जिससे परिवार वालों को कंफ्यूजन, सेटेलमेंट में देरी और परेशानी होती थी। जल्द ही सभी बैंकों के लिए मृत ग्राहकों के क्लेम सेटलमेंट (दावे के निपटारे) के लिए एक जैसे नियम लागू किए जाएंगे। नॉमिनी, कानूनी वारिस या परिवार के सदस्यों के लिए एक जैसी प्रक्रिया और एक जैसे दस्तावेज होंगे। इससे बैंक में क्लेम करना और पैसे निकालना आसान हो जाएगा।

### जन धन योजना के लिए होगी पुनः केवाईसी

जन धन योजना के लिए विशेष अभियान जन धन योजना को 10 साल पूरे होने वाले हैं, और बहुत से अकाउंट होल्डर्स को अपना केवाईसी अपडेट कराना है। इसे देखते हुए, आरबीआई ने बैंकों को 1 जुलाई से 30 सितंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाने का निर्देश दिया है। इन कैंपों में लोग अपना पुनः केवाईसी करा सकेंगे, नए खाते खुलवा सकेंगे, और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी ले सकेंगे।

### सरकारी बॉन्ड में निवेश होगा ऑटोमैटिक

आरबीआई ने रिटेल निवेशकों (आम लोगों) के लिए सरकारी बॉन्ड्स (ट्रेजरी बिल्स या टी-बिल) में निवेश करना सरल बना दिया है। आरबीआई के 'रिटेल डायरेक्ट' पोर्टल पर एक नया 'ऑटो-बिडिंग' फीचर जोड़ा गया है। इस फीचर से आप एक बार में ही नए और दोबारा निवेश के लिए ऑटोमेटिक बोली लगा सकते हैं। इससे आपको बार-बार मैन्युअल रूप से बोली लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। टी-बिल्स में फ्रेश इन्वेस्टमेंट्स और री-इन्वेस्टमेंट्स को ऑटोमेटिक बिड्स के जरिए शेड्यूल कर सकेंगे। उदाहरण के लिए, अगर कोई इन्वेस्टर रेगुलरली टी-बिल्स में निवेश करना चाहता है, तो वह इसे ऑटोमेटिक सेट कर सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5 पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत की थीं।

# वोल्वो ने 71.90 लाख की शुरुआती कीमत पर लॉन्च की लग्जरी एसयूवी




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान वोल्वो ने अपने शोरूम में नवीनतम एक्ससी 60 का अनावरण किया। इस अवसर पर वोल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मल्होत्रा और डीलर प्रिंसिपल साई गिरिधर उपस्थित रहे।

वोल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि1 अगस्त को वोल्वो कार इंडिया ने नई दिल्ली के हयात रीजेंसी में नवीनतम एक्ससी 60 माइल्ड हाइब्रिड को लॉन्च किया था, जिसकी प्रारंभिक एक्स-शोरूम कीमत 71,90,000 रुपए रखी गई है। प्रतिष्ठित माई26 मॉडल को इस बार एक महत्वपूर्ण अपडेट दिया गया है, जिसमें नए जेनरेशन के इंफोटेनमेंट सिस्टम, उन्नत सुरक्षा फीचर्स और आधुनिक स्कैंडेनेवियन डिज़ाइन लैंग्वेज शामिल हैं। यह कार वोल्वो कार्स के नए जेनरेशन के नए लुक वाले यूज़र इंटरफेस से सुसज्जित है, जिसे वाहन के साथ एक सुरक्षित और अधिक आनंददायक इंटरएक्शन प्रदान करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। उन्नत सुरक्षा और ड्राइविंग तकनीकों जैसे कि सिटी सेफ्टी, रन-ऑफ रोड प्रोटेक्शन, ऑनकमिंग लेन मिटिगेशन, पायलट असिस्ट और अडैप्टिव क्रूज़ कंट्रोल के साथ, यह कार एक अधिक सहज, सुरक्षित और आत्मविश्वासपूर्ण ड्राइविंग अनुभव सुनिश्चित करती है। राजस्थान वोल्वो के डीलर प्रिंसिपल साई गिरिधर ने कहा कि ग्राहक इस लोकप्रिय एसयूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और इसका आगमन त्योहारों के इस खास मौके पर एकदम सही समय पर हुआ है।

### इंटीरियर

एक्ससी 60 में बड़ा 11.2-इंच का सेंट्रल टचस्क्रीन दिया गया है, जो क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन कॉकपिट प्लेटफॉर्म प्रोसेसर द्वारा संचालित होता है। कार के इंटीरियर को और प्रीमियम बनाने के लिए इसमें असली लकड़ी की खास इनले और कंट्रास्ट सिलाई के साथ एक्सक्लूसिव चारकोल डैशबोर्ड दिया गया है, जो स्कैंडिनेवियन लक्जरी का बेहतरीन अहसास कराता है। इंटीरियर में सबसे आकर्षक बदलाव नया ब्लॉन्ड इंटीरियर है, जो केबिन को और अधिक उज्जवल,शांत और बेहद शानदार माहौल प्रदान करता है। नए अलॉय व्हील्स (19-इंच के 5-डबल स्पोक ग्लॉसी ब्लैक डायमंड कट) भी शामिल हैं। ग्राहक अब एक परिष्कृत रंगों की रेंज में से चुन सकते हैं, जिसमें फॉरेस्ट लेक, क्रिस्टल व्हाइट, ओनिक्स ब्लैक, डेनिम ब्लू, ब्राइट डस्क और वेपर ग्रे जैसे विकल्प शामिल हैं। प्रकृति से प्रेरित नया फॉरेस्ट लेक रंग ग्राहकों का पसंदीदा बनने के लिए तैयार है, जो किसी भी सड़क पर शानदार दिखेगा।

# श्वेत क्रांति 2.0 के तहत पांच साल में दूध खरीद 50 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य: शाह

## संसदीय सलाहकार समिति की बैठक, महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा पेश की

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार सहकारिता-आधारित श्वेत क्रांति 2.0 के तहत अगले पांच वर्षों में दूध की खरीद में 50 प्रतिशत वृद्धि के लिए काम कर रही है।



शाह ने संसदीय सलाहकार समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहकारी क्षेत्र के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। इसमें दो लाख बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापना का लक्ष्य भी शामिल है। इस पहल के तहत अब तक 35,395 नई सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है। शाह ने कहा, 'सहकारिता मंत्रालय सहकारी समितियों को जीवंत और सफल व्यावसायिक इकाइयों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। सहकारी क्षेत्र भूमिहीन और गरीब लोगों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।' उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति 2.0 के तहत डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कुल 15,691 नई डेयरी सहकारी समितियों का पंजीकरण हुआ है, जबकि 11,871 मौजूदा समितियों को मजबूत किया गया है। एक बयान के मुताबिक, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और 15 राज्यों के 25 दुग्ध संघों ने डेयरी सहकारी समितियों में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

सहकारिता मंत्री ने इस क्षेत्र के विकास के लिए स्थापित राष्ट्रीय स्तर की तीन सहकारी समितियों का भी उल्लेख किया। राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लि. (एनसीओएल) किसानों के जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और विपणन का कार्य करती है। राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. (एनसीईएल) किसानों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात करने की सुविधा प्रदान करती है जबकि भारतीय बीज सहकारी समिति लि. (बीबीएसएसएल) भारत के पारंपरिक बीजों के संरक्षण, भंडारण और उत्पादन पर केंद्रित है।

इस दौरान शाह ने कहा कि मोदी सरकार पारंपरिक बीजों के लिए छोटे किसानों के साथ अनुबंध करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें इन पहलों का लाभ मिले। मंत्रालय ने पिछले चार वर्षों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स), डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारी बैंकों, चीनी सहकारी समितियों और शासन प्रणालियों को मजबूत करने के लिए 100 से अधिक पहल की हैं। इनमें डिजिटल सुधार, नीतिगत बदलाव, वित्तीय सहायता और संस्थागत क्षमता निर्माण शामिल हैं। बैठक के दौरान सहकारिता मंत्रालय ने पिछले चार साल में की गई विभिन्न पहलों पर समिति को जानकारी दी।

# फोर्टिस अस्पताल के 5 से 15 वर्ष सेवा करने वाले कर्मचारियों का सम्मान



**जयपुर (मसं)।** फोर्टिस अस्पताल ने 2 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में कल्चरल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं अन्य कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। साथ ही हॉस्पिटल में अपनी 5, 10 एवं 15 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों को सम्मानपत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

डॉ. मनीष कुमार अग्रवाल (फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस) ने कहा कि पिछले 18 वर्षों में, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर ने विश्वस्तरीय सुविधाओं को विकसित करने में सफलतापूर्वक कामयाबी हासिल की है। 120 से अधिक क्रिटिकल केयर आईसीयू बेड के साथ एक्मो तकनीक से अत्यधिक गंभीर रोगियों की जान बचाई है। फोर्टिस जयपुर में रोबोटिक तकनीक द्वारा जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के अलावा यूरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी, जनरल सर्जरी, गायनिकोलोजी एवं कार्डियक सर्जरी की जा रही है। न्यूरो माइक्रोस्कोप 4के तकनीक द्वारा ब्रेन एवं स्पाइन की सर्जरी, समर्पित स्ट्रोक यूनिट, जटिलतम गैस्ट्रो सर्जरी के साथ ही एचआईपीईसी तकनीक द्वारा पेट के कैंसर की सर्जरी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस तकनीक द्वारा पेट के कैंसर की प्रारंभिक जाँच संभव है। उन्होंने बताया कि फोर्टिस अस्पताल की 18 साल की यात्रा करुणामय देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति से भरी रही है। हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज बनाने के लिए रूप से काम कर रहे हैं।

## जुर्गन वेस्टरमियर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त

| 6. | मदन मोहन शर्मा | राम जी लाल शर्मा | भू.सं. आई-119, संजीवनी रॉयल्स ब्लॉक-आई, चाकसू | 200.82 वर्गमीटर | नियमन |
| 7. | मदन मोहन शर्मा | राम जी लाल शर्मा | भू.सं. आई-120, संजीवनी रॉयल्स ब्लॉक-आई, चाकसू | 200.82 वर्गमीटर | नियमन |
| 8. | अनुप्रिया सिंह | मनीष कुमार राय | भू.सं. एसएस-7, संजीवनी संजीवनी रॉयल्स ब्लॉक-एसएस, चाकसू | 79.98 वर्गमीटर | नियमन |
| 9. | अमरेश सिंह | बारेलाल | भू.सं. बी-114, संजीवनी सेण्ट्रल, चाकसू | 89.73 वर्गमीटर | नियमन |

उक्त भूमि के नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर-2 इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जावेगी एवं तद्मानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। उक्त सूचना आज दिनांक 06/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया।

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका चाकसू**

## कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**CAD सर्किल के पास कोटा**

फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट: Lsg.rajasthan.gov.in/uitkota

**एफ 11/नीलामी/2025/8176** **दिनांक : 05.08.2025**

### ई-आक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

प्राधिकरण द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना में (कोटा विश्वविद्यालय दक्षिण के में स्थित) ग्रुप हाउसिंग हेतु भूखण्ड संख्या:-02 कॉर्नर को नीलाम किया जा रहा है। जो कि मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना की 36 मीटर चौड़ी सड़क पर एवं नंदग्राम धाम के पीछे स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 25.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे से शुरु होगा तथा दिनांक 27.08.2025 को दोपहर 02.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्तें एवं अन्य जानकारी Lsg.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में प्राधिकरण में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। फोन नं. 0744-2500539 / (Helpline For Online Support-01412560211 पर सम्पर्क करें।

**मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना में कोटा विश्वविद्यालय दक्षिण के में स्थित ग्रुप हाउसिंग हेतु भूखण्ड संख्या :-02 कॉर्नर**
**क्षेत्रफल :- 8034.60 वर्गमीटर**
**प्रारम्भिक नीलामी दर :- 13000/- प्र. व.मी.**
**आरक्षित दर : - 12000/- प्र.व.मी.**
**धरोहर राशि-- 2089000/-**

**सचिव**
**कोटा विकास प्राधिकरण**



## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकःजविप्रा/उपा./जोन-09/2025 डी-3127 दिनांकः 6.8.25
ऑनलाईन आवेदन-237833

### आम सूचना

निजी खातेदारी की योजना राजलक्ष्मी एनक्लेव चतुर्थ के भूखण्ड संख्या 25 क्षे. 200.00 व.ग. की लीजडीड दिनाक 30.09.2013 को कैलाश चन्द शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा के नाम से जारी की गयी है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 18.12.2014 को कैलाश चन्द शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा द्वारा संजय भण्डारी पुत्र विजय कुमार भण्डारी को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.04.2019 को संजय भण्डारी पुत्र विजय कुमार भण्डारी द्वारा पार्वती मीणा पत्नी हरी सिंह मीणा को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का जरिये रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 10.07.2025 को पार्वती मीणा पत्नी हरी सिंह मीणा द्वारा आशुतोष मीणा पुत्र हरी सिंह मीणा को कर दिया गया। आवेदक द्वारा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है। अतः निजी खातेदारी की योजना राजलक्ष्मी एनक्लेव चतुर्थ के भूखण्ड संख्या 25 क्षे. 200.00 व.ग. का नाम हस्तांतरण जारी किये जाने के सम्बंध में कार्यवाही की जानी है। इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस कि अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर**

## उत्तर पश्चिम रेलवे

### ई-निविदा सूचना

पत्र सं.- 92-EL/TRD/JU/TEND/07&08 दिनांक: 05.08.2025
डी.आर.एम./कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 29.08.2025 को 15.00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय :** 29.08.2025 को 15.00 बजे के बाद **निविदा संख्या** : 07-TRD-JU-ETENDER-25-26 **कार्य का नाम** : Provision of SSP at 15 different locations over JU division to enhance operational efficiency of TRD system. **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :** ₹ 117862065.39 **निविदा संख्या :** 08-TRD-JU-ETENDER-25-26 **कार्य का नाम** : Annual Maintenance Contract of Cummins Make Engine with other parts of 01 no. of 08-Wheeler Tower Wagons Over Jodhpur Division For a Period of 03 Years. **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :** ₹ 5247752.00 **विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।**

**972-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-एन-2025-136 दिनांकः 04.08.2025

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः**झाँसी डिवीज़न : एक्सटेंशन / रेजिंग ऑफ़ प्लेटफार्म नंबर 1/2 एंड 3/4 टू हाई लेवल फॉर रेकोयूपमेंट ऑफ़ शोर्टफॉल इन एमईए एट कोटरा अंडर वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-ग्वालियर सेक्शन।

**अनुमानित लागत** : ₹51673842.09 | **अमानत राशि** : ₹ 408400.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 03/09/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 10 माह

निविदा दिनांक 03.09.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1383/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### आरएसी जवान के रिश्तेदार सीआरपीएफ कमांडेंट समेत 4 लोगों के खिलाफ मर्डर का आरोप

# अवैध संबंध या जमीनी विवाद में उलझी हत्या की गुत्थी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में लेबर इंस्पेक्टर शंकर लाल बलाई की हत्या के पीछे असली वजह अवैध संबंध थी या जमीनी विवाद, पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में लगी है। हत्या करने वाला आरएसी जवान जहां लेबर इंस्पेक्टर के पूर्व मंगेतर से अवैध संबंध की बात बोल रहा है। वहीं लेबर इंस्पेक्टर के भाई ने जमीन से जुड़ी विवाद में हत्या की बात कही है। उन्होंने आरएसी जवान



के रिश्तेदार सीआरपीएफ कमांडेंट समेत 4 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है।

गौरतलब है कि बगरु इलाके के वाटिका सिटी में मंगलवार सुबह लेबर इंस्पेक्टर की हत्या हुई थी। आरोपी अजय ने पुलिस को बताया कि उसकी सगाई मार्च 2024 में हुई।

उसकी सगाई लेबर इंस्पेक्टर के ससुर ने कराई थी। इसके बाद करीब 6 महीने तक सब अच्छा रहा। दोनों की वीडियो कॉल पर भी बात होती थी। इस बीच उसे मंगेतर व शंकर लाल के बीच अवैध संबंध का शक होने लगा था। इस कारण उसने सातवें महीने में सगाई तोड़ दी, लेकिन युवती उसे परेशान करती रही, इसलिए उसने परेशान होकर शंकर लाल की हत्या की प्लानिंग की। लेबर इंस्पेक्टर की हत्या करने के लिए आरोपी 50 बुलेट लेकर पहुंचा था। फुलेरा थाना सीआई चंद्र प्रकाश को आरोपी के पास एक बैग मिला है, जिसमें 27 राउंड मिले हैं। बाकी उसने मैगजीन में भर दिए थे। क्राइम सीन पर पहुंचने पर उसने कई राउंड फायर किए, जिसमें कुछ हवा में चलाए, बाकी लेबर इंस्पेक्टर शंकर लाल पर चले। उसे खुद भी ध्यान नहीं है कि कितने राउंड फायर एसएलआर से किए थे।

#### आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया

डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि शंकर लाल के भाई बाबू लाल बलाई ने बगरू थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, इसमें मुख्य आरोपी आरएसी जवान अजय कटारिया, उसके सगे भाई विजय कटारिया का नाम है। वहीं, अजय के रिश्तदोर सीआरपीएफ कमांडेंट शिवनारायण बलाई व उसके भाई पूरणदास पुत्र मनोहरदास बलाई पर हत्या करने और साजिश रचने का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

#### मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन

हत्या के बाद मृतक का परिवार बगरू सीएचसी की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठा था। परिजनों का कहना था कि मुख्य आरोपी अजय सहित चार जनों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर अरेस्ट किया जाए। मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी मिले। इसके साथ ही मामले की जांच एसआईटी की ओर से जाए। पुलिस आलाधिकारियों की समझाइश के बाद नामजद एफआईआर दर्ज कर एसआईटी का गठन कर जांच करवाने की बात पर सहमति बनी। इसके बाद पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सरेआम आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर लूटी महिला की चेन



**जयपुर (मसं)।** बाइक सवार बदमाशों ने सरेआम मंदिर से घर लौट रही बुजुर्ग महिला की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर चेन लूट ली। वह संभल पाती इससे पहले ही बदमाशों ने धक्का देकर उसे गिरा दिया और गले से चेन तोड़ ले गए। यह पूरी घटना जयपुर के पॉश एरिया शिप्रा पथ में हुई है। पुलिस ने बताया कि शांति नगर दुर्गापुरा की रहने वाली सुशीला देवी के साथ चेन लूट की वारदात हुई है। वह जैन मंदिर में दर्शन करके घर लौट रही थीं। घर से 200 मीटर की दूरी पर बाइक सवार दो बदमाश सामने से आए। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने हाथ में मिर्च पाउडर ले रखा था। उसने सुशीला देवी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। आंख का ऑपरेशन होने के कारण सुशीला देवी ने चश्मा पहन रखा था। इस कारण आंखें बच गईं। बदमाश ने उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा दिया और चेन तोड़कर भाग गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर एक महिला और एक व्यक्ति भागकर आए। उन्होंने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वह उन्हें पकड़ नहीं पाए।

## फर्जी दस्तावेजों से बैंक को लगाया 9 लाख का चूना, गिरफ्तार

**जयपुर (मसं)।** कालाडेरा थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से 9 लाख



रुपए का लोन लेने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा के अनुसार एसबीआई शाखा प्रबंधक मूलचंद जाट ने फरवरी माह में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। आरोपी किशोर कुमार ने खुद को जयपुर में रेलवे का कर्मचारी बताया था। उसने फर्जी वेतन पर्ची लगाकर लोन प्राप्त किया था। जब उसने किस्त जमा नहीं की, तब बैंक प्रबंधक को शक हुआ। गोविंदगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ के निरीक्षण में मामले की जांच शुरू की गई। जांच में पाया गया कि लोन अकाउंट में दिए गए पते पर किशोर शर्मा नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता था। आरोपी ने किसी दूसरे के आधार कार्ड में अपना फोटो और नाम एडिट करवा लिया था। रेलवे के रिकॉर्ड में भी इस नाम से कोई कर्मचारी नहीं मिला। पुलिस ने लोन ट्रांसफर खाते का रिकॉर्ड प्राप्त किया तो पता चला कि आरोपी किशोर कुमार शर्मा कोटा का रहने वाला है। इसके बाद पुलिस ने किशोर कुमार शर्मा पुत्र दाऊदयाल शर्मा निवासी पूनम कॉलोनी कोटा को गिरफ्तार कर लिया।

## धोखे से शादीशुदा लड़की से करवाया प्रॉपर्टी डीलर का विवाह

### दूल्हे को कमरे में बंद कर भागते समय छत से गिरने पर दुल्हन हुई घायल

**जोधपुर (मसं)।** जिले के बनाड़ थाना इलाके में धोखाधड़ी से प्रॉपर्टी डीलर की शादीशुदा लड़की से शादी करवाने का मामला सामने आया है। शादी के दो दिन बाद लड़की ने भागने की कोशिश की। प्रॉपर्टी डीलर को कमरे में बंद कर साड़ी के रस्सी बनाकर नीचे कूदी। इस दौरान चोट लग गई। लड़की अब भी हॉस्पिटल में भर्ती है। वहीं धोखाधड़ी में शामिल उसके साथी मिलने भी नहीं आए है। युवती और उसके साथियों ने शादी के बदले 3 लाख रुपए लिए थे। प्रॉपर्टी डीलर ने कोर्ट के जरिए बनाड़ थाने में युवती सहित 6 जनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित प्रोपर्टी डीलर युवक भरत पारीक ने बताया कि उनके पिता के परिचित नंद किशोर सोनी का 27 जून 2025 को फोन आया था। उन्होंने पिता को कहा था कि आपके बेटे भरत की शादी अच्छी लड़की से करवा देंगे। पीड़ित ने बताया कि लड़की सुमन पांडे पसंद आने पर शादी के बदले 3 लाख रुपए मांगे। प्रेमसुख ने नंद किशोर सोनी और उसकी पत्नी के कहने पर 1 लाख 70 हजार रुपए रोकड़ और 1 लाख रुपए गुगल-पे से संदीप शर्मा के खाते में डाल दिए। इसके बाद आर्य समाज के रीति-रिवाज से शादी करवाई गई। शाम को लड़की सुमन पांडे के रिश्तेदार और नंद किशोर सोनी व उसकी पत्नी अपने घर चले गए।

# चीनी साइबर ठगों को अकाउंट बेचने वाली गैंग का खुलासा

### किराए पर बैंक खाता लेने वाले दो बदमाशों सहित चार खाताधारक गिरफ्तार

### कंपनी खोलकर फ्रॉड से मिलने वाली राशि को व्हाइट मनी में बदल देते

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने चीन के साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के दो सदस्यों के साथ किराए पर बैंक अकाउंट देने वाले दो खाता धारकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सदासुख विश्नोई पुत्र पतराम विश्नोई निवासी गांव जोहरों की ढाणी फलौदी, अंकू चंदोलिया पुत्र रोशन लाल चंदोलिया निवासी शाहपुरा जयपुर, कमल कुमावत पुत्र अशोक कुमार निवासी शाहपुरा जयपुर व कमलेश वर्मा पुत्र भीवाराम वर्मा निवासी गांव रामचंद्रपुरा शाहपुरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कैश, पास बुक, चेक बुक, एटीएम किट सहित अन्य सामान जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन लोगों ने किरायानामे को आधार बनाकर प्रेक्सिज आर्टिफिशियल कंपनी खोली। कंपनी साइबर फ्रॉड से मिलने



#### ग्रामीणों को 10-30 हजार तक का देते लालच

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गैंग का मुख्य सरगना सुनिल जाखड़ पुत्र कन्हैयालाल चौधरी निवासी तेजरासर बीकानेर का है। जाखड़ के जरिए चीन में बैठे साइबर ठगों से वे लोग संपर्क में हैं। सुनील जाखड़ ने बैंक खाते किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए गैंग बना रखी है। गैंग के सदस्यों को अलग-अलग काम दे रखा है। गैंग के सदस्य गांव के लोगों को 10-30 हजार रुपए प्रति महीने का लालच देकर उनसे बैंक खाता किराए पर लेते हैं। गैंग खाताधारक से खाते के लिंक मोबाइल सिम, चेक बुक तथा एटीएम कार्ड लेकर अपने पास रखते हैं।

वाली राशि को व्हाइट मनी में बदलने का काम करती थी। बदमाशों के पास जो बैंक अकाउंट हैं, उनके खिलाफ देश में 19 शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज हैं। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि साइबर अपराध को लेकर सीआई श्याम नगर दलबीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम को सूचना मिली कि एक फ्लैट में कुछ गलत काम करने वाले लोग हैं। जिस पर पुलिस टीम ने अजमेर रोड पर कमला नेहरू पुलिया के पास स्थित एवेन्यु प्राइम बिल्डिंग के फ्लैट में दबिश दी। पुलिस को मौके पर सदासुख विश्नोई मिला, जिसे पुलिस ने डिटेन कर फ्लैट की तलाशी ली। इस दौरान फ्लैट से पुलिस को 7 लाख 70 हजार रुपए नकद, 3 बैंक पास बुक, 23 चेक बुक, 6 एटीएम किट, 28 एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल सिम, 4 किरायानामे व अन्य सामान मिला, जिसे जब्त कर लिया गया।

#### यूएसडीटी का कोड चीन के ठगों को भेजता सरगना

यह बदमाश चीन में बैठे साइबर ठगों को ठगी की राशि ट्रांसफर करने के लिए बैंक खाता उपलब्ध करवा देते हैं। जब भी बैंक खाते में राशि आती है, गैंग उस राशि को एटीएम या चेक से नकद निकाल कर अपने पास रख लेती है। चीन में बैठे ठगों के आदेश पर गैंग का सरगना सुनील जाखड़ नकद राशि से यूएसडीटी खरीद लेता है। उस यूएसडीटी के कोड को चीन के ठगों को भेज देता। गैंग अपना कमीशन नकद राशि के रूप में अपने पास रख लेती है।

गैंग के सरगना सुनील जाखड़ ने बताया कि उसकी गैंग में बड़ी संख्या में युवक हैं। उनकी गैंग चीन में चल रहे कॉल सेन्टर के लगातार संपर्क में रहती है।

#### शेयर बाजार व प्रोपर्टी में मोटे मुनाफे का देते झांसा

चीन के साइबर अपराधी सोशल मीडिया के माध्यम से भारत में ठगी करते हैं। ठगी की राशि ट्रांसफर करने के लिए गैंग के लोग बैंक खाते उपलब्ध करवाते हैं। चीन में चल रहे कॉल सेन्टर द्वारा वॉट्सएप, टेलीग्राम पर काफी संख्या में इन्वेस्टमेंट ग्रुप बना रखे हैं, जो भारतीय लोगों को लिंक भेजकर इन ग्रुपों में जोड़ लेते हैं और शेयर बाजार, प्रोपर्टी आदि में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर इन्वेस्टमेंट करने के लिए कहते हैं। झांसे में आए व्यक्ति ग्रुप एडमिन के कहने पर बताए गए खाते में पैसा जमा करवा दिया करता था।

## सोशल मीडिया पर महिलाओं को परेशान करने वाला गिरफ्तार

### फेक आईडी बनाकर फोटो एडिट कर करता था गलत कमेंट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर महिलाओं को टारगेट कर गलत टिप्पणी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने कई फेक आईडी बना रखी है, जिस पर महिलाओं की फोटो लगाकर उन पर गलत टिप्पणी करता था। आरोपी के खिलाफ जयपुर की एक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी को कालवाड़ थाना पुलिस ने पकड़ा है। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मामले को लेकर एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कर करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि एक भानु प्रताप सिंह शेखावत के नाम से फेसबुक आईडी का लड़का उसकी फोटो एडिट कर गलत कमेंट कर रहा है। रवि रामपुरिया भानू प्रताप की हथियार सहित फोटो वायरल करके उसे धमकी दिलवा रहा है। भानु प्रताप (प्रहलाद सिंह) व रवि रामपुरिया उसे 3- 4 दिन से परेशान कर रहे हैं। मामले की गम्भीरता को देखते हुए कालवाड़ थाने के एसआई अभिषेक स्वामी



को मामले की जांच दी गई। साइबर टीम की मदद से पुलिस ने आरोपी की लोकेशन निकाली, इसके बाद आरोपी को चूरू के सालासर से गिरफ्तार किया गया। जांच अधिकारी एसआई अभिषेक स्वामी ने बताया कि आरोपी प्रहलाद सिंह उर्फ भानू प्रताप सिंह शेखावत पुत्र लालसिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह सालासर थाना इलाके के गांव पार्वतीसर का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि उसने कई फेक सोशल मीडिया अकाउंट बना रखे हैं। सोशल मीडिया पर उसे किसी की भी टिप्पणी पर एतराज होता था। तब वह उस पर गलत टिप्पणी करना शुरू कर देता था। आरोपी के पास से कई दस्तावेज मिले है, जिनकी जांच की जा रही है।

## महिला की खातेदारी जमीन से जबरन उखाड़ी तारबंदी

### एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज, डीएसपी को सौंपी जांच

महानगर संवाददाता

**जमवारामगढ़।** रायसर थाना क्षेत्र से एक महिला की खातेदारी जमीन से जबरन तारबंदी व खंभे उखाड़ने के मामले में रायसर थाने में मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित महिला मनफूली देवी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में



बताया कि खेत में घुसकर कुछ लोगों ने जबरदस्ती खंभे उखाड़ दिए, तारबंदी तोड़ दी और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता मनफूली देवी पत्नी छोटूराम नैनावत निवासी जयपुर ने रायसर थाने में दी अपनी लिखित रिपोर्ट में बताया कि उसकी खातेदारी जमीन पर कमलेश, जगदीश धूडाराम आदि का अतिक्रमण था, जिसे तहसीलदार आंधी ने पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में हटवाया और जमीन की पैमाइश करवाकर सीमा चिन्हित करवाई थी। इसके बाद खंभे गाड़कर तारबंदी कर उसे कब्जा सुपुर्द किया गया था। मेरे पास जमीन के पूरे कागजात हैं, प्रशासन की मौजूदगी में मुझे कब्जा मिला था, लेकिन फिर भी इन लोगों ने मेरी जमीन में घुसकर तारबंदी उखाड़ दी। मुझे लगातार धमकियां दी जा रही हैं। पीड़िता के अनुसार वह जयपुर में रहती है और उसका पति ही जमीन की देखरेख करता है। जब उसका पति खेत पर गया तो खंभे व तारबंदी तोड़ दी गई। पीड़िता का आरोप है कि जगदीश बाबूलाल, विमला, शांति, शिवपाल, कमलेश, धूडाराम, भोलाराम, कालूराम, महिपाल, गेंदाराम व बिरदी देवी ने संगठित रूप से उसकी जमीन पर की गई तारबंदी व सीमा चिन्हों को जबरन उखाड़ दिया। मामले की जांच अब एससी एसटी सेल जयपुर ग्रामीण के डिप्टी एसपी रामकिशन बिश्नोई कर रहे हैं।

## सिग्मा बार में हुए विवाद मामले में नामजद आरोपी अभी तक फरार

### पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई लूट व फायरिंग की सूचना निकली झूठी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर हल्दीघाटी मार्ग पर स्थित सिग्मा बार में हुए विवाद मामले में नामजद आरोपी अभी तक फरार हैं। दरअसल, मामला 1500 रुपए के बिल और उस पर मिले डिस्काउंट को लेकर था। युवकों ने बिल पर और ज्यादा डिस्काउंट मांगा तो विवाद बढ़ गया, ऐसे में बाउंसर ने मधुसूदन सिरोली को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद गुस्साए मधुसूदन ने अपने साथियों को बुला लिया।

बार बंद होने के बाद जब बाउंसर घर जाने के लिए निकले तो उस पर मधुसूदन व अन्य लोगों ने कार चढ़ाने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। उधर, बार संचालक ने रिंग रोड पर बदमाशों की कार में आग लगा दी। पूरे विवाद में पुलिस कंट्रोल रूम को लूट व फायरिंग की सूचना दी गई थी, लेकिन सूचना झूठी निकली तो पुलिस ने इस पर कोई मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस ने बताया कि मामला बंटी कुमार निवासी डीग



#### बार संचालक ने बदमाशों की कार में लगाई आग

घटना में दोनों बाउंसरों को चोट आई है, जिनका इलाज जारी है। बदमाशों ने बार संचालक को धमकी दी कि अगर बार चलाना हैं तो हमसे बना कर रखनी होगी, वरना इसका अंजाम बुरा होगा। मधुसूदन ने उसे रिंग रोड पर बुलाया। बार संचालकों ने बदमाशों की कार का पीछा किया। इसके बाद शिवदासपुरा इलाके में रिंग रोड पर दोनों गुट आमने-सामने हो गए। इस दौरान मधुसूदन तो कार लेकर भाग गया, जबकि बाली और उसके साथी यहीं फंस गए। बाद में उनकी कार में किसी ने आग लगा दी और उन्होंने भाग कर जान बचाई।

हाल प्रताप नगर ने दर्ज कराया है। पर्चा बयानों में बताया कि वह कॉफी बार व क्लब हल्दीघाटी रोड प्रताप नगर में बाउंसर का काम करता है।

गत दिनों बार बंद होने के बाद चौराहे पर खड़ा था। इसी दौरान सिग्मा बार का बाउंसर कवि शर्मा भी आ गया। तभी काले रंग की स्कॉर्पियो आई, जिसने दोनों को टक्कर मार दी।

इसके बाद चालक बैक कर बाउंसरों पर कार चढ़ता रहा, जब तक बीच-बचाव में भीड़ ना जुट गई। इसके बाद कार सवार बदमाश मौके से भाग गए।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार पिता-बेटे व भतीजे को कुचला



महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 3 बजे नेशनल हाईवे-758 पर ट्रेलर ने बाइक सवार पिता-पुत्र और भतीजे को कुचल दिया।

तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मांडलगढ़ से चित्तौड़गढ़ जाने वाले हाईवे पर भारजी का खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार पिता के गंभीर चोट आई। जबकि बेटे व भतीजे का सिर फट गया। सड़क पर खून फैल गया। तीनों ने वहीं दम तोड़ दिया। मांडलगढ़ थाने के एएसआई राम सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे-758 पर भार जी का खेड़ा गांव के पास एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। वहां एक ट्रेलर बाइक को टक्कर मारकर भाग गया। ट्रेलर सामान से भरा था, जो मांडलगढ़ की ओर जा रहा था। वहीं बाइक सवार मांडलगढ़ से आ रहे थे। हादसे में चित्तौड़गढ़ के बेगूं थाना क्षेत्र के चेची गांव निवासी जगदीश पुत्र केसरिया कंजर, उनके बेटे राकेश कंजर और भतीजे किशन पुत्र देवा कंजर की मौत हो गई। बाइक के नंबर के आधार पर उनकी पहचान की गई। फिलहाल तीनों की बॉडी को मांडलगढ़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। परिजन के आने पर पोस्टमॉर्टम और आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार तीनों गोवटा माता क्षेत्र में रहने वाले अपने बीमार परिजन सुरेश कंजर से मिलकर और माताजी के दर्शन कर घर लौट रहे थे। तीनों खेती और मजदूरी का काम करते हैं।

## गोली मारकर 25 श्वानों की हत्या, ग्रामीणों में आक्रोश

### बंदूक लेकर घूमता है बदमाश, देखते ही करने लगता है फायरिंग

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** नवलगढ़ इलाके के कुमावास गांव में 25 से ज्यादा श्वानों की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक बदमाश बंदूक लेकर घूमता है और श्वान नजर आते ही गोली मारकर उनकी हत्या कर देता है। श्वानों को मारने की घटना 2 व 3 अगस्त की बताई जा रही है। इससे जुड़ा एक वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई।

इधर, मामले को लेकर लोगों में आक्रोश है। शेयर हो रहे वीडियो में श्वानों को मरा हुआ दिखाया गया है। एक व्यक्ति बंदूक लिए हुए श्वानों पर फायरिंग कर रहा है। इसके बाद गांव में जगह-जगह खून से लथपथ श्वानों के शव मिले। पुलिस के अनुसार वीडियो शेयर होने की सूचना मिलते ही हैड कांस्टेबल शुभकरण को जांच के लिए कुमावास गांव भेजा गया। पुलिस ने बताया कि श्योचंद बावरिया पुत्र सुरजाराम बावरिया निवासी डुमरा ने श्वानों को गोली मारी थी। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। हमीरी कलां गांव की पूर्व सरपंच सरोज झांझड़िया ने एसपी से मुलाकात कर एक शिकायत की। शिकायत में दावा किया गया है कि आरोपी श्योचंद ने पिछले कुछ दिनों में 25 श्वानों को बेरहमी से मार डाला है। पूर्व सरपंच के अनुसार आरोपी का यह दावा झूठा है कि श्वानों ने उसकी बकरियों को मार डाला था। उन्होंने आशंका जताई कि यह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है, क्योंकि यही समूह 5 महीने पहले भी गांव आया था।

# शराब के नशे में पीटीआई ने सरकारी स्कूल में किया हंगामा

### ग्रामीणों ने उलाहना दिया तो क्रिकेट बैट लेकर जान से मारने की दी धमकी, फिर कमरे में बंदकर पुलिस को सौंपा

महानगर संवाददाता

**चूरू।** जिले के झारिया गांव की गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल में बुधवार सुबह पीटीआई ने शराब के नशे में हंगामा किया। ग्रामीणों ने उसे कमरे में बंद किया तो हाथ में क्रिकेट बैट लेकर धमकाया और कहा कि मैं कमाने से धाप गया हूं। तुम मेरी शिकायत करो। इसके बाद पुलिस आरोपी को छुड़वाकर ले गई और मेडिकल करवाया। दूधवाखारा थाने



के हैड कांस्टेबल ने बताया कि गांव के सरपंच प्रतिनिधि निसार खान ने पीटीआई राजदीप लांबा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि पीटीआई राजदीप लांबा सुबह शराब के नशे में स्कूल पहुंचा और हंगामा करने लगा। जब ग्रामीणों ने पीटीआई को उलाहना दिया तो पीटीआई ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

इससे नाराज ग्रामीणों ने पीटीआई को पकड़कर स्कूल के एक कमरे में बंद कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान पीटीआई कमरे में क्रिकेट का बैट लेकर बैठा रहा। वीडियो बनाने वालों धमकाता रहा और कहा कि मैं कमाने से धाप गया हूं।

तुम मेरी शिकायत करो। मैं तुमको देख लूंगा। घटना की सूचना मिलने पर चूरू सीबीईओ ऑफिस से दो रिसोर्स पर्सन (आरपी) मौके पर पहुंचे। साथ ही दूधवाखारा पुलिस भी स्कूल पहुंची। पुलिस ने कमरे में बंद पीटीआई लांबा को बाहर निकाला और मेडिकल जांच के लिए अपने साथ ले गई।

#### प्रिंसिपल ने की अवांछित आचरण की शिकायत

स्कूल के कार्यवाहक प्रिंसिपल मोहम्मद सलीम ने पीटीआई राजदीप लांबा के खिलाफ अवांछित आचरण की शिकायत शिक्षा विभाग में दर्ज कराई है। ग्रामीणों की ओर से भी लिखित शिकायत मिली है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पीटीआई शराब के नशे में रहता है और अभद्र भाषा का उपयोग करता है। इधर झारिया ग्राम पंचायत ने भी पीटीआई को तुरंत प्रभाव से हटाने की मांग की है। ग्राम पंचायत की ओर से सीबीईओ को दी गई शिकायत में कहा गया है कि अगर पीटीआई लांबा को स्कूल से नहीं हटाया गया तो स्कूल पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया जाएगा।

#### सरपंच प्रतिनिधि को मारने पर उतारू हुआ पीटीआई

गांव के सरपंच प्रतिनिधि निसार खान ने पीटीआई लांबा के खिलाफ दूधवाखारा थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जब वे बुधवार सुबह पौने 11 बजे स्कूल गए थे, तब पीटीआई राजदीप लांबा उन्हें देखकर आवेश में आ गया और मारने पर उतारू हो गया। दूधवाखारा थानाधिकारी हंसराज गुर्जर ने बताया कि आरोपी पीटीआई का मेडिकल मुआयना कराया गया है। उसके ब्लड में अल्कोहल आया है।

### डिफेक्टिव मीटर शून्य घोषित हुए जयपुर डिस्कॉम के पांच और सर्किल, ऊर्जा मंत्री ने अधीक्षण अभियंताओं को प्रमाण पत्र सौंप कर दी बधाई

# अजमेर-जोधपुर डिस्कॉम को भी डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने की बनाएं कार्ययोजना : नागर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम के 8 सर्किलों में अब सभी खराब मीटर बदल दिए गए हैं। जुलाई में दौसा, जयपुर जिला वृत्त-(उत्तर) तथा झालावाड़ सर्किल को डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने के बाद जयपुर डिस्कॉम ने अगस्त में जयपुर नगर वृत्त-उत्तर एवं दक्षिण, कोटा, बूंदी तथा बारां सर्किल को भी जीरो डिफेक्टिव मीटर सर्किल करने में कामयाबी हासिल की है। इसी प्रकार कोटा जोन, प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों में पहला जोन बन गया है, जिसके सभी सर्किल डिफेक्टिव मीटर मुक्त कर दिए गए हैं।



ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने अगस्त में शून्य डिफेक्टिव मीटर की उपलब्धि हासिल करने वाले कोटा जोन के मुख्य अभियंता तथा सभी पांचों सर्किल अधीक्षण अभियंताओं को बुधवार को विद्युत भवन में प्रमाण पत्र सौंप कर बधाई दी। चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। इस दौरान नागर ने कहा कि जयपुर विद्युत वितरण निगम के शेष 10 सर्किलों को भी डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अजमेर एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगमों को भी डिफेक्टिव मीटर मुक्त बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाई जाए।

#### बदले 72 हजार से अधिक खराब मीटर

चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने बताया कि विद्युत मीटर के लंबे समय तक खराब रहने से निगम को बिलिंग और राजस्व की आर्थिक हानि होती है। इसलिए जयपुर डिस्कॉम को डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने की कार्ययोजना बनाई गई। इसके तहत इन पांचों सर्किलों में 1 अप्रेल 2024 से 31 जुलाई 2025 तक 72,979 खराब मीटर बदले हैं। इनमें जयपुर नगर वृत्त-उत्तर में सर्वाधिक 28,300, जयपुर नगर वृत्त-दक्षिण में 23,018, कोटा वृत्त में 12,489, बूंदी वृत्त में 6,939 तथा बारां सर्किल में 2,233 खराब मीटर बदले गए हैं। इससे पहले जुलाई में दौसा वृत्त ने 1 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक 9,139, जेपीडीसी नॉर्थ ने इस वर्ष 1 जनवरी से 30 जून तक 17,885 तथा झालावाड़ सर्किल ने इसी अवधि में विभिन्न श्रेणियों में 1,585 खराब मीटर बदलकर डिफेक्टिव मीटरों की संख्या शून्य करने में सफलता पाई है।

#### डिफेक्टिव मीटर से राजस्व पर पड़ता है असर

मीटर के डिफेक्टिव रहने का विपरीत असर डिस्कॉम के राजस्व पर पड़ता है। यदि मीटर 2 माह से अधिक समय तक डिफेक्टिव रहता है तो निगम को विद्युत शुल्क की 5 प्रतिशत छूट उपभोक्ता को देनी होती है। साथ ही औसत उपभोग के आधार पर बिल जारी करना पड़ता है। यदि वास्तविक उपभोग औसत से कम रहता है तो उपभोक्ताओं की शिकायतें बढ़ती हैं और वास्तविक उपभोग अधिक होने पर निगम को आर्थिक हानि होती है। साथ ही वास्तविक उपभोग से बिलिंग नहीं होने से संबंधित सब डिविजन अथवा फीडर की वितरण हानि का आंकलन भी संभव नहीं हो पाता। जयपुर डिस्कॉम में विभिन्न समीक्षा बैठकों में अधीक्षण अभियंताओं को सर्किल्स में खराब मीटरों की लंबित सूची को दो माह में समाप्त करने के निर्देश दिए गए। इसका सकारात्मक परिणाम शुरुआती रूप में इन आठ सर्किलों में देखने में आया है। कोटा जोनल मुख्य अभियंता गजेंद्र सिंह बैरवा, जयपुर नगर वृत्त-उत्तर एसई अशोक रावत, नगर वृत्त-दक्षिण एसई अनिल टोडवाल, कोटा एसई एससी जांगिड़, बूंदी एसई की ओर से आरके बैरवा तथा बारां के अधीक्षण अभियंता एन.एम बिलोटिया ने यह प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

## विभाग की योजनाओं के लिए रखें समयावधि का ध्यान : अरोड़ा



### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की एसीएस ने दिए निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की एसीएस अपर्णा अरोड़ा ने बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आगामी दिनों में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के दौरे से पूर्व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने शासन सचिवालय के समिति कक्ष में अहम बैठक लेते हुए बजट घोषणा वर्ष 24-25 एवं 25-26 की बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा सहित विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाएं तय समयावधि और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पूर्ण हों। उन्होंने लंबित कार्यों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। अरोड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा आगामी 21-22 अगस्त को राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक करना प्रस्तावित है। उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने प्रजेंटेशन के जरिए योजनाओं की जानकारी दी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त निदेशालय विशेष योग्यजन केसर लाल मीना, वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह, अतिरिक्त निदेशक सुंडाराम मीना, रीना शर्मा, दिलबाग सिंह, अरविंद कुमार, चंद्रशेखर चौधरी सहित बाल अधिकारिता, विशेष योग्यजन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## 101 शिक्षकों को मिलेगा शिक्षक गौरव अवॉर्ड

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर में होगा आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, भारत के पंचशील सिद्धांतों को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के प्रयास में 192 राष्ट्रों की प्रेरणा से वसुधैव कुटुंबकम् के लिए समरसता, ग्लोबल विल्लेज पर अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर में शिक्षक सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंच के बोर्ड सलाहकार सदस्य जम्बूद्वीप पद्मश्री अवॉर्डी शिक्षाविद डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 25 राष्ट्रों (भारत, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रिया, क्रोएटिया, फिनलैंड, तुनिशियां, जर्मनी, ईराक, इजराइल, मैकडोनिया, मोरक्को, नीदरलैंड, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल डेनिश, श्रीलंका, मालदीव, किर्गिजस्तान, फिलस्तीन, फिजी) के राष्ट्र ध्वजों के सान्निध्य में कार्यक्रम होगा। इसमें चयनित शिक्षकों का शिक्षक दिवस समापन कार्यक्रम में शिक्षक गौरव अवॉर्ड से सम्मान किया जाएगा।



मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ने बताया कि प्रदेशभर से शिक्षकों के नाम प्रस्तावित होकर आ रहे हैं। मंच की चयन समिति संयोजक झारखंड कैपिटल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मदनलाल द्वारा शिक्षकों का चयन किया जा रहा है। जम्बूद्वीप पद्मश्री अवॉर्डी राजन सरदार के अनुसार नेपाल सरकार के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायाधीश परमानंद झा के सान्निध्य में शिक्षकों का अभिनंदन होगा। स्वः पोषित वित्तीय व्यय योजना के अंतर्गत चयनित प्रतिभाओं को नेपाल की राजधानी काठमांडू में 27 से 28 दिसंबर को 192 राष्ट्रों के सम्मेलन में आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षाविद अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने अप्रधान खानधारकों को दी बड़ी राहत, 31 दिसंबर तक जारी रहेगी बकाया राहत योजना

## 31 मार्च 2024 तक के

# बकाया पर ब्याज में मिलेगी 100 प्रतिशत छूट : रविकांत

### बकाया वसूली में लगे मानव संसाधन का प्रोडक्टिव कार्यों में होगा उपयोग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार ने खान विभाग की विभागीय बकाया एवं ब्याज माफी योजना जारी कर अप्रधान खानधारकों, क्वारी लाइसेंसधारकों, आरसीसी-ईआरसीसी ठेका धारकों, एसटीपी व निर्माण विभाग के बकायादारों को मूलधन में स्लैब अनुसार और ब्याज में शत-प्रतिशत की छूट देते हुए बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजनलाल शर्मा से अप्रधान खान लीजधारकों व माइंस एसोसिएशनों के पदाधिकारियों द्वारा बकाया राशि की माफी योजना लागू करने की लगातार मांग की जाती रही है। इस पर यह बड़ी राहत दी गई है।

राज्य सरकार ने बजट घोषणा 2025 में खान विभाग की बकाया एवं ब्याजमाफी योजना के क्रियान्वयन में योजना जारी कर दी है। यह योजना 31 मार्च, 24 तक के बकाया मूलधन व ब्याज पर लागू होगी। योजना 31 दिसंबर, 2025 तक प्रभावी रहेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के इस निर्णय से जहां संबंधित खानधारकों को राहत मिलेगी, वहीं बकाया राजस्व की वसूली और वसूली के प्रयासों में लगने वाले अनावश्यक समय एवं धन की बचत होगी। वसूली कार्य में नियोजित मानव संसाधन का प्रोडक्टिव कार्यों में उपयोग हो सकेगा।



#### योजना का बढ़ाया गया है दायरा

प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकांत ने बताया कि योजना को व्यावहारिक बनाने के साथ ही इसका दायरा भी बढ़ाया गया है। पहली बार अप्रधान खनिज की प्रभावी, खंडित, अध्यर्पित, अवधि समाप्त खनिज रियायतों यथा खनन पटटा, क्वारी लाइसेंस, ईंट-मिट्टी परमिट, बजरी खनन के लिए जारी अस्थाई कार्यानुमति के रियायत धारकों द्वारा माइनिंग प्लान, पर्यावरण स्वीकृति, कन्सेन्ट टू ऑपरेट से अधिक उत्पादन दोष तथा किसी निर्णय के कारण खनिज रियायत को नल एंड वॉइड घोषित करने पर घोषित करने की तिथि से पूर्व की अवधि में खनिज निर्गमन को अवैध निर्गमन मानकर कायम की गई शास्ति की 31 मार्च, 2024 तक की बकाया का 20 प्रतिशत मूलराशि जमा करने पर शेष बकाया राशि एवं संपूर्ण ब्याज राशि माफ की जाएगी। डीएमएफटी की 31 मार्च 2024 तक की मूल बकाया जमा कराने पर संपूर्ण ब्याज राशि माफ की जाएगी।

#### यह भी मिलेगा लाभ

- खंडित एवं अवधि समाप्त खनन पट्टों, क्वारी लाइसेंस, बजरी के लिए जारी अस्थाई कार्यानुमति, एसटीपी व ईंट-भट्टा परमिटों की बकाया के प्रकरणों में 31 मार्च, 1990 तक के बकाया की 5 प्रतिशत मूलराशि जमा कराने, 1 अप्रेल, 90 से 31 मार्च, 2000 तक के बकाया की 15 प्रतिशत, 1 अप्रेल, 2000 से 31 मार्च, 2010 तक के बकाया की 35 प्रतिशत, 1 अप्रेल, 2010 से 31 मार्च, 2020 तक के बकाया कि 45 प्रतिशत और 1 अप्रेल 2020 से 31 मार्च, 2024 तक की बकाया राशि की 60 प्रतिशत मूल राशि जमा कराने पर शेष मूलराशि और समस्त ब्याज राशि की छूट दी गई है।
- आरसीसी-ईआरसीसी ठेकों के बकाया मामलों में 31 मार्च, 2010 तक खंडित ठेकों में 30 प्रतिशत मूल बकाया और पूर्ण ठेका अवधि पूरी करने वाले ठेकों में 40 प्रतिशत मूल बकाया राशि जमा कराने पर शेष मूल बकाया और समस्त ब्याज राशि की छूट दी गई है।
- एक अप्रेल, 2010 से 31 मार्च 2024 तक के खंडित ठेकों में 40 प्रतिशत एवं पूर्ण अवधि तक प्रभावशील ठेकों में 50 प्रतिशत बकाया मूलराशि जमा कराने पर शेष मूलराशि व संपूर्ण ब्याज राशि की छूट दी गई है।
- रियायतधारकों द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से खनिज के बिना रवन्ना, रवन्नाओं का किसी भी तरह से दुरुपयोग कर निर्गमन करने के 31 मार्च, 2021 तक के मामलों में 10 प्रतिशत और एक अप्रेल, 2021 से 31 मार्च, 2024 तक बकाया मूल राशि की 15 प्रतिशत राशि जमा कराने पर शेष मूलराशि और समस्त बकाया ब्याज की छूट दी गई है।
- योजना तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। योजना का क्रियान्वयन संबंधित एमई, एएमई के कार्यालय में होगा और वित्तीय सलाहकार खान विभाग स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

## रक्षाबंधन पर्व पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा आगामी रक्षाबंधन पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09601 उदयपुर सिटी-जयपुर एकतरफा स्पेशल रेलसेवा 9 अगस्त को उदयपुर से 20.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 06.50 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में राणा प्रताप नगर, मावली जं., कपासन, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर व किशनगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 2 सैकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनॉमी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 पावरकार सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।



वहीं गाड़ी संख्या 09725 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 10 अगस्त को जयपुर से 8.25 बजे रवाना अगले दिन 4.55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09726 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर स्पेशल ट्रेन 11 अगस्त को बांद्रा टर्मिनस से 9.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 6.45 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 2 सैकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनॉमी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 2 पावरकार डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04725 हिसार-हड़पसर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 10 अगस्त को हिसार से 5.50 बजे रवाना होकर 11 अगस्त को 10.45 बजे हड़पसर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04726, हड़पसर-हिसार सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 11 अगस्त को हड़पसर से 17.00 बजे रवाना होकर 12 अगस्त को 22.25 बजे हिसार पहुंचेगी। इस ट्रेन 2 सैकंड एसी, 5 थर्ड एसी, 9 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

## कृषि पर्यवेक्षकों से लिया योजनाओं की क्रियान्विति का फीडबैक

### कृषि उपखंड स्तरीय स्टाफ प्रशिक्षण का शासन सचिव ने किया निरीक्षण

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने मंगलवार को जयपुर जिले की जालसू पंचायत समिति भवन में आयोजित कृषि विभाग के उपखंड स्तरीय एक दिवसीय स्टाफ प्रशिक्षण (क्लस्टर बैठक) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कृषि से जुड़ी जमीनी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।

शासन सचिव ने कहा कि किसानों को विभागीय सिफारिश से अधिक उर्वरक उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जाए और सॉयल हेल्थ कार्ड के अनुसार उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दी जाए। साथ ही 50 बैग्स से अधिक उर्वरक खरीदने वाले किसानों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक कृषि अधिकारियों व कृषि पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपनी दैनिक डायरी में क्षेत्रीय कृषि परिदृश्य का विवरण दर्ज करें और विभागीय योजनाओं से संबंधित पंजिकाओं को अद्यतन रखें। उन्होंने अधिकारियों से अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

विशाल ने बीज मिनीकिट वितरण के लिए निर्धारित कमेटी की बैठक लेकर, दिशा निर्देशों के अनुसार पात्र किसानों का चयन कर मिनीकिट वितरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही 'कृषि ज्ञान धारा' कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी तय करने और मंडी भावों की जानकारी वाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने के लिए भी कहा।

## ग्रामीण विकास विभाग की एसीएस ने किया राखी मेले का शुभारंभ

**जयपुर (मसं)।** रक्षाबंधन पर्व पर राखी सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा शासन सचिवालय परिसर में 6 से 8 अगस्त तक राखी मेले का आयोजन किया जा रहा है। यहां स्टॉल्स पर रंग-बिरंगी राखियों के साथ नमकीन, भुजिया, पापड़, अचार एवं अन्य सजावटी आइटम उचित दर पर उपलब्ध हैं। ग्रामीण विकास विभाग की एसीएस श्रेया गुहा ने बुधवार को स्टॉल्स का अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी ली और राजीविका की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेलों से राजीविका के स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को विपणन के लिए उच्च स्तरीय मंच प्राप्त होता है, जिससे उनकी आजीविका में बढ़ोत्तरी होती है। मेले में 7 जिलों से 14 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सहभागिता कर रही हैं। मेले में राजीविका की ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग में आकर्षक उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय भी किया जा रहा है।



## सैनिकों को राखी बांधेंगी बहनें

### मंत्री को रक्षा सूत्र बांध किया अभियान का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री शक्ति पीठ वात्सल्य साधना केंद्र जामडोली जयपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षाबंधन यात्रा-2025 का शुभारंभ बुधवार को जयपुर विधानसभा स्थित अमर जवान ज्योति पर शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने किया। इस अभियान की शुरुआत वात्सल्य केंद्र की संचालिका साध्वी समदर्शी ने मंत्री दिलावर की कलाई में राखी बांध कर की। इस अवसर पर भारत माता की जय और भारत के वीर सैनिक सपूतों के जयकारों के बीच मंत्री दिलावर ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र चढ़ाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद कैप्टन अमित भारद्वाज के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री शक्ति पीठ द्वारा प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर ये आयोजन किया जाता है। पीठ की बहनें सेना के जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन मनाती हैं। कार्यक्रम में विधायक बालमुकुंदाचार्य, विश्व हिंदू परिषद के जुगल किशोर, शहीद अमित भारद्वाज के परिजन सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



# निवेशकों के लिए चेतावनी, साइबर ठगों से रहें सावधान

### सेबी ने जारी की एडवाइजरी, फर्जी एप्स और नोटिस से बचने के लिए दिए महत्वपूर्ण निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** साइबर ठगों द्वारा निवेशकों को निशाना बनाने के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, फर्जी मोबाइल एप्स और नकली यूपीआई हैंडल्स का उपयोग कर ये जालसाज सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) के नाम पर फर्जी नोटिस और आकर्षक रिटर्न का लालच दे रहे हैं। इसी खतरे को देखते हुए सेबी और राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने मिलकर महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें निवेशकों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए कई सुझाव दिए गए हैं। सेबी के अनुसार अगर सेबी से कोई नोटिस या दस्तावेज मिलता है तो उसे सीधे सच नहीं मानें। उसकी प्रामाणिकता की जांच करना बेहद जरूरी है। इसके लिए सेबी ने कुछ आसान तरीके बताए हैं। अगर आप किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन में भी रिपोर्ट की जा सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी सतर्कता से अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखें।



#### बचने के लिए सलाह

- **रिकवरी सर्टिफिकेट की जांच :** सेबी द्वारा जारी किए गए हर रिकवरी सर्टिफिकेट को आप उनकी वेबसाइट पर "Home > Enforcement > Recovery Proceedings" सेक्शन में जाकर सत्यापित कर सकते हैं।
- **यूडीआईएन नंबर से पुष्टि :** सेबी के हर आदेश में एक अद्वितीय दस्तावेज पहचान संख्या (यूडीआईएन) होती है। इसकी पुष्टि आप सेबी की वेबसाइट पर "Home > Authenticate Document Number Issued by SEBI" में जाकर कर सकते हैं।
- **अधिकारियों के ईमेल और संपर्क :** सेबी के अधिकारियों के आधिकारिक ईमेल पते हमेशा @sebi.gov.in पर समाप्त होते हैं। आप सेबी की वेबसाइट पर "Home > About > SEBI Directory" में जाकर उनके नाम, ईमेल आईडी और फोन नंबर की जांच कर सकते हैं।
- **सुरक्षित यूपीआई हैंडल :** निवेश के लिए केवल रजिस्टर्ड बैंकों से जुड़े यूपीआई हैंडल, जैसे @valid(bank-name) का ही उपयोग करें।
- **व्हाइटलिस्टेड एप्स :** केवल उन्हीं ब्रोकर एप्स का उपयोग करें, जो सेबी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज पर प्रकाशित "Whitelisted Broker Apps" की सूची में शामिल हैं।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी :** सेबी केवल अपने रजिस्टर्ड एक्स हैंडल पर ही आधिकारिक जानकारी और सलाह देता है। अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध विज्ञापनों से दूर रहें।

S. S. Jain Subodh Management Institute
(A Unit of S. S. Jain Subodh Shiksha Samiti, Rambagh Circle, Jaipur)
(Affiliated to Rajasthan Technical University, Kota & Approved By AICTE, New Delhi)
Sector-5, Shipra Path, Near Technology Park, Behind Metro Mass Hospital
Mansarovar, Jaipur - 302020, Ph: 0141-2786232
Website: www.subodhmba.org Email: jaipursubodh@gmail.com
MBA Admission Open
Direct & Management Quota Seats
College Code: 328 (RMAP-2025)
Eligibility: As per guidelines issued by RMAP-2025. Apply up to 12 Noon till 13.08.2025
BBA Admission Open
Direct & Management Quota Seats
College Code: 1780 (RTUBBAP-2025)
Eligibility: As per guidelines issued by RTUBBAP-2025. Apply up to 12 Noon till 14.08.2025
Full admission information available on our website: www.subodhmba.org
Pramod Darda, Convener
Prof. (Dr.) Raju Agrawal, Director

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25